www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

■ वर्ष 31 अंक 204 ■ जबलपुर बुधवार 14 जनवरी 2026 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00

# 'हर चोट और हर मौत के लिए भारी जुर्माना ठोकेंगे'



## आवारा कुत्तों के मामले में राज्य सरकारों को सुप्रीम कोर्ट की सख्त चेतावनी

नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के हमलों पर सख्त टिप्पणी की। अदालत ने कहा, बच्चों या बुजुर्गों को कुत्तों के काटने, चोट लगने या मौत के हर मामले में हम राज्य सरकारों से भारी मुआवजा दिलवाएंगे, क्योंकि उन्होंने पिछले 5 सालों में नियमों को लागू करने के लिए कुछ नहीं किया। कोर्ट ने कहा, आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वालों की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। अगर आपको इन जानवरों से इतना प्यार है, तो इन्हें अपने घर क्यों नहीं ले जाते। ये कुत्ते सड़कों पर क्यों घूमते रहें, लोगों को काटें और डराएं। उन्हें हम ऐसे ही नहीं छोड़ सकते। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा, कुत्तों में एक खास तरह का वायरस होता है, जिसका कोई इलाज नहीं है। अब तक चार दिन की सुनवाई में इमोशन सिर्फ कुत्तों के लिए ही दिख रही है। जब कुत्ते 9 साल के बच्चे पर हमला करते हैं तो उसका जिम्मेदार कौन होगा? क्या हम इसपर आंखें मूंद लें। इस मामले में अब अगली सुनवाई 20 जनवरी को दोपहर 2 बजे से होगी।

### अधिकारियों की निष्क्रियता से समस्या 1000 गुना बढ़ी

सुप्रीम कोर्ट में दो एनिमल ट्रस्ट का पक्ष रखते हुए एडवोकेट मेनका गुरुस्वामी ने कहा- यह एक इमोशनल मामला है। इस पर जस्टिस मेहता ने कहा- अब तक तो ऐसा लगता है कि इमोशन सिर्फ कुत्तों के लिए ही हैं। गुरुस्वामी ने कहा- ऐसा नहीं है। मैं इंसानों के बारे में भी उतनी ही चिंतित हूं। जस्टिस मेहता ने कहा शुक्र है! आप सभी हमें अधिकारियों से सवाल करने की इजाजत दें, ताकि हम प्रक्रिया शुरू कर सकें। सभी एक ही बात दोहरा रहे हैं। हमें आदेश पारित करने दें। हमें अधिकारियों से जवाब लेने में आधा दिन लग जाता है। उनकी निष्क्रियता के कारण समस्या 1000 गुना बढ़ गई है। यह एक अदालती कार्यवाही के बजाय एक सार्वजनिक मंच बन गया है।

### अब तक इंसानों के लिए इतनी लंबी बहस नहीं देखी

जस्टिस संदीप मेहता ने महिला वकील की दलील पर कहा- क्या आप सच में ऐसा कह रही हैं? एक वकील ने अभी-अभी हमें सड़कों पर रहने वाले अनाथ बच्चों के आंकड़े दिखाए। शायद कुछ वकील उन बच्चों को गोद लेने की पैरवी कर सकते हैं। जस्टिस मेहता ने कहा- 2011 में प्रमोशन के बाद से मैंने इतनी लंबी बहसें कभी नहीं सुनीं। और अब तक किसी ने भी इंसानों के लिए इतनी लंबी बहस नहीं की है।



## अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज

अहमदाबाद



गुजरात हाइकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गुजरात यूनिवर्सिटी डिग्री से जुड़े मानहानि मामले में आम आदमी पार्टी प्रमुख और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी। केजरीवाल ने इस मामले में पार्टी नेता संजय सिंह से अलग ट्रायल चलाने की मांग की, जिसे अदालत ने स्वीकार करने से इनकार कर दिया। जस्टिस एमआर मेंगदे ने मंगलवार को आदेश सुनाते हुए कहा कि यह याचिका खारिज की जाती है।

## जम्मू-कश्मीर में 5 सरकारी कर्मचारी बर्खास्त

श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के 5 सरकारी कर्मचारियों को आतंकी संगठनों के लिए काम करने के आरोप में नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। एलजी मनोज सिन्हा ने मंगलवार को ये कार्रवाई की। अधिकारियों के अनुसार ये सभी लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिद्दीन के लिए काम कर रहे थे। 2021 से अभी तक सरकार ने 85 कर्मचारियों पर इस तरह की कार्रवाई की है। निकाले गए कर्मचारियों में एक शिक्षक, एक लैब टेक्नीशियन, एक ड्राइवर, असिस्टेंट लाइनमैन और वन विभाग का एक फील्ड वर्कर शामिल है। पांचों को संविधान के अनुच्छेद 311 (2) (सी) के तहत नौकरी से निकाला गया।

## माघ मेला: सेक्टर 5 में भीषण आग, 2 टेंट खाक

प्रयागराज

माघ मेला के काली मार्ग सेक्टर पांच स्थित रामनाम एवं मानस प्रचार संघ के शिविर में मंगलवार की शाम अचानक आग लग गई। इससे श्रद्धालुओं में अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। आग लगने से दो टेंट राख हो गए। उसमें रखा एक लाख रुपये नकद समेत गृहस्थी का सारा सामान जल गया।

## बंगाल: दो नर्सों में निपाह वायरस के लक्षण

कोलकाता

पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस के दो संदिग्ध मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी के हवाले से प्राप्त जानकारी अनुसर उत्तर 24 परगना जिले के बारासात स्थित एक निजी अस्पताल में काम करने वाले दो नर्सों में निपाह वायरस के लक्षण पाए गए हैं। इनमें एक नर्स पुरुष और दूसरी महिला है। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों के सैंपल एम्स कल्याणी की वायरस रिसर्च एंड डायग्नोस्टिक लैब में जांच के लिए भेजे गए थे।

# शक्सगाम वैली पर चीनी क्लेम अवैध

## विदेश मंत्रालय के बाद भारतीय आर्मी चीफ का दो टूक जवाब



नई दिल्ली

शक्सगाम वैली को लेकर भारत ने चीन और पाकिस्तान को एक बार फिर साफ संदेश दिया है। विदेश मंत्रालय के बयान के बाद अब भारतीय थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भी दो टूक शब्दों में कहा है कि शक्सगाम वैली पर चीन-पाकिस्तान का कोई भी समझौता या गतिविधि भारत को स्वीकार नहीं है। जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारत 1963 में पाकिस्तान और चीन के बीच हुए समझौते को अवैध मानता है, जिसके तहत शक्सगाम वैली को चीन के हवाले किया गया था।

आर्मी चीफ ने स्पष्ट शब्दों में कहा, 'जहां तक शक्सगाम वैली का सवाल है, भारत 1963 में पाकिस्तान और चीन के बीच हुए समझौते को अवैध मानता है। इसलिए शक्सगाम वैली में किसी भी तरह की गतिविधि को हम मंजूरी नहीं देते।' उन्होंने ये भी रेखांकित किया कि इस मुद्दे पर भारत का आधिकारिक रुख पहले ही विदेश मंत्रालय साफ कर चुका है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। भविष्य में किसी भी तरह के आतंकी या सैन्य दुस्साहस के लिए हम पूरी तरह तैयार हैं। भारत पूरी ताकत से जवाब देगा। जनरल द्विवेदी ने बताया कि बॉर्डर के पास 8 आतंकी कैंप अभी भी सक्रिय हैं। अगर कोई हरकत होती है तो एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर, थलसेना, वायुसेना और नौसेना के तालमेल का बेहतरीन उदाहरण है। ऑपरेशन सिंदूर में 100 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। रविवार को बॉर्डर के पास ड्रोन देखे जाने के सवाल पर आर्मी चीफ बोले- वे बहुत छोटे ड्रोन हैं। ये लाइट जलाकर उड़ते हैं। बहुत अधिक ऊंचाई पर नहीं उड़ते और बहुत कम ही दिखाई दिए हैं। 10 जनवरी को लगभग 6 ड्रोन देखे गए, जबकि 11 और 12 जनवरी को 2 से 3 ड्रोन दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि हाल में देखे गए ड्रोन रक्षात्मक ड्रोन थे, जो यह देखने की कोशिश कर रहे थे कि कोई कार्रवाई तो नहीं हो रही है। वे जांचना चाहते हैं कि भारतीय सेना कहीं कोई कमी या ढिलाई तो नहीं कर रही, जिससे वे आतंकियों को भेज सकें। उन्होंने कहा इंटरनेशनल बॉर्डर और नियंत्रण रेखा के सामने 8 आतंकी कैंप हैं, जिसमें ट्रेनिंग जैसी गतिविधि चल रही है। सेना नजर बनाए हुए है, एक भी गलती पर तुरंत एक्शन लिया जाएगा। 7 मई को 22 मिनट की शुरुआती कार्रवाई और 10 मई तक 88 घंटे तक चले समन्वित अभियान ने रणनीतिक समीकरणों को बदल दिया। इस दौरान आतंकी ढांचों पर अटैक किए गए। 9 में से 7 लक्ष्यों को नष्ट किया गया। पाकिस्तान की पुरानी परमाणु धमकी की रणनीति को कमजोर किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर में सकारात्मक बदलाव दिख रहे हैं। विकास के काम तेज हुए हैं। पर्यटन लौट रहा है और अमरनाथ यात्रा शांतिपूर्ण रही। 2025 में 4 लाख से ज्यादा श्रद्धालु आए, जो पिछले पांच साल के औसत से ज्यादा हैं। आतंक से पर्यटन की ओर बढ़ने की प्रक्रिया अब धीरे-धीरे आकार ले रही है।

## चीन के दावे का जवाब दें मोदी: कांग्रेस



कांग्रेस ने कहा है कि चीन लगातार भारत की सीमाओं को अपना बताकर वहां ढांचागत बुनियादी सुविधा विकसित करने को सही बता रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इसका करारा जवाब देना चाहिए। कांग्रेस ने मंगलवार को चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के डेलिगेशन की भाजपा नेताओं से मुलाकात और चीन के जम्मू-कश्मीर की शक्सगाम घाटी इलाके को अपना बताने पर सवाल उठाए। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने सीपीसी-बीजेपी बैठक की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा- बीजेपी दफ्तर में बीजेपी नेता और सीपीसी नेताओं के बीच मीटिंग हो रही है। बीजेपी-चीन में कौन सा गुप्त समझौता हुआ? यह रिश्ता क्या कहलाता है? सीपीसी ने देशद्रोह क्यों किया? इसके अलावा कांग्रेस के एक्स अकाउंट पर चीन के विदेश मंत्रालय का वीडियो पोस्ट किया गया। इसमें मंत्रालय प्रवक्ता माओ निंग कहती हैं- शक्सगाम घाटी चीन का इलाका है, यहां बुनियादी ढांचा बनाना गलत नहीं। कांग्रेस ने पूछा है कि मोदी सरकार की विदेश नीति वेंटिलेटर पर पड़ी है। अब चीन ने जम्मू-कश्मीर की शक्सगाम घाटी को अपना बताया है। मोदी जी लाल आंख का क्या हुआ?

# भ्रष्टाचार कानून पर बंट गए सुप्रीम कोर्ट के जज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को भ्रष्टाचार के मामलों में सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ जांच से पहले परमिशन लेने की अनिवार्यता पर सुनवाई हुई। जस्टिस नागरत्ना और जस्टिस विश्वनाथन की बेंच ने इस पर स्प्लिट वर्डिक्ट (बंटा हुआ फैसला) सुनाया। मामला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए की संवैधानिक वैधता से जुड़ा है। इसमें किसी भी सरकारी कर्मचारी के खिलाफ जांच करने से पहले सरकार की परमिशन लेना जरूरी है। इसी को लेकर विवाद है। सुनवाई में जस्टिस नागरत्ना ने कहा- धारा 17ए असंवैधानिक है। किसी भी जांच के लिए पहले परमिशन लेना जरूरी नहीं। वहीं, जस्टिस विश्वानाथन ने कहा- धारा 17ए संवैधानिक रूप से वैध है। इस प्रावधान को खत्म करने मतलब 'नहाने के पानी के साथ बच्चे को फेंकने' जैसा होगा। जस्टिस विश्वनाथन ने यह भी कहा कि उन्होंने कहा कि इस प्रावधान को खत्म करनाऔर इसका इलाज बीमारी से भी ज्यादा नुकसानदेह साबित होगा। बशर्ते जांच की मंजूरी लोकपाल या राज्य लोकायुक्त के जरिए तय की जाए। जस्टिस नागरत्ना और जस्टिस विश्वनाथन की अलग-अलग राय के चलते अब मामला सीजेआई सूर्यकांत के पास भेजा गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि चीफ जस्टिस इस मुद्दे पर सुनवाई के लिए बड़ी बेंच गठित करेंगे, जो अंतिम फैसला देगी। यह जनहित याचिका एनजीओ सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन ने दायर की है। जिस पर कोर्ट ने आज सुनवाई की।

**जस्टिस नागरत्ना बोलीं- धारा 17ए असंवैधानिक, जस्टिस विश्वनाथन बोले- प्रावधान खत्म करना नहाने के पानी के साथ बच्चा फेंकने जैसा**

# लोगों की आवाज दबाई जा रही इससे लोकतंत्र को खतरा: राहुल

## कहा- देश के लोकतांत्रिक ढांचे पर लगातार हो रहा हमला

**नीलगिरी।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि देश के लोकतांत्रिक ढांचे पर लगातार हमला हो रहा है और लोगों की आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग जैसे संवैधानिक संस्थानों को निशाना बनाया जा रहा है। तमिलनाडु के नीलगिरी में एक स्कूल के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे राहुल गांधी ने छात्रों से बातचीत के दौरान यह बातें कहीं। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा कि जो लोग मौजूदा विचारधारा से सहमत नहीं हैं, उन्हें धमकाया जा रहा है।



राहुल गांधी ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और लोकतंत्र का मतलब है कि हर नागरिक की आवाज सुनी जाए। अगर लोगों की आवाज दबाई जाएगी, तो लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा। इससे पहले राहुल ने एक्स पर पोस्ट कर सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अभिनेता विजय थलपति की फिल्म 'जना नायकन' की रिलीज पर रोक लगाने की आलोचना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा महंगी नहीं होनी चाहिए। निजी संस्थानों के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण सरकारी शिक्षा भी जरूरी है, जिसके लिए शिक्षा बजट बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा अरावली पहाड़ियों के मुद्दे पर मैं सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर टिप्पणी नहीं कर सकता। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर विकास नहीं किया जा सकता।

# राज्यसभा की सीट खाली कर रहा हूं: दिग्विजय

## पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा तीसरी बार नहीं जाऊंगा उच्च सदन



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के सीनियर लीडर दिग्विजय सिंह का राज्यसभा का कार्यकाल तीन महीने बाद 9 अप्रैल को खत्म हो रहा है। वे दूसरी बार के राज्यसभा सांसद हैं। अब तीसरी बार राज्यसभा नहीं जाएंगे। दिग्विजय सिंह ने खुद इस बात पर मुहर लगाई है। सूत्रों की मानें तो दिग्विजय सिंह ने पार्टी नेतृत्व को भी इस बात से अवगत करा दिया है। अब राज्यसभा के लिए पांच वरिष्ठ नेता रेस में बताए जा रहे हैं। प्रदेश में 2028 में विधानसभा के चुनाव होने हैं। सूत्र बताते हैं कि दिग्विजय ने पार्टी आलाकमान से कहा है कि वे मप्र में ही पूरा टाइम देना चाहते हैं। इस साल मई से अगले ढाई साल यानी कि विधानसभा चुनाव तक अलग-अलग चरणों में मप्र के दौरे करके कांग्रेस की जमीन तैयार करेंगे। सूत्रों की मानें तो दिग्विजय बड़ी सभाओं और भीड़ वाले कार्यक्रमों के बजाय छोटी बैठकें विधानसभा और ब्लॉक स्तर पर करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, दिग्विजय ने अपनी रणनीति को लेकर पत्ते नहीं खोले हैं। वहीं, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने दिग्विजय को पत्र लिखकर राज्यसभा में अनुसूचित जाति वर्ग से प्रतिनिधित्व की मांग उठाई है।

# ब्लिंकिट ने हटाया 10 मिनट में डिलीवरी

**नई दिल्ली।** ब्लिंकिट जैसी क्विक कॉमर्स कंपनियों ने अब 10 मिनट में डिलीवरी का दावा हटा दिया है। यह बदलाव डिलीवरी बॉयज की हड़ताल और सरकार की दखल के बाद आया है। सरकार के साथ हुई बैठक में ब्लिंकिट के अलावा स्विगी और जेप्टो ने भी भरोसा दिया है कि वे अब ग्राहकों से समय सीमा का वादा करने वाले विज्ञापन नहीं करेंगे। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने हाल ही में इन कंपनियों के टॉप अधिकारियों के साथ अहम बैठक की। इसमें तीन महत्वपूर्ण फैसले लिए गए जिसमें श्रम मंत्री ने बैठक में स्पष्ट किया कि कंपनियों का बिजनेस मॉडल वर्कर्स की जान जोखिम में डालकर नहीं चलना चाहिए। 10 मिनट जैसी समय सीमा न केवल राइडर्स के लिए खतरनाक है, बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों के लिए भी जोखिम पैदा करती है। सरकार अब गिग वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा और बेहतर कार्य स्थितियों पर एक व्यापक पॉलिसी बनाने की तैयारी में है। ये कंपनियां अब अपनी मार्केटिंग स्ट्रैटजी में बदलाव करेंगी। अब तक 10 मिनट इन कंपनियों का सबसे बड़ा यूएसपी हुआ करता था।

**हड़ताल और सरकार के दखल के बाद फैसला, जेप्टो, स्विगी भी टाइम लिमिट हटाएंगे**

# मऊगंज में फर्जी गवाही का खेल!

## थाना प्रभारी ने 145 मामलों में बनाए चुनिंदा 8 गवाह, हुए निलंबित

रीवा/मऊगंज (स्वतंत्र मत)

मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में पुलिस की फर्जी गवाही दिलाने के बाद अब मऊगंज जिले में भी इसी तरह का मामला आया है। यहां अलग-अलग पदस्थापना के दौरान थाना प्रभारी जगदीश सिंह ठाकुर पर फर्जी गवाही दिलाने के आरोप लगे हैं। उन्होंने 145 मामलों में चुनिंदा आठ लोगों को गवाह बनाया है। जांच के बाद छह मामलों में फर्जी गवाह तैयार करने के आरोप की पुष्टि के बाद उन्हें निलंबित किया जा चुका है। मऊगंज के एसपी दिलीप सोनी ने बताया कि उप निरीक्षक जगदीश सिंह ठाकुर ने शाहपुर, देवतालाब व नईगढ़ी में आबकारी एक्ट व एनडीपीएस एक्ट के मामलों में आठ चुनिंदा लोगों को ही गवाह बनाया। इनमें उनका चालक, रसोइया, थाने के सफाई कर्मी सहित अन्य लोग शामिल हैं। जगदीश ठाकुर के विरुद्ध जांच प्रस्तावित की गई है। इस मामले की शिकायत समाजसेवी कुंज बिहारी तिवारी ने रीवा




आईजी से की थी। उनका कहना है कि जगदीश सिंह ठाकुर लगातार अपने पद का दुरुपयोग करते हुए कुछ चुनिंदा लोगों को ही एफआईआर में गवाह बना रहे हैं। उन्होंने एसपी को 145 अपराध संख्या के साथ सूची भी दी है। करीब 90 प्रतिशत मामले आबकारी एक्ट से संबंधित हैं।

### मजबूरी भी है गवाह बनना

सेवानिवृत्त डीएसपी डीपी सिंह ने बताया कि इस तरह के मामले केवल आबकारी एक्ट में देखने को मिलते हैं। इसके पीछे कारण यह है कि जब किसी गांव में अवैध शराब बिक्री पकड़ी जाती है तो ग्रामीण गवाही देने से इन्कार कर देते हैं। ऐसे में पुलिस के सामने सबसे बड़ी समस्या गवाह तलाशने की होती है। लिहाजा पुलिस अपने से जुड़े लोगों का नाम गवाही में दे देती है।

### 80 मामलों में बने थे दो गवाह

अनूपपुर जिले में 23 सितंबर 2023 को रामनगर थाना में शिकायत हुई थी कि जिनेंद्र गुप्ता और रवि साहू ने 80 मामलों में गवाही दी थी। ये दोनों ग्राम रक्षा समिति के सदस्य भी थे। हैरत की बात यह है कि रवि और जिनेंद्र एक ही समय में आठ किलोमीटर दूर दो अपराध स्थलों पर एक साथ गवाह बने थे।

# ठेकेदार बचाओ, शिकायत दबाओ? डिंडौरी में सड़क निर्माण को लेकर पीडब्ल्यूडी अफसरों पर गंभीर आरोप

## सीसी सड़क बनी धूल का ढेर, सीएम हेल्पलाइन में झूठा प्रतिवेदन, शिकायतें बिना जांच फोर्स क्लोज







डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

लोक निर्माण विभाग द्वारा धनुवासागर मुख्य मार्ग से सीएम राइज स्कूल तक कराए गए सीसी सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जनपद पंचायत डिंडौरी क्षेत्र क्रमांक 17 के जनपद सदस्य संतोष सिंह चंदेल ने जनसुनवाई में कलेक्टर को लिखित शिकायत सौंपते हुए सड़क निर्माण में भारी अनियमितताओं, सीएम हेल्पलाइन में झूठा प्रतिवेदन देने तथा शिकायतों को बिना जांच बंद किए जाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। जनपद सदस्य ने बताया कि निर्माण के कुछ ही समय बाद सड़क की गिट्टी उखड़कर धूल में बदल रही है, सीसी सड़क के दोनों ओर मिट्टी-मुरूम का साइड सोल्डर कार्य नहीं किया गया, जो तकनीकी मानकों की खुली अवहेलना है। यह मार्ग स्कूल जाने वाले बच्चों और किसानों के लिए दैनिक आवागमन का प्रमुख रास्ता है, जिससे खराब सड़क के कारण छात्र छात्राओं को परेशानी हो रही है और दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है।

**बिना स्थल निरीक्षण के शिकायत बंद करने का आरोप**- घटिया निर्माण को लेकर जनपद सदस्य द्वारा सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन आरोप है कि लोक निर्माण विभाग ने बिना स्थल निरीक्षण, बिना संपर्क और बिना वास्तविक जांच के शिकायत को फोर्स क्लोज कर दिया। जनपद सदस्य ने इसे मुख्यमंत्री की जनहितकारी योजना को बदनाम करने वाला कृत्य बताया।

**एसडीओ पर फोन काटने व दुर्व्यवहार के आरोप** - शिकायत बंद होने के बाद जब जनपद सदस्य ने संबंधित एसडीओ से संपर्क किया, तो उन्होंने बात सुने बिना फोन काट दिया और इसके बाद किसी भी प्रकार का संवाद नहीं किया। जनपद सदस्य का कहना है कि यह रवैया एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र की जनता के प्रति अत्यंत अपमानजनक है।

### अधिकारी ठेकेदार के पक्ष में खड़े?

इस मामले में कार्यपालन यंत्री एम.एस. धुर्वे ने सड़क की गुणवत्ता को सही बताते हुए कहा कि सड़क परफॉर्मेंस गारंटी में है और खराब होने पर मरम्मत कराई जाएगी। जनपद सदस्य ने इसे ठेकेदार के पक्ष में लिया गया बयान बताते हुए कहा कि अधिकारी शासन की मंशा के विपरीत कार्य कर रहे हैं।

### कलेक्टर से की स्वतंत्र जांच व कार्रवाई की मांग

जनपद सदस्य संतोष सिंह चंदेल ने कलेक्टर महोदया से मांग की है कि सड़क निर्माण की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तकनीकी जांच कराई जाए, सीएम हेल्पलाइन में झूठा प्रतिवेदन देने वाले अधिकारियों पर कठोर विभागीय कार्रवाई हो, संबंधित एसडीओ के दुर्व्यवहार की जांच कर दंडात्मक कार्रवाई की जाए तथा सड़क को मानक अनुसार सुधार या पुनर्निर्माण कराया जाए। यह मामला अब केवल सड़क निर्माण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि शासन की योजनाओं की विश्वसनीयता और प्रशासनिक जवाबदेही से भी जुड़ गया है।

# किसानों को राहत दिलाने विधायक ओंकार सिंह मरकाम ने शासन से की हस्तक्षेप की अपील

## डिंडौरी में धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाने की मांग तेज

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)



जिले में धान खरीदी की निर्धारित समय-सीमा के बीच उत्पन्न अव्यवस्थाओं से जूझ रहे किसानों के लिए राहत की आवाज बुलंद करते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री ओंकार सिंह मरकाम ने शासन का ध्यान आकृष्ट किया है। उन्होंने खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, मध्यप्रदेश शासन के प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर डिंडौरी जिले में धान खरीदी की अंतिम तिथि बढ़ाने की जोरदार मांग की है। विधायक मरकाम ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि शासन द्वारा प्रदेशभर में धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है, लेकिन डिंडौरी जिले की वास्तविक स्थिति इससे बिल्कुल भिन्न है। जिले में 9 जनवरी 2026 से अधिकांश उपार्जन केंद्रों पर टोकन वितरण और खरीदी की प्रक्रिया लगभग ठप पड़ी हुई है, जिससे हजारों किसान अब तक अपना धान नहीं बेच पाए हैं। उन्होंने बताया कि कई खरीदी केंद्रों पर स्लॉट बुकिंग अचानक बंद, परिवहन व्यवस्था में भारी अव्यवस्था, ट्रकों की कमी और प्रशासनिक समन्वय के अभाव के चलते किसान दिन-रात परेशान हो रहे हैं। कई किसानों को बार-बार केंद्रों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं, वहीं धान खुले में पड़े रहने से उसके खराब होने का भी खतरा बढ़ गया है। विधायक मरकाम ने चेताया कि यदि मौजूदा परिस्थितियों में समय-सीमा समाप्त हो गई, तो बड़ी संख्या में किसान समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित रह जाएंगे, जिससे उन्हें गंभीर आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा। उन्होंने शासन से आग्रह किया है कि डिंडौरी जिले के लिए धान खरीदी की समय-सीमा कम से कम 3 से 4 दिन बढ़ाई जाए, ताकि सभी पात्र किसानों का धान खरीदा जा सके। इस मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए विधायक ओंकार सिंह मरकाम ने राजधानी भोपाल में संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर व्यक्तिगत रूप से पत्र सौंपा और जिले की जमीनी हकीकत से अवगत कराया। उन्होंने स्पष्ट किया कि डिंडौरी एक आदिवासी बहुल, दूरस्थ एवं भौगोलिक रूप से कठिन जिला है, जहां तकनीकी, नेटवर्क और परिवहन संबंधी समस्याएं आम हैं। ऐसे में समय-सीमा में लचीलापन दिखाना किसानों के हित में बेहद जरूरी है। विधायक मरकाम ने कहा कि यदि समय रहते शासन द्वारा निर्णय नहीं लिया गया, तो किसानों में गहरा असंतोष और आक्रोश फैल सकता है। उन्होंने शासन से अपेक्षा की है कि वह संवेदनशीलता दिखाते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय ले, ताकि जिले के अन्नदाता राहत की सांस ले सकें। धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाने की यह मांग अब जिलेभर के किसानों की उम्मीद बन चुकी है, और सभी की निगाहें शासन के आगामी फैसले पर टिकी हुई हैं।

# कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** कमिश्नर सुरभि गुप्ता ने संभाग के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और उनके निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।



जनसुनवाई में उमरिया जिले के मानपुर से आए वीरेंद्र कुमार द्विवेदी ने वेतन भुगतान कराने, जिले के ग्राम बुडवा निवासी युवराज सिंह बैंस ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुडवा में अतिथि शिक्षक के पद पर नियुक्ति करने, ग्राम छतैनी निवासी सुनीता ने शासकीय प्राथमिक विद्यालय में मध्यान्ह भोजन बनाने का कार्य दिलाने, ब्यौहारी वार्ड नम्बर 7 निवासी पिंकू चौधरी ने पीएम आवास योजना की राशि दिलाने, ग्राम भर्री निवासी धरमदीन बैगा ने ग्राम भर्री में नवीन ऑगनवाड़ी भवन बनवाने, ग्राम नगपुरा निवासी अशोक कुमार गुप्ता ने खाद्यान्न दिलाने हेतु आवेदन जनसुनवाई में दिए। कमिश्नर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अन्य अवेदकों ने भी अपनी शिकायतें एवं समस्याओं संबंधी आवेदन कमिश्नर को दिए। जनसुनवाई में संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, उपायुक्त राजस्व मिनिषा पाण्डेय सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर रिलायंस फाउंडेशन द्वारा कार्यक्रम का किया गया आयोजन

बुढार (स्वतंत्रमत)

रिलायंस सी.बी.एम. परियोजना की सी.एस.आर. पहल के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन रिलायंस फाउंडेशन रिसोर्स सेंटर में उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में परियोजना ग्रामों, कोचिंग केंद्रों तथा रिलायंस प्रमाणित सुरक्षा सहयोगियों के प्रशिक्षणार्थियों सहित 250 से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि इसकी योजना से लेकर क्रियान्वयन तक पूरी जिम्मेदारी स्वयं युवाओं द्वारा निभाई गई, जिससे उनके नेतृत्व कौशल, आत्मविश्वास और स्वामित्व की भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम में साइट हेड राजेश वर्मा, साइट सी.एस.आर. हेड राजीव श्रीवास्तव, एच.आर. लीड अभिषेक मिश्रा, सुरक्षा अधिकारी आर. के. सिंह, संतोष कुमार (सी.एस.आर. हेड, जेएसडब्ल्यू सीमेंट), शैलेन्द्र सिंह (सी.एस.आर. हेड, बिरला सीमेंट), प्रशांत शर्मा (प्रदान) एवं सुनील त्रिपाठी (ए.एस.ए.) की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पूजन के साथ हुआ, जिसके पश्चात सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। अतिथियों का पारंपरिक स्वागत कोचिंग केंद्र के युवाओं द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत युवाओं द्वारा मोबाइल एवं डिजिटल उपकरणों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों पर आधारित नाटक प्रस्तुति, साथ ही कविता, गीत,




नृत्य एवं प्रेरक भाषण प्रस्तुत किये गये। इन प्रस्तुतियों में युवाओं की रचनात्मकता, सामाजिक जागरूकता और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से झलकता रहा। इस अवसर पर जर्मनी में आयोजित फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले फुटबॉल कोच एवं पाँच फुटबॉल खिलाड़ियों को साइट हेड द्वारा स्मृति चिन्ह एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही रिलायंस फाउंडेशन कोचिंग के मेंटर कपिल एवं आकाश को विगत वर्षों में छात्रों को सरकारी एवं निजी क्षेत्र में रोजगार दिलाने में उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया। सीताराम साहिस फुटबॉल कोच, रिलायंस फाउंडेशन फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र को भी खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये सम्मानित किया गया। साइट हेड राजेश वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि कोचिंग कार्यक्रमों से जुड़े युवाओं में सोच, दृष्टिकोण, शिक्षा एवं व्यक्तित्व में आये सकारात्मक परिवर्तन स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहे हैं, और यह कार्यक्रम स्वयं उन परिवर्तनों का सशक्त उदाहरण है। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को रिलायंस सी.बी.एम. परियोजना द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. समीम, अश्वनी शर्मा, कपिल कांत शर्मा, आकाश सराफ, सुजीत सिंह, धर्मदत्त, सी.एस.आर. टीम एवं स्थानीय कैडर्स की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सीईओ जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर ने दूर दराज के क्षेत्रों से आए लोगो की सुनी समस्याएं

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति एवं अपर कलेक्टर सरोधन सिंह ने जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में धनपुरी वार्ड नम्बर 2 निवासी पुनिया बाई वर्मन ने शासकीय प्राथमिक विद्यालय धनपुरी में मध्यान्ह भोजन में सहायिका रखने हेतु, ग्राम जोधपुर निवासी अमित रजक ने मुख्यमंत्री स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ दिलाने, ग्राम भमरहा निवासी उत्तम सिंह सेंगर



ने अधिग्रहित भूमि का मुआवजा दिलाने, ग्राम हर्रा टोला निवासी रामजी मिश्रा एवं ग्राम ढेढुआ निवासी बालकरण यादव ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने, ग्राम करूआ निवासी कल्याण बैगा ने पीएम जनमन आवास योजना की राशि दिलाने संबंधी आवेदन जनसुनवाई में दिए। सीईओ जिला पंचायत ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में प्राप्त अन्य आवेदनों को भी सीईओ जिला पंचायत ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर प्रेषित कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमृता गर्ग, डिप्ट कलेक्टर एंटोनिया एक्का सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती पर स्वदेशी रेस का आयोजन

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के कृषि विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती के पावन अवसर पर एक विशेष विभागीय कार्यक्रम के अंतर्गत स्वदेशी रेस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल सचिव प्रो अशीष तिवारी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर प्रमोद कुमार पांडे तथा डॉ. रचना दुबे की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन आत्मविश्वास, राष्ट्रप्रेम, कर्मठता और आत्मनिर्भरता का जीवंत उदाहरण है।



स्वामी विवेकानंद का यह संदेशकृ उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत आज भी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बना हुआ है। उनका मानना था कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसके युवाओं की शक्ति, चरित्र और आत्मनिर्भरता पर निर्भर करती है। इन्हीं आदर्शों को आत्मसात करते हुए कृषि विभाग द्वारा आयोजित स्वदेशी रेस का उद्देश्य केवल शारीरिक क्षमता का विकास नहीं, बल्कि स्वदेशी अपनाओ और आत्मनिर्भर बनो जैसे राष्ट्रीय मूल्यों को व्यवहार में उतारना रहा। आयोजन में प्रयुक्त साधन, प्रतिभागियों का पहनावा तथा संपूर्ण अवधारणा स्वदेशी भावना पर आधारित रही। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं शिक्षकों ने कहा कि यह स्वदेशी रेस केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक वैचारिक आंदोलन है।

# विकास के नाम पर धूल का कहर, राहगीर और दुकानदार बेहाल

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** नगर के व्यस्ततम मुख्य मार्ग पर इन दिनों चल रहे निर्माण कार्य ने आमजन की परेशानी बढ़ा दी है। निर्माण एजेंसी द्वारा पक्की सड़क पर मिट्टी और मलबा फैला दिए जाने से वाहनों के गुजरते ही



धूल के घने गुबार उड़ रहे हैं। हालात यह हैं कि सड़क से गुजरना लोगों के लिए मुश्किल हो गया है और आसपास के क्षेत्र में रहने व व्यापार करने वाले लोग गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। धूल के कारण राहगीरों, विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों को सांस लेने में दिक्कत, आंखों में जलन और खांसी जैसी स्वास्थ्य समस्याएं हो रही हैं। स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि दिनभर उड़ती धूल से वातावरण दूषित हो गया है, जिससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। वहीं सड़क किनारे स्थित दुकानदारों ने भी अपनी पीड़ा जाहिर की है। दुकानदारों का कहना है कि धूल से दुकान का सामान खराब हो रहा है, खाद्य सामग्री और कपड़ों पर धूल जम रही है। ग्राहक भी धूल और अव्यवस्था के कारण दुकानों तक आने से कतराने लगे हैं, जिससे व्यापार में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। कई दुकानदारों ने बताया कि उन्हें दिन में कई बार दुकान साफ करनी पड़ रही है, फिर भी राहत नहीं मिल पा रही। स्थानीय लोगों ने निर्माण एजेंसी और ठेकेदार पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि न तो सड़क पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जा रहा है और न ही निर्माण स्थल की उचित घेराबंदी की गई है। निर्माण सामग्री खुले में पड़ी होने से समस्या और गंभीर हो गई है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य के दौरान धूल नियंत्रण के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाएं। ठेकेदार को पानी का नियमित छिड़काव कराने, निर्माण क्षेत्र को सुरक्षित तरीके से घेरने और सड़क को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए जाएं। साथ ही निर्माण कार्य को तय समय-सीमा में पूरा कराया जाए, ताकि जनता को जल्द राहत मिल सके।

# जनसुनवाई में भूमि मुआवजा, अधूरी सड़क और बिजली कनेक्शन से जुड़े 72 आवेदन दर्ज, कलेक्टर ने दिखाई संवेदनशीलता

## बांसुरी की तान बनी फरियाद, कलेक्टर ने लिया त्वरित संज्ञान

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में आम नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं तथा कई आवेदनों का मौके पर ही समाधान कराया गया। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए नागरिकों द्वारा समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित कुल 72 आवेदन प्रस्तुत किए गए। जिन मामलों का तत्काल निराकरण संभव नहीं हो सका, उनमें आवेदकों को समय-सीमा निर्धारित कर आवश्यक आश्वासन प्रदान किया गया। जन सुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत, एसडीएम डिंडौरी, डिप्टी कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, कार्यपालन यंत्री आरईएस, सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी जनसुनवाई में उपस्थित रहे। विकासखंड करंजिया अंतर्गत ग्राम पंचायत झनकी वनग्राम पांडपुर के निवासी मोहन सिंह बैगा उपस्थित हुए। उन्होंने अपने आवेदन में किसान सम्मान निधि की राशि एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की चौथी किस्त दिलाए जाने की मांग रखी। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने मोहन सिंह बैगा से उनके पारिवारिक एवं आवास संबंधी स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर ने किसान सम्मान निधि से संबंधित प्रकरण के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारी को






निर्देश दिए। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चौथी किस्त के भुगतान के लिए सीईओ जिला पंचायत को निर्देशित किया। कलेक्टर के निर्देश पर सीईओ जिला पंचायत ने त्वरित कार्यवाही करते हुए जनपद सीईओ करंजिया एवं एसडीओ आरईएस को हितग्राही को चौथी किस्त का भुगतान सुनिश्चित करते हुए एक सप्ताह के भीतर आवास निर्माण पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने मोहन सिंह बैगा से संपर्क हेतु मोबाइल नंबर चाहा, परंतु मोबाइल में रिचार्ज न होने के कारण वे नंबर बताने में असमर्थ रहे। इस पर कलेक्टर ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल मोबाइल रिचार्ज करवाया। साथ ही ठंड को देखते हुए उन्हें कंबल एवं स्वेटर प्रदान किए और आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे सीधे मोबाइल पर संपर्क कर सकते हैं। मोहन सिंह बैगा ने जनसुनवाई में समस्या बताते समय अपनी हुनर का भी प्रदर्शन कर बांसुरी बजाकर सुनाया जनसुनवाई में बैठे अधिकारी कर्मचारी मंत्रमुग्ध हो गए। आवेदक श्री जिया लाल धुर्वे ने आवेदन प्रस्तुत कर खरमेर मध्यम परियोजना अण्डई डुंगरिया में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा राशि दिलाए जाने की मांग की है जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम डिंडौरी को शिकायत का निराकरण करने के लिए निर्देशित किया है। इसी के साथ ग्राम चटुआ से बिछिया तक पहुंच मार्ग ग्रेवल रोड अधूरे होने से ग्रामवासियों को समस्या का सामना करना पड रहा है उक्त ग्रेवल रोड को जल्द से जल्द पूर्ण कराने की मांग किए हैं जिस पर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने सीइओ जनपद पंचायत डिंडौरी को शिकायत का निराकरण करने के लिए निर्देशित किया है। ग्राम घानामार निवासी आवेदक राजकुमार बैगा ने जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत कर स्वयं के घर में विद्युत कनेक्शन लगाए जाने की मांग की है जिस पर विद्युत विभाग को समस्या का समाधान करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार आवेदक श्री दयाशंकर बछलहा निवासी वार्ड नं. 7 एम.पी.ई.बी. के पीछे रहली मोहल्ला निवासी ने आवेदन प्रस्तुत कर विद्युल लाइन शिफ्ट कराने की मांग की है उन्होंने आवेदन में उल्लेख किया है कि मकान के ऊपर मेन लाइन तार निकला है जिससे समस्याएं आती रहती है जिसे लाइन शिफ्ट कराने की मांग की है जिस पर कलेक्टर ने विद्युत अधिकारी को समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदनों पर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने परीक्षण कर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। नागरिकों ने उम्मीद जताई कि समस्याओं का शीघ्र समाधान कर उन्हें राहत प्रदान की जाएगी।

# स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर हितकारिणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में हुए विविध आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर हितकारिणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी, जबलपुर में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन संस्थान के चेयरमैन एचएस ओबेरॉय के मार्गदर्शन में अत्यंत उत्साह, अनुशासन एवं प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन विकसित भारत अभियान की भावना को केंद्र में रखते हुए युवाओं के शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: सूर्य नमस्कार एवं योगाभ्यास के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों, प्राध्यापकों तथा कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता की। योग सत्र के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली, आत्मसंयम एवं मानसिक संतुलन के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात युवाओं में ऊर्जा, साहस एवं खेल भावना को प्रोत्साहित करने हेतु भुजा कुश्ती एवं रस्सी कूद जैसी खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं में पूरे उत्साह एवं आत्मविश्वास के साथ भाग लेकर अपनी शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया।

### विद्यार्थियों ने लिया संकल्प

पर्यावरण संरक्षण के संदेश को सुदृढ़ करने हेतु पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। साथ ही युवा शपथ कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने राष्ट्र निर्माण, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं विकसित भारत के लक्ष्य में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं की ऊर्जा, सामर्थ्य एवं रचनात्मक प्रतिभा को सम्मानित करने हेतु विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। सर्वाधिक ऊर्जावान युवा पुरस्कार ऋ चा कनोजिया को प्रदान किया गया। सर्वाधिक शक्तिशाली युवा पुरस्कार मयंक धुर्वे को प्रदान किया गया, जबकि सर्वाधिक रचनात्मक युवा पुरस्कार निदा को प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण से विद्यार्थियों में उत्साह, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना का संचार हुआ।

### सेवा भावना को अभिन्न अंग बनाने किया आह्वान

समापन अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कविता शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि शारीरिक सुदृढ़ता, मानसिक दृढ़ता, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों से युक्त युवा ही राष्ट्र को सशक्त एवं समृद्ध बना सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से योग, पर्यावरण संरक्षण, सेवा भावना एवं राष्ट्रहित को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का सफल समन्वय सह-प्राध्यापक ज्ञानेंद्र साकेत एवं सहायक प्राध्यापक श्रीष तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए न केवल प्रेरणादायी रहा, बल्कि उन्हें एक जागरूक, सक्षम एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करता हुआ सिद्ध हुआ।



# माँ नर्मदा की पंचकोशी यात्रा केवल शारीरिक यात्रा नहीं बल्कि स्वयं की खोज: डॉ पुष्पराज पटेल

## नर्मदे हर के उद्घोष के साथ भव्यता से निकाली गई मां नर्मदा की पंचकोशी यात्रा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

एमपीईबी मॉर्निंग वॉकर्स का हरे कृष्णा आश्रम से माँ नर्मदा मैया की पंचकोशी यात्रा का शुभारंभ हुआ। शहर के प्रतिष्ठित हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ पुष्पराज पटेल के नेतृत्व में पंच कोशी यात्रा का यह दूसरा वर्ष रहा, जिसमे बड़ी संख्या मे माँ नर्मदा जी के भक्त शामिल हुए। इस अवसरपर डॉ पुष्पराज पटेल ने बताया कि माँ नर्मदा मैया की यह यात्रा केवल एक शारीरिक यात्रा नहीं, बल्कि स्वयं की खोज, प्रकृति से जुड़ाव और आध्यात्मिक अनुभव की यात्रा है। जहाँ व्यक्ति धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष (चतुर्विध पुरुषार्थ) प्राप्त करने की कोशिश करता है। शास्त्र में भी ऐसा ही कहा गया है।

त्रिभी: सास्वतं तोयं सप्ताहेन तुयामुनम्...सद्य: पुनीति गांगेयं दर्शनादेव नार्मदम्...अर्थात माँ सरस्वती में तीन दिन, यमुना में सात दिन और गंगा मैया में एक दिन स्नान करने से जो पुण्य मिलता है, वह माँ नर्मदा मैया के दर्शन मात्र से प्राप्त हो जाता है। यात्रा में डॉ.के.के.वर्मा, डॉ. अनुपम श्रीवास्तव, डॉ. गुलाब तिवारी, राजेश गुप्ता, अंशुल ब्यौहार, रोहित यादव, सचिन उपाध्याय, सैयद सुजाता हुसैन, अनुराग साहू, आलोक आसाठी, प्रदीप जैन, हेमंत बड़गैया आदि श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर यात्रा का पुण्य लाभ लिया।

## बीएमडी स्कूल में सूर्य नमस्कार, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया पर्यावरण बचाने का संदेश



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद की जयंती पर बाबू मनमोहन दास हितकारिणी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं बाबू मनमोहन दास हितकारिणी चिल्ड्रन एकेडमी दीक्षितपुरा में 11 बार सूर्य नमस्कार कराया गया । साथ ही भारत स्काउट एवं गाइड्स एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में संचालित प्रोजेक्ट क्लैप के अनुसार आसपास के क्षेत्र में रैली भ्रमण के साथ नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया। जिसका शीर्षक था पेड़ों को लगाओ अपनी धरती को बचाओ। उद्देश्य आयोजन का उद्देश्य स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरूक करना एवं सामान्य जनों को स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरूक एवं पर्यावरण के प्रति सचेत एवं जागरूक करना था। प्रभाव आसपास के सामान्य जन इससे काफी प्रभावित हुए और उन्होंने इसकी सराहना करते हुए आसपास के क्षेत्र को साफ रखने एवं स्वस्थ जीवन शैली में योग को महत्व देने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचाय माधुरी शुक्ला एवं प्रधानाध्यापिका नमिता सोनी, गाइड कैप्टन एवं क्लैप लीडर शुभांगी तिवारी का सहयोग रहा।

## फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**जबलपुर** । कटंगी थाने में वार्ड नम्बर 9 भदभदा में एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाये जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस को अड्डी पटेल उम्र 50 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 9 भदभदा ने बताया कि वह मजदूरी करता है । बीती रात उसका बेटा अजय पटेल मजदूरी कर घर आया और खाना खाकर घूमने चला गया जो देर रात तक घर वापस नही आया। वह एवं उसके परिवार के सदस्य अजय की तलाश करने निकले उसे पता चला कि अजय भदभदा पहाड़ी तरफ गया है, सभी भदभदा पहाड़ी तरफ अजय की तलाश करने गये देखा अजय पटेल पेड़ से रस्सी बांधकर फांसी लगाकर लटका था।

# जनता की समस्या पुलिस का समाधान

## जन सुनवाई में पहुंचे 55 फरियादी, एसपी ने दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

आम जनता की शिकायतों एवं समस्याओ के त्वरित निराकरण मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) द्वारा जन सुनवाई की गयी। जन सुनवाई मे शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के शिकायतकर्ता पुलिस कार्यालय में आये थे, अधिकांश शिकायतें पति-पत्नि/परिवारिक एवं जमीन सम्बंधी विवाद, मारपीट तथा सायबर अपराध से सम्बंधित 55 शिकायतें थी। आपके द्वारा समस्त शिकायतकर्ताओं को शीघ्र शिकायतों पर वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु आश्वस्त किया गया तथा जन सुनवाई में प्राप्त समस्त शिकायतों का त्वरित निराकरण समय सीमा मे करने के लिए सम्बंधित थाना प्रभारियों/राजपत्रित अधिकारियों को निर्देर्शित किया गया। जनसुनवाई में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय बी.एस.गोठरिया एवं उप पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुश्री आकांक्षा उपाध्याय उपस्थित रहीं।

## बाइक की टक्कर से 2 घायल

जबलपुर। भेड़ाघाट थाने में वर्षा कुशवाहा उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम सालीवाड़ा गौर ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह अपने पति राहुल कुशवाहा एवं परिचित की माया ठाकुर के साथ ग्राम बिलखरवा अपनी मौसी के यहां गयी थी। मौसी के यहां से वापस आकर शहपुरा जाने के लिये वाहन की तलाश में आप्शन होटल के आगे ग्राम बिलखरवा नेशनल हाईवे रोड़ के किनारे हम लोग खड़े थे। तभी भेड़ाघाट की तरफ से आ रही काले रंग की याम्हा का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसके पति राहुल, माया ठाकुर को टक्कर मार दी जिससे दोनों को पैरों चोटे आ गयी। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

## युवती को टक्कर मार फरार हुआ बाइक चालक

जबलपुर। सिहोरा थाने में मुकेश पटेल उम्र 32 वर्ष निवासी पहरूआ ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि भतीजी सुमन पटेल उम्र 18 वर्ष निवासी कालेज में पढती है। भतीजी अपनी सहेली कुमकुम दाहिया एंव सुस्मिता पटेल के साथ बस से कालेज गयी थी। दोपहर कुमकुम ने सूचना दी कि सुमन का बरगी तिराहे में एक्सीडेंट हो गया। वह तुरंत पहुंचा तो देखा कि बरगी तिराहे में भतीजी सुमन पटेल रोड पर पडी थी। कुमकुम एवं सुस्मिता ने बताया कि रोड क्रास करते समय बरगी तिराहे पर जबलपुर की ओर से आ रही बुलट का चालक तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये सुमन पटेल को टक्कर मार दी है। पुलिस ने मामले को विवेचना में लिया है।



## सिद्ध महोत्सव में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

सिहोरा (स्वतंत्र मत)

गोसलपुर नगर के समीप सिद्ध पर्वत आश्रम बुढरई ढिरहा उमरिया में सिद्ध महोत्सव का आयोजन विगत 7 जनवरी से लगातार संचालित है। जिसमें राष्ट्रीय कथा वाचक पं आकर्षण महाराज के द्वारा ब्रह्म ब्रह्म वेवर्त पुराण के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण और राधा की लीलाओ सृष्टि की उत्पत्ति ब्रह्मा प्रकृति गणेश कृष्ण जन्म देवी देवताओं के जन्म और धर्म कर्म का वर्णन किया गया। जिसमें कृष्ण को परम ब्रह्म और सृष्टि का संवाहक बताया गया। पं आकर्षणजी महाराज ने कहा की यह पुराण कलयुग के धर्म और सौभाग्य प्राप्ति के लिए उपयुक्त माध्यम है। इस मौके पर राधा कृष्ण की लीला का विस्तार से वर्णन किया गया। इस सिद्ध महोत्सव कार्यक्रम में साधु संत जैसे देवाजी महाराज उज्जैन, महाकाल कंप्यूटर बाबा सहित अनेक साधु संत इस महोत्सव में पहुंचकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ा रहे हैं।

## अतिथि शिक्षक वेतन से वंचित

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांतीय सचिव दिनेश गोंड ने बताया कि अतिथि शिक्षक जिन्हें अल्प मानदेय मिलता है उन्हें विगत दो माह से वेतन नहीं मिला है, जबकि भोपाल क्रमांक/अतिथि/2025-26/373 भोपाल दिनांक 08/01/2026 अपर संचालक लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश के आदेश अनुसार 10/01/2026 तक सभी अतिथि शिक्षकों के मानदेय का भुगतान किए जाने के लिए निर्देशित किया गया था। परंतु विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की उदासीनता के कारण आज दिनांक तक अतिथि शिक्षकों को दो माह से वेतन नहीं मिल सका। जिसके कारण उन्हें जीवकोपार्जन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अत: संगठन जिला शिक्षा अधिकारी से मांग करता है कि अतिथि शिक्षकों का मानदेय अतिशीघ्र किया जाय।

# नए ट्रांसफार्मर्स लगने से खत्म हुई लो वोल्टेज की समस्या

## उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र में लगे 2 नए ट्रांसफार्मर



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** उत्तर मध्य विधानसभा अंतर्गत राजीव गांधी वार्ड स्थित समता कालोनी एवं लाल बहादुर शास्त्री बिहार में विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय के द्वारा दो नए ट्रांसफार्मर को सौगात दी, जिससे कि क्षेत्र में आ रही लो वोल्टेज की समस्या से राहत मिलेगी। इस दौरान उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने कहा कि राजीव गांधी वार्ड, समता कॉलोनी एवं लाल बहादुर शास्त्री बिहार क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही वोल्टेज कम (लो वोल्टेज) की समस्या को दूर करने के लिए नवीन ट्रांसफार्मर की स्थापना हेतु भूमिपूजन किया गया। यह क्षेत्र के जनमानस की लंबे समय से लंबित मांग थी, जिसे आज हमने प्राथमिकता देकर पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब जल्द ही इस नए ट्रांसफार्मर के माध्यम से क्षेत्रवासियों को स्थिर, पर्याप्त और उच्च गुणवत्ता वाली बिजली मिल सकेगी। इससे घरों में बिजली के उपकरण सुरक्षित रहेंगे व दैनिक जीवन आसान होगा। इस अवसर पर पार्षद मधुबाला राजपूत, भाजपा पदाधिकारी, क्षेत्रीय नागरिक आदि उपस्थित रहे।

# माल वाहन चालक से मारपीट कर चावल की कट्टियां लूटी

## अधारताल करौंदा बाईपास के समीप बाइक सवार गैंग ने की वारदात

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अधारताल थाना क्षेत्रातंर्गत करौंदा बाईपास में विगत रात्रि एक माल वाहन के चालक को तीन बाईकों पर पहुंचे, आधा दर्जन बदमाशों ने लूटने का प्रयास किया। आरोपियों ने मारपीट करते हुए चावल की कुछ कट्टिया चुराई और फरार हो गये। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि राघवेन्द्र धुर्वे उम्र 35 वर्ष निवासी भखरी दिनारी खमरिया सिहोरा ड्राईवरी करता है। जो कि सिहोरा निवासी संतोष की स्वाराज माजदा क्रमांक एमपी 20 जीए 9922 को लगभग 4 वर्ष से चला रहा है। विगत नौ जनवरी को चेटूमल राईस मिल कटनी से चांवल की 120 कट्टी लेकर मण्डला के लिये अकेले निकला था। रात 8 बजे सिहोरा मेंखाना खाने के बाद वह मण्डला के लिये निकला था। रात 12-30 बजे सिहोरा रोड से अंदर दाउ मैरिज गार्डन के सामने से करोंदा बाईपास की ओर लगभग 200 मीटर आगे पहुंचा, तभी ती मोटर सायकिल में 6 लड़के जिनकी उम्र 20-25 वर्ष की होगी पहुंचे और सभी गालीगलौज करने लगे। एक लड़का बुलेट मोटर साइकिल लिये हुए था। इसके बाद सभी ने जबरन रूपयों की मांग करते हुये हाथ मुक्को से मारपीट की तथा उसे गाडी से नीचे उतारने की कोशिश करने लगे। जिसके बाद वह मौका पाकर गाडी चालू कर महारापुर के पास आकर सेठ संतोष श्रीवास्तव को फोन पर जानकारी दी। सुबह सेठ के आने पर देखा लोड की हुई चांवल की कट्टियों में से 6 कट्टियॉ कम थी। अज्ञात लड़के मारपीट कर चांवल की कट्टियॉ ले गये है।

# बाइक सवार बदमाशों ने युवक के पेट में घोंपा चाकू

**रांझी के झंडा चौक में वारदात, आरोपियों की तलाश में पुलिस**

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रांझी थाना क्षेत्रातंर्गत झंडा चौक में बीती शाम बाइक सवार तीन बदमाशों ने एक सैलून दुकान संचालक के साथ मारपीट करते हुए चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे युवक के पेट में गंभीर चोट आ गई है। जिसे उपचार के लिये रांझी के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि अधारताल निवासी 21 वर्षीय दिनेश उर्फ सिद्घार्थ सेन खेरमाई मंदिर के पास सैलून की दुकान चलाता है। बीती शाम सात बजे के लगभग वह अपनी दुकान से फुल्की खाने झंडा चौक जा रहा था। उसी समय एक मोटर सायकल में तीन लड़के आये और उसके साथ गाली गलौज करते हुये बोले कि बहुत बड़ा गुण्डा बन रहा है। दिनेश ने कहा कि वह तीनों को नहीं पहचानता तो उन्होंने गालीगलौज शुरु कर दी। जिसके बाद एक लड़के ने चाकू निकाला और दिनेश के पेट में दाहिने तरफ घोंप दिया। जिससे दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद तीनों ने उसके साथ मारपीट की और मौके से भाग निकले। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# समाधान योजना के क्रियान्वयन में कोताही पर होगी सख्त कार्यवाही

## विभागीय योजना की समीक्षा के दौरान ऊर्जा मंत्री ने दिए निर्देश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



समाधान योजना के क्रियान्वयन में कोताही पर सख्त कार्यवाई की जाएगी। अभी तक योजना में अपेक्षित प्रगति परिलक्षित नहीं हो रही है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह बात मंगलवार को विभागीय योजना की समीक्षा के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि इस योजना की सफलता में विद्युत वितरण कम्पनियों का भविष्य भी निहित है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि कितना बिजली बिल बकाया है, कितना वसूली योग्य है और कितना वसूली योग्य नहीं है, इसकी पूरी जानकारी दें। उन्होंने कहा कि बड़े डिफॉल्टरों के विरूद्ध पहले कार्यवाई करें।

***271 करोड़ रूपये के सरचार्ज हुए माफ*** - समाधान योजना में अभी तक 613 करोड़ 26 लाख रूपये उपभोक्तओं द्वारा जमा कराएं जा चुके है। इन उपभोक्ताओं के 271 करोड़ रूपये के सरचार्ज माफ किये गए है। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के अंतर्गत 115 करोड़ 58 लाख, मध्य क्षेत्र में 395 करोड़ 96 लाख और पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी में 101 करोड़ 72 लाख रूपये जमा हुए हैं। मंत्री श्री तोमर ने आरडीएसएस के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। बिजली अवरूद्ध होने की जानकारी उपभोक्ताओं को कारण सहित दें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को उनके घरों में विद्युत उपयोग की क्षमता के अनुसार लोड स्वीकृत कराने के लिये समझाइश दें। बैठक में सचिव ऊर्जा विशेष गढ़पाले एवं तीनों विद्युत वितरण कम्पनियों के चीफ इंजीनियर उपस्थित रहे।

# माटे उपार्जन प्रभारी तौल रहा अधिक धान

## किसान बोले- बोरे भी हम पलटें और तौल 800 ग्राम से ज्यादा

बालाघाट(स्वतंत्र मत)



किरनापुर तहसील के सेवा सहकारी समिति मर्यादित माटे में उपार्जन प्रभारी केशव मानेश्वर की किसानों से खुली लूट है या कहें किसानों को गुमराह कर धान की चोरी की जा रही हैं..! जी हां, किसान बोले- की हमसे ही बोरे पलटते हैं और धान का तौल भी अधिक लेते हैं. बेचारे किसान अपनी उपज को बिचौलियों से बचाकर प्रदेश शासन की उपार्जन नीति के तहत उपार्जन केंद्र में लाते हैं पर वहां भी किसानों से लूट हो जाती हैं अब किसान करें तो क्या करें. क्या इस उपार्जन केंद्र की जांच और कार्यवाही होगी..? इधर, जिला कलेक्टर मृणाल मीना के द्वारा अधिक तौल मामले में और मनमानी करने वाले उपार्जन केंद्र में सतत निगरानी के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया हैं. जानकारी अनुसार, किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने के लिए प्रदेश शासन की उपार्जन नीति के अनुरूप खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में बालाघाट जिले में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 1 दिसम्बर 2025 से की जा रही हैं, जो 20 जनवरी 2026 तक चलेगी. उसी के तहत सेवा सहकारी समिति मर्यादित माटे पं.क्र. 746 में खरीदी जारी हैं.

### किसानों से खुली लूट...

प्यारे लाल खरे किसान ने कहा कि हम ही बोरियां भरते हैं अगर मजदूरों से भराना होता हैं तो प्रति कट्टी 6 से 7 रूपये या फिर मजदूरों की पूरे दिन की मजदूरी का पैसा जेब से देना पड़ता हैं। 40 किलो 800 ग्राम तौल समिति के मजदूरों के द्वारा तौला जाता हैं। शिवलाल बिसेन किसान बोले की सभी किसानों से 40 किलो 800 ग्राम तौल प्रति बोरी ले रहें है। लक्ष्मी प्रसाद किसान ने कहा कि केन्द्र में हमे ही धान की कट्टियां पलटनी पड़ती हैं नहीं तो दूसरों से पलटाने पर 7 रूपये प्रति कट्टी के हिसाब से पैसा देना पड़ता हैं और 800 से भी अधिक लेते हैं। जबकि शासन का निर्देश हैं कि किसानों से धान 40 किलो और 580 ग्राम बोरी का तौल लिया जाना हैं ऐसे में प्रभारी के द्वारा सीधे-सीधे 200 ग्राम धान की चोरी किया जा रहा हैं। सूत्र बताते हैं कि अगर केन्द्र की सीसीटीव्ही कैमरे की जांच की जाये तो यह भी बता हो जायेंगा कि प्रभारी ने कटोरा चलाकर कितनी और नई बोरिया तैयार की है? फिलहाल यह जांच का विषय है?

### इनका कहना हैं

उपार्जन प्रभारी ने भी माना है और कहा कि हम किसानों से 800 ग्राम तक तौल प्रति बोरी लिया जाता हैं।

**केशव मानेश्वर, केन्द्र प्रभारी माटे**

किसानों से अधिक तौल लिया जा रहा हैं और कट्टी पलटाने के पैसा लिया जा रहा हैं तो अवश्य ही जांच उपरांत कार्यवाही की जायेगीं।

**आर.के. ठाकुर, जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी, बालाघाट**

खरीदी केन्द्र माटे में किसानों से अधिक तौल और कट्टी पलटाई का पैसा लिया जा रहा हैं तो यह गंभीर मामला हैं अवश्य ही जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

**राजेश उइके, प्रभारी उपायुक्त सहकारिता, बालाघाट**



# हिंदू सम्मेलन के भव्य आयोजन हेतु स्थल का भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न

उमरिया (स्वतंत्रमत)

18 जनवरी को कैम्प उमरिया होटल चंदेल प्रांगण उमरिया में आयोजित होने वाले भव्य हिंदू सम्मेलन के निमित्त सोमवार को कार्यक्रम स्थल पर वैदिक मंत्रोचार के साथ विधिवत भूमि पूजन कार्यक्रम श्रद्धा,भक्ति एवं उत्साह के वातावरण में धूमधाम से संपन्न हुआ। भगवा पताकाओ और भारतमाता की जयघोष से कार्यक्रम स्थल सनातन संस्कृति के रंग में रंगीत हो उठा।भूमि पूजन कार्यक्रम अवसर पर उपस्थित समाजसेवियों एवं हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के सदस्यों ने हिंदू सम्मेलन को समाज को जोड़ने वाला,सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने वाला एवं सनातन मूल्यों के संरक्षण का महत्वपूर्ण मंच बताया। उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन हिंदू समाज की एकता,संगठन और जागरूकता का सशक्त प्रतीक बनेगा।इस अवसर पर सभी सनातनी हिंदुओं से अधिक से अधिक संख्या में 18 जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन में सम्मिलित होने का आह्वान किया गया। आयोजन समिति ने बताया कि सम्मेलन में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक कार्यक्रमों के साथ-साथ प्रेरणादायी उद्बोधन भी होंगे,जो समाज को नई दिशा देंगे। अंबेडकर बस्ती में होने वाले हिंदू सम्मेलन के लिए हुए भूमि पूजन के बाद अब आयोजन समिति बस्ती के घर घर जाकर अक्षत निमंत्रण देगी समिति ने हिन्दू सम्मेलन को ऐतिहासिक और सफल बनाने हेतु अंबेडकर बस्ती के सभी नगरवासियों से हिंदू सम्मेलन में सम्मिलित होने हेतु एवं कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सक्रिय सहभागिता करने का आह्वान किया।

# फुलचुर में बिरसा मुंडा की प्रतिमा का विधायक ने किया अनावरण

**कटंगी (स्वतंत्र मत)।** फुलचुर में आदिवासी समाज के महानायक, धरती आबा बिरसा मुंडा जी की प्रतिमा का गरिमामय अनावरण समारोह आयोजित



किया गया। यह कार्यक्रम श्रद्धा, सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक एकता का प्रतीक बना। समारोह में क्षेत्र के विधायक गौरव सिंह पारधी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर भगवान बिरसा मुंडा जी की प्रतिमा का अनावरण किया और उनके संघर्ष, विचारों व समाज के लिए दिए गए योगदान को नमन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और समाजजन की उपस्थिति ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गौरव पारधी ने कहा कि संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण समाज की पहचान को मजबूत करते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि प्रत्येक परिवार अपने घर में तुलसी का पौधा अवश्य लगाए। तुलसी वातावरण को शुद्ध रखने के साथ-साथ भारतीय परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों का प्रतीक रही है। विधायक पारधी ने ग्रामीणों की एकजुटता और आयोजन की गरिमा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच, नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करते हैं। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष ज्ञानेश रहांगडाले, सरपंच हरिलाल झाड़े, उपसरपंच संजय बागड़े, गोविंद मर्सकोले, अनिल धुर्वे, हेमराज उईके, शिशुपाल श्रीरामे, विजय सरोते, कैलाश मर्सकोले, देवानंद कुमरे, दिनेश धुर्वे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, उत्साह और सांस्कृतिक चेतना का वातावरण बना रहा।

# मामा-भांजा पहाड़ी पर अनुभूति कार्यक्रम हुआ आयोजित

## खैरलांजी वन परिक्षेत्र के कार्यक्रम से बच्चों ने जाना जंगल के वन्य प्राणी और उनके महत्व

बालाघाट(स्वतंत्र मत)



निथ्यानंदम एल वनमंडल अधिकारी दक्षिण बालाघाट सामान्य के मार्गदर्शन में खैरलांजी सा. परिक्षेत्र के अंतर्गत 13 जनवरी को अनुभूति कार्यक्रम मामा भांजा पहाड़ी वन कक्ष क्र 593 बिट भंडारबोड़ी में आयोजित किया गया। जिसमें मैं भी बाघ, हम है बदलाव, हम है धरती के दूत थीम पर जानकारियों से शासकीय विद्यालय घूबड़गोंदी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या विघालय खैरलांजी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरलांजी के कक्षा 09 वीं से 11 वीं के कुल 126 स्कूली छात्र-छात्राओं को वन क्षेत्र में ट्रेकिंग सहित वनों के महत्व एवं अन्य जानकारी से अवगत कराया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमति मधु शुक्ला जिला पंचायत सदस्य खैरलांजी, प्रकाश उके जिला पंचायत सदस्य खैरलांजी, नथूलाल लिल्हारे अध्यक्ष लघु वन समिति पुलपुटा, यशवंत जोड़े, वन परिक्षेत्राधिकारी डी. सी. वासनिक, परिक्षेत्र सहायक विजय कुशरे, परिक्षेत्र सहायक अमोल सिंह धुर्वे, परिक्षेत्र सहायक युवराज बोरकर, परिक्षेत्र लिपिक लक्ष्मी शेखर चौहान, मास्टर ट्रेनर सुरेंद्र बड़ीचार और महेंद्र डहवरे सहित पत्रकार पंकज डहरवाल की उपस्थित थे। विद्यार्थियों को वन भ्रमण के साथ-साथ ट्रेकिंग, वन्यप्राणियों के पगमार्क एवं विष्ठा, आदि से अवगत कराया गया। शासकीय प्रेरक चंद्रकुमार कड़ाऊ, सुनील गौतम, जामेंद्र सिंहमारे एवं बिटगार्ड शौरभ शर्मा, पंकज कुमार भलेधारे, भेजेंद्र सिंह गर्दे अन्य वन कर्मचारियो द्वारा विद्यार्थियों को वनों का महत्व एवं वन्यप्राणियों तथा छोटे-छोटे कीट, पतंगों की सुरक्षा कैसे की जाये के संबंध में अनुभूति ब्रोसर अनुसार फील्ड में बताया गया तथा उनके महत्व को समझाया गया। मुख्य अतिथियों, वन परिक्षेत्र अधिकारी खैरलांजी द्वारा वन एवं वन्य प्राणियों से संबंधित रोचक तथ्यों से विद्यार्थियों को अवगत कराया और वन एवं वन्य प्राणियों संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी छात्र-छात्राओं के साथ साझा की। छात्र-छात्राओं से जो जानकारी साझा की गई उन्ही अवधारणाओं पर आधारित एक प्रश्नोतरी का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर शा. उच्च. मध्य. घूबड़गोंदी की छात्रा वैशाली परते, द्वितीय स्थान पर शा. कन्या विद्यालय खैरलांजी सबीना सैयद एवं तृतीय स्थान पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरलांजी की नेहा पारधी ने प्राप्त किया जिन्हे मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया । वन विभाग के ट्रेनरों द्वारा जानकारी से अवगत कराया गया एवं सतत और धारणीय जीवन शैली के प्रति जागरूक किया गया वन और वन्य प्राणियों की सुरक्षा और संवर्धन में जन सहभागिता के विषय पर जागरूक किया गया , प्राकृतिक पथ भ्रमण के पश्चात समस्त अनुभूति भागीदारों को भोजन परोसा गया एवं पर्यावरण हितैषी जीवन शैली अपनाने के लिए कुछ व्यावहारिक उपायों से अवगत कराकर सभी को प्रकृति संरक्षण में मानव की भूमिका से परिचित कराया गया ।

# बांधवगढ़ से पनपथा मुख्य मार्ग पर आया जंगली हाथियों का झुंड, आस पास के गांवों में फैली दहशत

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** - जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में जंगली हाथियों की गतिविधियां बढ़ गई हैं। पतौर-पनपथा मार्ग पर लगभग 20



हाथियों का एक झुंड सड़क पार करता हुआ जंगल की ओर चला गया। इस घटना का एक वीडियो भी मंगलवार 13 जनवरी को सामने आया है। हाथियों को सड़क पर देखकर दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गई और बड़ी संख्या में लोग वीडियो बनाने के लिए जमा हो गए। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। बांधवगढ़ में लगातार जंगली हाथियों के ठिकाना बनाने और उनकी बढ़ती सक्रियता के कारण आसपास के ग्रामीण दहशत में रहते हैं। हाथी कभी गांव के नजदीक तो कभी सड़क पार करते हुए दिखाई देते हैं। हाथियों के सड़क पर दिखने की जानकारी मिलते ही प्रबंधन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और उनकी निगरानी शुरू कर दी। पनपंथा मार्ग पर हाथियों के दिखाई देने के बाद टाइगर रिजर्व की टीम उनकी निगरानी में जुट गई है, ताकि वे गांवों के नजदीक न जा सकें। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के सहायक संचालक ने बताया कि जंगली हाथियों की निगरानी के लिए टीम तैनात की गई है। और क्षेत्र में जंगली हाथियों को लेकर लगातार सतर्कता बरती जा रही है और ग्रामीणों को भी सतर्क रहने की सलाह दी जाती है।

# कुदर्रा कैंप में अनुभूति कार्यक्रम संपन्न

उमरिया (स्वतंत्रमत)



क्षेत्र संचालक एवं उप संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया के द्वारा दिए गए निर्देशानुसार बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व अंतर्गत परिक्षेत्र पनपथा कोर के कुदर्रा कैंप मे 12 जनवरी को अनुभूति कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पक्षी दर्शन कराया गया। मोर, वायर टेल्ड स्वैलो, ग्रीन पीजन पौंड कौवा तोता प्रत्यक्ष दिखाया गया। साल, गुर्जा, पकरी सेझी, साजा, सलाई, तेंदू, पलाश, अमलतास, नीलगिरि, महुआ, धवा, रोहन, बेरी आदि पेड़ों की पहचान व उपयोग करना सिखाया गया। दीमक के घर की संरचना, पर्यावरण मे उपयोग के बारे में बताया गया। चीतल सांभर हनुमान लंगूर आदि वन प्राणी प्रत्यक्ष दर्शन कराया। बाघ का पगमार्क व विस्ठा दिखाया गया। अनुभूति थीम सॉन्ग हम हैं धरती के दूत सुनाया जिस पर बच्चों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। तितली मधुमक्खियां के प्रकृति के लिए महत्व,सांपों का महत्व, विषैले सर्पो की पहचान करना और स्नेक बाइट होने पर स्नेक बाइट मैनेजमेंट के बारे में बताया गया। बाघ, तेंदुआ, हाथी, भालू एवं अन्य वन प्राणियों के व्यवहार और उनसे बचाव के बारे में चर्चा की गई। मैं कौन हूं खेल के माध्यम से सभी वन्य प्राणियों का परिचय कराया गया। फीडबैक फॉर्म भराया गया और शपथ कराई गई।क्विज के माध्यम से बच्चों में नए रोचक जानकारी प्रस्तुत की गई। बच्चों की रुचि अनुसार शिक्षाप्रद नृत्य और गायन कराया गया।क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया के द्वारा बच्चों को अनुभूति के विषय मे वन एवं वन्य प्राणियों तथा पर्यावरण के संरक्षण के विषय में बताया गया तथा कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व उमरिया, विद्या कुलकर्णी एलडब्यूएफ संस्था प्रमुख, सहायक संचालक पनपथा, वन परिक्षेत्र पतौर, वन परिक्षेत्र पनपथा कोर, 128 बालक बालिका 10 शिक्षक सहित वन स्टाफ उपस्थित रहे। प्रेरक चंद्रमोहन खरे ,कमलेश नंदा,द्वारा बच्चों को अनुभूति ट्रेल व कार्यक्रम स्थल मे रोचक शिक्षाप्रद जानकारी देने के साथ साथ प्रकृति की अनुभूति करायी गयी।

# ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान का हुआ शुभारंभ

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** मंगलवार 13 जनवरी को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला उमरिया द्वारा संवाद योजनांतर्गत स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय व्याख्यानमाला व ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र के समक्ष पूजा अर्चना कर शुरुआत की गई। जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ल द्वारा स्वागत उद्बोधन में कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराते हुए बताया गया कि ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश का उद्देश्य



परिषद के नेटवर्क के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं व दो वर्षों की उपलब्धियों को प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों तक पहुँचाकर समाज के अंतिम पात्र हितग्राही तक लाभ सुनिश्चित करना है। मुख्यवक्ता द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए युवा दिवस के बारे में चर्चा की गई व उपस्थित जनों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर युवा समाजसेवियों का सम्मान किया गया व स्वदेशी सामग्री उपयोग हेतु शपथ दिलाई। इस अवसर पर आशुतोष अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि धनुषधारी सिंह, सुमित गौतम, विकासखंड समन्वयक महेंद्र सिंह तराम, दीपक नामदेव, विकासखंड करकेली, मानपुर व पाली के समस्त परामर्शदाता,समस्त नवांकुर संस्था प्रमुख, प्रस्फुटन समिति के सदस्यगण व सीएमसीएलडीपी के छात्र छात्राओं की सहभागिता रही।

# उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग शहडोल ने कन्या शिक्षा परिसर एवं छात्रावास मानपुर का किया निरीक्षण

उमरिया (स्वतंत्रमत)



मंगलवार 13 जनवरी को संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग शहडोल संभाग जे.पी. यादव द्वारा मानपुर मे संचालित माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर तथा सीनियर अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान विद्यालय बंद मिलने पर उपायुक्त ने शिक्षकों का वेतन काटने संबंधी नोटिस जारी किया।विद्यालय एवं छात्रावास परिसर मे गंदगी पाए जाने पर रोष जाहिर किया तथा स्वयं बच्चों के साथ परिसर की सफाई कार्य कर बच्चों को अपना परिसर साफ-सुथरा रखने का सन्देश दिया। छात्रावासी छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी तथा निराकरण का आश्वासन दिया। छात्राओं को मेहनत कर जीवन मे आगे बढने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन मे भटकाव आने से पूरा जीवन भटक जाता है। अपने जीवन को भटकाव से बचाते हुए पढाई पर ध्यान दें। छात्रावास अधीक्षकों को छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता किए जाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि किसी भी छात्रा को माता-पिता व सगे भाई-बहन के अलावा किसी अन्य के साथ न भेजें, इसका लेखा जोखा भी रखा जाये। किसी भी प्रकार की घटना की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी जाएं और समस्त आवश्यक कार्यवाही तत्काल की जाये किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कन्या शिक्षा परिसर के निरीक्षण के दौरान प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य, दैनिक डायरी का संधारण, उपस्थिति पंजियों का संधारण आदि का अवलोकन एवं समीक्षा की गई। प्राचार्य के कार्य पर असंतोष प्रकट कर निर्धारित कर्तव्यों का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। विद्यालय की छात्राओं के लिए आवश्यक सामग्री का जो राशि विद्यार्थियों के खाते में जमा की गई हैं, छात्राओं एवं पालकों को आगामी एक सप्ताह में सामग्री क्रय करने हेतु प्रेरित किया जाए। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य अमरजीत द्विवेदी उपस्थित रहे।

# आदर्श महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस पर कार्यक्रम सम्पन्न

उमरिया (स्वतंत्रमत)



मेहनत ही वह शक्ति है जो असंभव को संभव बनाती है,सफलता प्राप्त के लिए छात्र-छात्राओं को पूर्ण निष्ठा से कर्म करने की आवश्यकता है, समाज सेवा ही राष्ट्र धर्म है समाज को बदलना है तो स्वयं को बदलना होगा। उपरोक्त प्रेरक प्रसंग भारतीय सनातन संस्कृति को विश्व पटल पर स्थापित करने वाले युवाओं के प्रेरणा पुंज ओजस्वी विचारक स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर 12 जनवरी को शासकीय आदर्श महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों में की गई।महाविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के संयुक्त तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजित विचार गोष्ठी में डॉ सरिता विश्वकर्मा,डॉ नवीन उपाध्याय, हरीश शुक्ला सहित राजन मिश्रा बीए प्रथम वर्ष के छात्र द्वारा विवेकानंद के विचारों को छात्र-छात्राओं के सामने प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ परमेश्वर सिंह मरावी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ अपूर्वा प्रकाश दाहयत सहायक प्राध्यापक इतिहास, प्रभारी प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय बिलासपुर उपस्थित रही। कार्यक्रम के आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी रेम सिंह स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ राजीव तिवारी, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ संयोजक डॉ नियाज अहमद अंसारी, डॉ हरेंद्र कुमार, डॉ वीरेंद्र विश्वकर्मा, क्रीड़ा अधिकारी महेंद्र कनोजिया सहित महाविद्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारियों छात्र छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद जी को नमन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

# फाइवर लाइन बिछाने की अनुमति पर संशय: मनमर्जी से चल रहा काम, सड़कों को पहुंचा रहे नुकसान, कार्यवाही की मांग

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

इन दिनों श्री साई हाईटेक फाइवर लाइन के द्वारा एयर टेल लाइन बिछाई जा रही है। यह काम नारायणगंज टिकरिया से बबलिया निवास कुंडम तक किया जा रहा है जहां पर बिना अनुमति के कम्पनी के द्वारा मुख्य मार्ग में खुदाई कर लाइन डाली जा रही है। क्षेत्र की लोक निर्माण की सड़कें एमपीआईडीसी की सड़के के साथ ही वनग्रामों की सड़कों के साथ ग्राम पंचायत क्षेत्र की सड़को को जमकर नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जिसकी शिकायत स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा लगातार की जा रही है लेकिन कोई भी सुनवाई नही हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि जेसीबी मशीन या मजदूरों से खुदाई कराई जा रही है और लाइन डालते हुए अधूरा काम छोड़कर कम्पनी के ठेकेदार गायब हो जाते हैं जिससे आए दिन बड़े वाहन मार्गो में फंस रहे वहीं दो पहिया वाहन चालक भी परेशान हो रहे हैं। वहीं कम्पनी के पास अनुमति भी नही है बिना अनुमति के धड़ाधड़ काम किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसान उत्तरप्रदेश की उक्त कम्पनी ने ठेका लेने के बाद पेटी ठेका में काम दे रखा है जहां से पूरी सड़कों तहस नहस किया जा रहा है ऐसा ही एक नजारा निवास पिपरिया से खिन्हा रपटा तक दिखाई दे रहा है। एमपीआरडीसी की मुख्य सड़क से खुदाई कर लाईन बिछाई जा रही है जिससे दुर्घाटना की संभवना प्रवल हो गई है वहीं अनुमति को लेकर भी सवाल खड़े है तो दूसरी तरफ हरे भरे वृक्षों को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। बता दें मंडला जिले में इन दिनों सड़क किनारे, गलियों और बस्तियों में तेजी से केबल लाइन बिछाने का काम चल रहा है। कागजों में यह कार्य डिजिटल कनेक्टिविटी और संचार व्यवस्था को मजबूत करने के नाम पर





किया जा रहा है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। जिले के लगभग हर ब्लॉक कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों में जो केबल लाइन डाली जा रही है उसकी गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों, तकनीकी जानकारों और जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि पूरे जिले में घटिया स्तर की केबल लाइन डाली जा रही है जिससे न केवल भविष्य में बार-बार खराबी की आशंका है, बल्कि आम जनता की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। सरकारी और निजी परियोजनाओं के तहत बिछाई जा रही केबल लाइन के लिए कुछ तय तकनीकी मानक होते हैं। इनमें केबल की मोटाई, इंसुलेशन, जमीन में दबाने की गहराई, पाइप या डक्ट का उपयोग और सुरक्षा उपाय शामिल हैं। लेकिन मंडला जिले में इन मानकों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। कई जगहों पर केबल को बिना किसी सुरक्षा पाइप के सीधे जमीन में दबा दिया गया है तो कहीं उसे अधूरी खुदाई के बाद मिट्टी से ढक दिया गया। कुछ इलाकों में तो केबल जमीन के ऊपर ही छोड़ दी गई है जिससे वह आए दिन टूट रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि ठेकेदार केवल कागजों में मानक पूरा दिखा रहे हैं जबकि असल में बेहद सस्ती और कमजोर केबल का इस्तेमाल किया जा रहा है। यही कारण है कि नई-नई लाइन बिछने के कुछ ही दिनों बाद केबल कटने, नेटवर्क फेल होने और बार-बार मरम्मत की समस्या सामने आने लगी है। केबल लाइन बिछाने के नाम पर मंडला शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक सड़कों और गलियों को खोद दिया गया है। कई जगहों पर खुदाई के बाद सड़क की मरम्मत ठीक से नहीं की गई जिससे गड्ढे बन गए हैं। बरसात के मौसम में यही गड्ढे पानी से भर जाते हैं और दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। दोपहिया वाहन चालक, बुजुर्ग और बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में तो स्थिति और भी खराब है। कच्ची सड़कों को खोदकर छोड़ दिया गया है, जिससे आवागमन मुश्किल हो गया है। किसानों का कहना है कि खेतों तक जाने वाले रास्ते खराब हो गए हैं जिससे कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहा है। घटिया केबल लाइन केवल संचार व्यवस्था को ही प्रभावित नहीं कर रही, बल्कि यह लोगों की जान के लिए भी खतरा बनती जा रही है। कई जगहों पर बिजली और केबल लाइन एक-दूसरे के बेहद पास डाली गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर केबल की इंसुलेशन कमजोर हुई और किसी कारण से बिजली लाइन से संपर्क हो गया तो बड़ा हादसा हो सकता है। इसके अलावा खुले में पड़ी केबल से बच्चों के घायल होने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। कुछ इलाकों में आवारा पशु केबल में उलझकर चोटिल हो चुके हैं। आरोप है कि ठेकेदारों और अधिकारियों की मिलीभगत के कारण घटिया सामग्री का इस्तेमाल हो रहा है और जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। केबल लाइन बिछाने की परियोजनाएं करोड़ों रुपये की होती हैं। ऐसे में अगर शुरुआत से ही घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है, तो यह सीधे तौर पर बर्बादी है। जानकारों के मुताबिक, अच्छी गुणवत्ता की केबल लाइन कई सालों तक बिना बड़ी खराबी के चल सकती है, लेकिन घटिया केबल कुछ ही महीनों में जवाब दे देती है। इसके बाद मरम्मत और दोबारा खुदाई पर फिर से लाखों रुपये खर्च होते हैं। यह सवाल भी उठ रहा है कि आखिर गुणवत्ता की जांच करने वाले विभाग क्या कर रहे हैं? क्या बिना जांच के ही भुगतान कर दिया जा रहा है? अगर ऐसा है, तो यह गंभीर प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है।



## हिन्दू सम्मेलन की चल रही तैयारी

**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।** 18 जनवरी को होने वाले हिन्दू सम्मेलन की तैयारियां जोर शोर से की जा रही हैं। इसी तारतम्य में सर्व हिन्दू समाज द्वारा बिछिया में कलश यात्रा निकाली गई। युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जयंती भी होने से कार्यक्रम में स्थानीय युवा साथियों का विशेष अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं स्थानीय मातृशक्तियों के द्वारा कलश यात्रा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। कलश यात्रा का प्रारंभ हिन्दू सम्मेलन कार्यालय शरद सरजू डेहरिया के मकान से होते हुए खेरमाई मंदिर बिछिया से राजराजेश्वरी मंदिर रेंज ऑफिस में कलश स्थापना की गई। 14 जनवरी को जंतीपुर हनुमान मंदिर से बस स्टैंड हनुमान मंदिर, थाना परिसर हनुमान मंदिर, श्रीराममंदिर भुआ, मां बंजारी मंदिर से विनोद रंगमंच बिछिया में कलश स्थापना होगी। तत्पश्चात 15 जनवरी को विनोद रंगमंच माता शक्ति मंदिर, बिछिया से कल्याण आश्रम, बिछिया की ओर कलश यात्रा का समापन होगा। नगरवासियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में 18 जनवरी को होने वाले हिन्दू सम्मेलन में अपनी सहभागिता दर्ज कराएं।

## चीनी मांझे का न करें उपयोग

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर जिले के सभी नागरिकों से विनम्र अपील है कि पतंगबाजी के दौरान चाइनीज मांझे का उपयोग बिल्कुल न करें। यह बहुत खतरनाक है इससे पक्षियों बच्चों राहगीरों एवं वाहन चालकों को गंभीर चोट पहुंचने की आशंका रहती है। त्योहारों की खुशियां किसी के लिए दुख का कारण न बनें इसलिए सभी लोग सुरक्षित एवं मानक सूती मांझे का ही उपयोग करें। बच्चों को भी पतंग उड़ाते समय सावधानी बरतने छतों व ऊंचाई वाले स्थानों पर सुरक्षित व्यवस्था रखने तथा सड़क किनारे पतंगबाजी नहीं करे। जिले में चाइनीज मांझे की बिक्री भंडारण एवं उपयोग प्रतिबंधित है। प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## महिला स्वास्थ्य शिविर 15 को

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जेंडर कैंपेन नई चेतना 4.0 के तहत समस्त विकासखण्ड में महिला सशक्तिकरण को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विशेष गतिविधियों का 13 से 15 जनवरी के मध्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में 15 जनवरी को ग्राम पंचायत शहरी क्षेत्र पर जन समुदाय में महिला स्वास्थ्य के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाये जाने के लिए महिलाओं के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा नोडल अधिकारी शहरी क्षेत्र एवं समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि विकासखण्ड अंतर्गत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से समन्वय कर शिविर के लिए आवश्यक मानव संसाधन, औषधी, जांच आदि की व्यवस्था कर समस्त ग्राम पंचायत एवं शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करना सुनिश्चित करें।

## युवा दिवस पर सूर्य नमस्कार

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि जीवन जीने की संपूर्ण पद्धति है। योग शरीर मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है तथा व्यक्ति को आंतरिक शांति सकारात्मक ऊर्जा और आत्मबल प्रदान करता है। नियमित योग अभ्यास से न केवल शारीरिक रोगों से बचाव होता है बल्कि मानसिक तनाव, अवसाद और चिंता जैसी समस्याओं में भी उल्लेखनीय कमी आती है। योग के नियमित अभ्यास से विद्यार्थियों में स्मरण शक्ति एकाग्रता और आत्मविश्वास का विकास होता है। यह बात लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सोमवार को आयोजित शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय में कही।

## स्त्रोतों को स्वच्छ रखने जागरूक

**मण्डला/घुघरी(स्वतंत्रमत)।** जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन की दिशा में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जल संचय अभियान के अंतर्गत विकासखंड घुघरी में स्वच्छता कार्यक्रम एवं बोरी बंधान का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समंवयक राजेंद्र चौधरी के मार्गदर्शन एवं विकासखंड समन्वयक नेमलाल धुर्वे के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के परामर्शदाता, नवांकुर संस्था मेकल वैली एजुकेशन सोसाइटी घुघरी तथा बीएसडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता दर्ज की।

## क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

**मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)।** युवा क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में क्रिकेट प्रतियोगिता समापन हुआ प्रतियोगता मे जहां जिले की लगभग 40 टीमों ने भाग लिया जिसका सेमीफाफाइनल ब्रदर्श इलेवन टिकरिया और जमुनिया बीच ओर सिकोसी और बासिनटोला के बीच खेला गया और फाइनल मुकाबला सिकोसी और ब्रदर्श इलेवन टिकरिया के बीच खेला गया जहां फाइनल विजेता ब्रदर्श इलेवन टिकरिया विजेता रहा। कार्यक्रम मे उपस्थित समाजसेवी दुर्गेश सिंगरोरे लोधी, समाजसेवी मगन लाल सोनी, रघुनंदन विश्वकर्मा, राजुल, गोरिशंकर वरकड़े, छत्रपाल मरावी, हेमचंद मरावी, विनोद मरावी, पीतम मार्को, उपसरपंच चन्दन उइके, भूतपूर्व सरपंच सुखखन उइके, अकुंर दास पड़वार, भरोप्रसाद वरकड़े, सुरेश परते, मगनू मार्को, रामप्रसाद परते, विशन परते, लखन मार्को, गिरजा मरावी, तुलाराम मसराम एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण जन उपस्थित रहे। युवा क्रिकेट क्लब के संयोजक गौरीशंकर वरकड़े द्वारा बताया गया मेरे पिता स्व पंसारी लाल वरकड़े के स्मृति मे युवा क्रिकेट क्लब इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।



## राष्ट्रीय वक्ता निर्माण शिविर का समापन

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

काशी विश्वनाथ वैदिक गुरुकुल गाजीपुर जिलहरी घाट में 9 जनवरी से प्रारंभ राष्ट्रीय वक्ता निर्माण शिविर का समापन हुआ तीन दिवसीय इस शिविर में वैदिक एवं व्यावहारिक ज्ञान के विविध विषयों पर व्यापक प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के प्रमुख विषयों में मनोविज्ञान गर्भ विज्ञान प्रशिक्षण, जहरमुक्त कृषि प्रशिक्षण, नाड़ी चिकित्सा, भारतीय शिक्षा व्यवस्था, गुरुकुल शिक्षा पद्धति, भारतीय संस्कृति, स्वतंत्र रोजगार घरेलू उद्योग, परिवार नियोजन तथा पशु चिकित्सा विज्ञान शामिल रहे। इन सभी विषयों पर अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा शिविरार्थियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई शिविर में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में सुनील शर्मा हरियाणा एवं अंगिरा वैदिक हरियाणा ने सहभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। इस शिविर में ग्राम गाजीपुर, ग्वारी, पटेहरा, झुरकी, सिवनी, छिंदवाड़ा आदि क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर प्रशिक्षण का लाभ लिया।

# मंडला पुलिस प्रीमियर लीग का शुभारंभ

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में पुलिस विभाग की व्यस्त दिनचर्या मानसिक तनाव और निरंतर ड्यूटी के दबाव के बीच पुलिसकर्मियों को स्वस्थ ऊर्जावान और तनाव मुक्त रखने के उद्देश्य से स्थानीय पुलिस लाइन ग्राउंड में मंडला पुलिस प्रीमियर लीग 2026 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, कमांडेंड 148वीं वाहिनी विक्रांत सारंगपांणी, एडिशनल एसपी शिवकुमार वर्मा की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता की ट्रॉफी का अनावरण किया गया। साथ ही टूर्नामेंट में



भाग लेने वाली सभी टीमों के खिलाडियों की टी-शर्ट का भी विमोचन कर प्रतियोगिता को विधिवत प्रारंभ किया गया। शुभारंभ मैच बिछिया अनुभाग और निवास अनुभाग के मध्य खेला गया। मैच प्रारंभ होने से पूर्व अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा टॉस कराकर विधिवत खेल की घोषणा की। इस दौरान कलेक्टर ने मैदान पर क्रिकेट खेलकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और खेल को प्रोत्साहित किया। इसके बाद कलेक्टर ने टॉस कराकर टूर्नामेंट का औपचारिक शुभारम्भ किया तथा बिछिया अनुभाग एवं निवास अनुभाग की टीमों से परिचय प्राप्त किया। आयोजित प्रथम मैच बिछिया अनुभाग एवं निवास अनुभाग के मध्य खेला गया जिसमें बिछिया अनुभाग की टीम विजयी रही। ग्रुप ए में मंडला मुख्यालय, बिछिया अनुभाग, निवास अनुभाग, हॉक-01 तथा सीआरपीएफ 148 बटालियन मुख्यालय और ग्रुप बी में मंडला अनुभाग, नैनपुर अनुभाग, हॉक-02, होमगार्ड मंडला तथा एसएएफ 35 बटालियन की टीम शामिल है।

कार्यक्रम में एसडीओपी बिछिया सौरभ तिवारी, एसडीओपी निवास पीएस वालरे, जिला खेल अधिकारी विकास खराड़कर, डीएसपी महिला सुरक्षा सतीश चतुर्वेदी, सीआरपीएफ प्रमोद कुमार यादव सहित पुलिस विभाग का अमला और खिलाड़ी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय ने किया।

## रामनगर में सजेगा मकर संक्रांति कार्यक्रम

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर इस वर्ष भी किले के समीप रामनगर नर्मदा तट पर धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। पंडित राम गोपाल शास्त्री नीलू महाराज वरदान आश्रम अंजनिया के मार्गदर्शन में होने वाले इस 15 वें वार्षिक महोत्सव की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। यहां स्थापित मनोकामना महादेव के प्रतिक्षेत्र के श्रृद्धालुओं की गहरी आस्था है बताया गया कि नीलू महाराज द्वारा 15 वर्ष पूर्व स्थापित शिवलिंग को भक्त मनोकामना महादेव के नाम से पूजते हैं। इस स्थान की महत्ता इतनी अधिक है कि प्रतिवर्ष सावन के तीसरे सोमवार को 12 गांवों के कांवड़ यात्री यहां जल चढ़ाकर वरदान आश्रम में महारुद्राभिषेक करते हैं। इसी क्रम को जारी रखते हुए विगत 15 वर्षों से मकर संक्रांति पर यहां विशाल धार्मिक महोत्सव आयोजित किया जाता रहा है बताया गया कि इस वर्ष 15 जनवरी को दोपहर 12 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम में एक साथ 108 सत्यनारायण भगवान की कथाओं का वाचन किया जाएगा भगवान भोलेनाथ का 11 विशेष प्रकार की औषधियों से अभिषेक होगा कार्यक्रम में आने वाले सभी श्रृद्धालुओं और माँ नर्मदा की परिक्रमा करने वाले परिक्रमावासियों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है वरदान आश्रम परिवार की साध्वी कल्पतरु कल्पना माताजी ने क्षेत्र की सभी पवित्र आत्माओं और श्रृद्धालुओं से इस पावन अवसर पर रामनगर तट पहुंचने की अपील की है।

# महाविद्यालय में मनाया गया युवा दिवस



मण्डला(स्वतंत्र मत)।

उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के आदेशानुसार संचालक वीरेश्वर सिंह के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य डॉ. आशीष ज्योतिषी के मार्गदशन में विंध्य शिक्षा समिति कॉलेज खैरी में राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने गायन, ड्रामा, नृत्य एवं भाषण के माध्यम से अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया। नशा मुक्ति अभियान के तहत नाटक की प्रस्तुति की गई। अपने उद्बोधन में डॉ आशीष ज्योतिषी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन राष्ट्र को समर्पित रहा है सशक्त राष्ट्र के निर्माण में उन्होंने अपना जीवन समर्पित के दिया उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक सफलता न मिले यह कार्य तभी होगा जब हम अनुशासित रहेंगे। गायन में निधी परते, प्रज्ञा अंधवान में प्रतिभागी रहे, ड्रामा में कांति तेकाम, वर्षा मर्सकोले, अनु कुशवाहा, तनु कुशवाहा, आरती आर्मो, डेनिम मरावी ने नशामुक्ति पर युवाओं को संदेश प्रेषित किया नृत्य में पलक उसराठे, निधि मसराम, भाषण में मोनिका उइके, मुकेश यादव, उपेन्द्र यादव एवं दुर्गेश जंघेला शानदार प्रदर्शन दिया। कार्यक्रम में समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे मंच का संचालन का तरन्नुम जहां ने किया एवं तनुजा शर्मा ने आभार प्रदर्शन किया।

## कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। जिला योजना भवन में आयोजित जनसुनवाई में जिले से आये 81 आवेदकों ने कलेक्टर के समक्ष अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर ने आवेदकों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

## आज नि:शुल्क वस्त्र वितरण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** विगत वर्ष 2015 से नियमित हर वर्ष 14 और 15 जनवरी स्थानीय संगम घाट सरस्वती शिशु मंदिर महाराजपुर में स्थानीय धार्मिक संगठन सनातन धर्मोत्सव परिवार द्वारा सहयोगी साथियों की मदद से उनके घरेलू अनुपयोगी वस्त्रदान में प्राप्त कर जरूरतमंदों को वितरित किया जा रहा। हर बार की तरह आयोजन दोपहर 12 से 4 बजे तक होगा। सहयोगी साथियों से निवेदन है। अपने घर के अनुपयोगी वस्त्रों को धोकर साफ कर व्यवस्थित पैक कर दें जिससे उपयोग करने वाला सम्मान के साथ उपयोग कर सके। सभी समाजसेवी साथियों से उपरोक्त दोनों दिन उपस्थिति एवं सहयोग की अपेक्षा है।

## कल नि:शुल्क चाय वितरण

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी हम फाउंडेशन की विवेकानंद शाखा द्वारा 15 जनवरी को सुबह 6 बजे से माहिष्मती घाट स्थित गोंड़ी पब्लिक ट्रस्ट भवन के सामने श्रृद्धालुओं की सेवा में नि:शुल्क चाय का वितरण किया जाएगा यह सेवा सदस्यों के सौजन्य व सहयोग से की जाती है।

# गायत्री परिवार ट्रस्ट का पुनर्गठन सम्पन्न

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

शांतिकुंज के संरक्षण एवं निर्देशानुसार गायत्री परिवार ट्रस्ट का पुनर्गठन गायत्री शक्तिपीठ में पूर्व तिथि निर्धारित अनुसार विधिवत गायत्री महामंत्र एवं सत्संकल्प पाठ के साथ श्रीराम चंदन की अध्यक्षता में शांतिकुंज प्रतिनिधि नरेश तिवारी उपजोन प्रभारी जबलपुर, बृजेश शर्मा सहायक उपजोन जबलपुर संजय सिंगोर सदस्य उपजोन समन्वयक जबलपुर जिला समन्वयक हरिकेश दुबे की उपस्थिति में हुआ नवनिर्वाचित ट्रस्टीगण सदस्यों में एड. संदीप कुमार साहू मुख्य प्रबंध ट्रस्टी मंगलसिंह मरकाम सहा. प्रबंध ट्रस्टी श्रीमती ममता कोष्टा कोषाध्यक्ष एवं ट्रस्टी सदस्य सीताराम कछवाहा प्रमोद सोनवानी, श्रीमती सीमा ठाकुर, पुरुषोत्तम झारिया को सर्वसम्मति से ट्रस्टी घोषित किया गया साथ ही शक्तिपीठ अन्तर्गत चार समितियों



देवालय प्रबंधन प्रभारी दिनेश नामदेव,समिति, विधि एवं वित्त समिति प्रभारी श्रीमती कविता शुक्ला, संगठन प्रबंधन समिति प्रभारी राजेंद्र साहू एवं आंदोलन प्रभारी रामजी चंदन के साथ कार्यकारिणी समिति में विपिन बजाज समन्वयक जगत सिंह मरावी सह. समन्वयक, लक्ष्मीनारायण पटेल, शैलेश खंडेलवाल, नितिन रावत,प्रदीप शिवहरे, कन्हैया मूलचंदानी, अजय राय, राकेश अग्रवाल सदस्य बनें।

# युवा दिवस के अवसर पर शासकीय स्नातक महाविद्यालय में विविध कार्यक्रम आयोजित

नैनपुर (स्वतंत्र मत )।

शासकीय स्नातक महाविद्यालय नैनपुर में स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत 12 जनवरी को युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस 'युवा दिवस' के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वामी विवेकानंद जी का स्मरण करते हुए स्वामी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजन किया गया । योग के अंतर्गत सूर्य नमस्कार एवं अन्य गतिविधियों की गई। उपरोक्त कार्यक्रम प्राचार्य जी सी मेश्राम की अध्यक्षता में संपन्न किए गए। स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें प्रकोष्ठ प्रभारी देवप्रकाश उईके एवं अमित सेन द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला गया एवं स्वामी जी के राष्ट्र प्रेम और भारतीय संस्कृति के प्रति अगाध श्रद्धा को स्मरण किया गया। महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर मानवता के धर्म को सभी धर्मों से बढ़कर




मानने का संदेश प्रसारित किया एवं स्वामी जी के आदर्शों का जयघोष किया गया। तत्पश्चात 'रन फॉर स्वदेशी' की थीम को चरितार्थ करते हुए छात्र छात्राओं द्वारा एक रैली निकालकर सभी को स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में डॉ. एम के बघेल, डॉ. जे एस उर्वेति, डॉ. रविन चौहान, गिरवर सिंह राजपूत डॉ, संजीव सिंह, राहुल विश्वकर्मा, विनोद ठाकुर एवं संस्था के सभी कार्यरत पदाधिकारी उपस्थित रहे द्य कार्यक्रम में डॉ. रविन चौहान एवं अमित सेन ने विशेष सहयोग प्रदान किया । महाविद्यालय अध्यनरत छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में सहयोग किया एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति सराहनीय रही।

संपादकीय

# सख्ती से लागू हों फैसले


दिल्ली के प्रदूषण को लेकर देश-दुनिया में भारी चिंता है, लेकिन यह सिर्फ दिल्ली का ही संकट नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हरियाणा, उ.प्र. व राजस्थान के कई शहर भी प्रदूषणग्रस्त हैं। इसके अलावा लखनऊ, वाराणसी, जयपुर, पटना, मुजफ्फरपुर, कानपुर व देश के अन्य शहरों में भी प्रदूषण संकट आम लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहा है। हालांकि, इन शहरों में संकट दिल्ली जैसा नहीं है, लेकिन पूरे देश के लिए दीर्घकालीन योजना बनाने की जरूरत तो है।

दुनिया में सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में तीसरे स्थान पर आने वाली दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक का 450 के आसपास बना रहना, निश्चय ही खतरे की घंटी है। दिल्ली सरकार द्वारा उत्सर्जन मानकों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के शहर में प्रवेश पर रोक, दफ्तरों में वर्क फ्रॉम-होम, स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई, तोड़फोड़ व निर्माण पर रोक के बावजूद आशातीत परिणाम सामने नहीं आए हैं। इसी बीच, चीन के दूतावास ने दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण में मदद की पेशकश की है। चीनी दूतावास की एक प्रवक्ता ने बीते दिनों एक्स पर पोस्ट में स्क्रीनशॉट साझा किया है, जिसमें दिल्ली में एक्यूआई 447 व बीजिंग में 67 दिखाई दे रहा है। निस्संदेह, भारत व चीन दोनों ही तीव्र शहरीकरण की चुनौतियों से जूझ रहे हैं। लेकिन चीन ने योजनाबद्ध ढंग से उस परिदृश्य को दूर किया है, जिसमें चीन के तमाम शहर सर्दियों में स्मॉग से ढके रहते थे।

हालांकि, साम्यवादी चीन व लोकतांत्रिक भारत में नीतियों के क्रियान्वयन में मूलभूत अंतर है। फिर भी चीन की सफलता से सीखा जा सकता है। चीन ने पिछले दो दशकों में आक्रामक ढंग से इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाया। वाहन उत्सर्जन पर नियंत्रण किया। लाइसेंस प्लेट लॉटरी व ऑड-ईवन से सड़कों पर वाहनों को कम किया। उसने बड़े मेट्रो-बस नेटवर्क को बढ़ाकर सार्वजनिक परिवहन को मजबूत बनाया। करीब तीन हजार के करीब भारी उद्योगों को बीजिंग व आसपास के शहरों से हटाया गया। एक बड़ी स्टील कंपनी को हटाने से घातक कणों में बीस फीसदी की कमी आई। सबसे अधिक जोर कोयले पर आधारित बिजली संयंत्रों व उद्योगों पर रोक लगाने में लगा। इसके अलावा, निर्माण स्थलों पर धूल-रोधी जाली लगाने, पानी के छिड़काव-सफाई, किसानों को पराली भत्ता देने व प्रदूषण के पीक समय में निर्माण पर रोक जैसे कदम उठाए। वहां पौधारोपण को बढ़ावा दिया गया।

नि:संदेह, बीजिंग व दिल्ली की परिस्थितियां अलग हैं, लेकिन बीजिंग मॉडल पर विचार होना चाहिए। दरअसल, दिल्ली की भौगोलिक परिस्थिति बीजिंग से भिन्न है, दिल्ली लैंडलॉक्ड क्षेत्र है, आसपास समुद्री इलाका भी नहीं है। लेकिन कोयला आधारित संयंत्रों को बंद करने, सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने तथा औद्योगिक संस्थानों को राजधानी की सीमा से बाहर किया जाना चाहिए। इस कार्य के लिए विशेष बजट की भी व्यवस्था हो। चिंता की बात यह भी है कि दिल्ली की तीन सौ किमी की परिधि में ग्यारह कोयला आधारित पॉवर प्लांट्स हैं, जिन्हें सर्वाधिक प्रदूषण का स्रोत माना जाता है। बहरहाल, दीर्घकालिक नीति बनाने व फैसलों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है।

# उत्तर-पूर्व के नाजुक मुद्दों को संबोधित करने की जरूरत



गुरबचन जगत

लेखक मणिपुर के राज्यपाल एवं जम्मू-कश्मीर में पुलिस महानिदेशक रहे हैं

सदियों से, भारत अनगिनत हमलों का निशाना बनता रहा। यह एक प्राचीन सभ्यता थी, जिसके पास बेशुमार दौलत थी, और मध्य एशिया, ईरान, यूनान आदि के राजा सदा भारत पर हमला करने और उसे लूटने की कोशिश करते रहते थे। गौरी, गजनवी, अब्दाली, मुगल... ये सभी उत्तर-पश्चिम की तरफ से, खैबर दर्रे या ईरान और आज के पाकिस्तान के रास्ते आए। उन्होंने लूटा, अपवित्र किया, नरसंहार किया और कुल मिलाकर उस भूमि को बर्बाद कर दिया जो दौलत से तो भरी थी लेकिन खुद की रक्षा करने में असमर्थ रही।

मुगलों ने एक कदम और आगे बढ़कर यहां पर अपनी जड़ें जमा लीं और सदियों तक राज किया। हालांकि, हमारे दक्षिणी राज्य और साम्राज्य, अपनी दूरी के कारण, इन हमलों को भुगतने से बचे रहे, और वहां लंबे समय तक समुद्र के रास्ते कोई हमला नहीं हुआ। उन्होंने नजदीकी एवं सुदूर पूर्व के देशों के साथ व्यापार किया; उस व्यापार से आखिरकार जो आया, वह था यूरोपीय लोगों के रूप में एक कहीं ज़्यादा घातक हमलावर। पुराने उत्तर-पूर्वी राज्य (अहोम, मैतेई, कचारी, त्रिपुरी, वगैरह) लंबे समय तक निरंतर आपसी संघर्ष और अशांति की स्थिति में थे। अंग्रेजों ने जो वर्गीकरण थोपा उससे यह पुरानी दरारें और ज्यादा चौड़ी हो गईं। इसमें और इजाफा हुआ बर्मा साम्राज्य के साथ युद्ध और संघर्ष से।

आज मैं जिस पर ध्यान केंद्रित करना चाहूंगा वह है उत्तर-पूर्व,क्योंकि भारतीय उपमहाद्वीप के इस अपेक्षाकृत दूरदराज कोने में एक बेचैनी पनप रही है, जिसे अगर थामा नहीं गया, तो आने वाले समय में यह इस क्षेत्र में बहुत अस्थिरता का स्रोत बन जाएगा। प्रकृति को शून्यता पसंद नहीं है और यह तब और भी ज़्यादा लागू है जब बात शक्ति और अधिकार की शून्यता भरने की आए। जो आग आज एक छोटी सी झाड़ी की लग रही है, ऐसे में जब कतिपय 'तत्वों' द्वारा हवा दी जा रही हो, तो कल को वह एक बेकाबू दावानल बन सकती है जिसे बुझाने में भारी संसाधन खपाने पड़ेंगे और यह हमें और कमजोर करेगी। यही वह कमजोरी है जो सदियों से हमलावरों को लाती रही है।

आज की तारीख में, दक्षिण अभी भी सुरक्षित है,





सिवाय समुद्र के रास्ते होने वाली बड़े पैमाने की तस्करी के। इस समस्या से निपटने के लिए हमारे पास तट रक्षक बल और नौसेना है। उत्तर और उत्तर-पश्चिम में नियंत्रण रेखा के पार से पाकिस्तान और लद्दाख में चीन की लगातार चुनौती बनी हुई है। यहां संघर्ष की सीमाएं पुरानी हैं, और नागरिक तथा हमारे रक्षा बल हमलावरों और घुसपैठियों की परेशान करने वाली लहरों के उतार-चढ़ाव के आदी हैं। मैं ऐसा नहीं कहूंगा कि यह एक तेज़ी से क्रमिक विकास करती चुनौती नहीं है, लेकिन शायद समय के साथ यह अपनी मौजूदगी में स्थिर रही है।

पूर्वोत्तर की बात करें तो, हमें इस मोर्चे पर जिस गंभीर और आसन्न खतरे का सामना करना पड़ सकता है, उसे पहचानना होगा। क्योंकि आज हमारे पास पड़ोसी के तौर पर एक अस्थिर म्यांमार है, साथ ही बांग्लादेश भी है, जो पहले हमारा दोस्त था लेकिन अब हमारे प्रति बहुत ज़्यादा बैर पाले हुए है। बांग्लादेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को अलग-थलग करने और चीन की मदद से उग्रवाद को बढ़ावा देने की ज़रूरत के बारे में नियमित बयान दे रहे हैं। पाकिस्तान, चीन की गुप्त मदद से उनके साथ है और उन्हें जन, सामान और नैतिक समर्थन दे रहे हैं। पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को भारत के प्रति अपनी बुरी भावना और कश्मीर के लिए अपने मंसूबे ज़ाहिर करने में जरा हिचक नहीं है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर गंभीर अत्याचार हो रहे हैं और निशाना बनाकर हत्याएं हो रही हैं। चीनी ड्रैगन की लगातार बढ़ती मौजूदगी एक खतरा है जो हर दिन बढ़ रहा है।पेंटागन की रिपोर्ट से पता चलता है कि ताईवान की तरह चीन के लिए अरुणाचल प्रदेश बहुत अहम इलाका है। अरुणाचल सीमा के पार चीन अपने मिलिट्री ठिकानों को तेज़ी से बढ़ा रहा है, जिसमें अग्रिम इलाकों में हवाई अड्डे और हैंगर शामिल हैं। उसने इस इलाके में गांव भी बसाए हैं। याद रखें कि लद्दाख इलाके में हमारी चीन के साथ आमने-सामने की टक्कर हुई है। चीन लगातार ऐसे इलाकों की तलाश में है जहां अग्रिम ठिकाने बनाए जा सकें। इस बीच, ऐसी खबरें आई हैं कि उल्फा के कई गुट चीन से निकलकर बांग्लादेश जा रहे हैं और अपने जैसी अन्य ताकतों के साथ गठजोड़ कर रहे हैं। ये गुट पश्चिम बंगाल, असम, मिजोरम, मणिपुर और त्रिपुरा में विगत के आंदोलनों के बचे-खुचे हिस्से को हवा देंगे। हमारे इन राज्यों में पहले से ही अंदरूनी समस्याएं हैं जो हाल के सालों में और बढ़ गई हैं। मसलन, मणिपुर में मैतेई और पहाड़ी जनजातियां- कुकी, नागा वगैरह ऐतिहासिक मतभेदों के कारण आपस में बंटी हुई हैं। ये पहाड़ी जनजातियां मिजोरम, मेघालय और नगालैंड में भी फैली हुई हैं। मणिपुर में हिंसा लगातार जारी है और जबकि वहां सेना, अर्धसैनिक बल और पुलिस की भारी मौजूदगी है। इस समस्या को हल करने की ज़रूरत है, और बलों को कार्रवाई की एक स्पष्ट योजना दी जानी चाहिए। मिजोरम, मेघालय और नगालैंड में शरणार्थी कैंप हैं, जो विस्थापित जनजातियों के प्रति सहानुभूति दर्शाते हैं। इस समस्या में और वृद्धि यह हो सकती है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश, चीन और म्यांमार की सक्रिय मदद से पुरानी आंतरिक गड़बड़ी फिर से शुरू हो सकते हैं। यहां सनद रहे कि इन विद्रोहों को पहले पहल लोगों का समर्थन मिला था। इन इलाकों में लंबे समय तक सामान्य राजनीतिक गतिविधियों पर रोक रही, और इन्हें काबू में लाने में सेना, कूटनीति और नागरिक प्रशासन को दशकों तक मेहनत करनी पड़ी। इन संगठनों के संयुक्त प्रयासों से राजनीतिक प्रक्रिया बहाल हो पाई। अभी भी कुछ सेवानिवृत्त सेना, नागरिक और पुलिस अधिकारी हैं, जिन्हें उस समय की कई खौफनाक कहानियां याद हैं। दशकों से बहुत खून बह चुका है- हमारे सुरक्षाकर्मियों और इन राज्यों में रहने वाले हमारे लोगों का खून। आइए अब हम अपने राजनीतिक और नागरिक समाज के तमाम संसाधनों का इस्तेमाल इस समस्या को हल करने में करें, ताकि हमें फिर से हथियारों का सहारा न लेना पड़े। आइए हम दुश्मन का दृढ़ता से सामना करें, जिस भी तरह से सही लगे, लेकिन उन्हें अपनी नापाक योजनाओं को पूरा न करने दें।

पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार और चीन का आपसी गठजोड़ कोई कल्पना न होकर एक सच्चाई है। यदि इसे नहीं रोका गया, तो यह गठजोड़ विद्रोही ताकतों से मिल जाएगा, तब हालात और भी खराब हो जाएंगे। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि आज अमेरिका अपनी ही रणनीति पर चल रहा है- हमारे हित उससे मेल खाते हैं या नहीं, इससे अमेरिकियों को कोई फर्क नहीं पड़ता। कार्रवाई करने का समय अभी है। क्या हम इस चुनौती को पहचानने और उसका डटकर सामना करने के लिए तैयार हैं? जैसा कि शेक्सपियर ने लिखा था, 'इंसानों के मामलों में एक ऐसा मोड़ आता है, इसका सही समय पर फायदा उठा लिया जाए, तो किस्मत बदल देता है...।'

# अंतरिक्ष महाशक्ति बनने की दिशा में अहम उड़ान



डॉ. शशांक द्विवेदी

लेखक विज्ञान विषयों के जानकार हैं

भले ही इसरो का पीएसएलवी सी-62 पथ से भटक गया लेकिन इससे पहले ही भारत ने सिद्ध कर दिया है कि वह केवल अंतरिक्ष तक पहुंचने वाला देश नहीं, बल्कि अंतरिक्ष तकनीक में वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ता राष्ट्र है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा एलवीएम3-एम6 रॉकेट का सफल प्रक्षेपण यह साबित करता है कि भारत अब केवल एक सीखने वाला देश नहीं रहा, बल्कि अपनी तकनीक और क्षमता के बल पर नई दिशा तय कर रहा है। यह सफलता केवल वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं, बल्कि देश की सोच, नीति और आत्मनिर्भरता का प्रतीक भी है। भारत ने जब अपना पहला उपग्रह आर्यभट्ट अंतरिक्ष में भेजा था, तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि एक दिन भारत भारी उपग्रहों को अपने दम पर अंतरिक्ष में स्थापित करेगा। आज उपग्रह हमारे जीवन का हिस्सा बन चुके हैं। मोबाइल संचार, इंटरनेट, मौसम की जानकारी, टीवी प्रसारण, कृषि सलाह, आपदा प्रबंधन और सीमा सुरक्षा-इन सभी में अंतरिक्ष तकनीक की अहम भूमिका है। एलवीएम3 जैसे शक्तिशाली रॉकेट यह भरोसा देते हैं कि देश अब अपनी जरूरतों के लिए किसी और पर निर्भर नहीं है। एलवीएम3 भारत का सबसे ताकतवर प्रक्षेपण यान है। पहले इसे जीएसएलवी मार्क-3 के नाम से जाना जाता था। इसका उपयोग भारी उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजने के लिए किया जाता है। एलवीएम3-एम6 इस रॉकेट का छठा सफल मिशन है, जिसमें उपग्रह को तय योजना के अनुसार सुरक्षित रूप से उसकी कक्षा में स्थापित किया गया। इस मिशन की सफलता यह दिखाती है कि इसरो की तकनीक अब पूरी तरह से भरोसेमंद हो चुकी है। एलवीएम3 रॉकेट तीन चरणों में काम करता है। पहले चरण में ठोस ईंधन वाले दो बड़े बूस्टर रॉकेट को तेजी से ऊपर ले जाते हैं। दूसरे चरण में तरल ईंधन वाला इंजन रॉकेट को स्थिर गति देता है। तीसरे और अंतिम चरण में क्रायोजेनिक इंजन काम करता है, जो उपग्रह को सटीक कक्षा में पहुंचाता है। भारत के लिए क्रायोजेनिक तकनीक लंबे समय तक चुनौती रही, लेकिन आज यह पूरी तरह स्वदेशी बन चुकी है। एलवीएम3-एम6 मिशन 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान की एक सशक्त मिसाल है। इस रॉकेट में इस्तेमाल होने वाली अधिकांश तकनीक और उपकरण देश में ही विकसित किए गए हैं। इससे विदेशी निर्भरता कम हुई है, साथ ही, देश में उच्च तकनीकी उद्योगों को भी बढ़ावा मिला है। यह उपलब्धि बताती है कि भारत जटिल तकनीकों को समझने और विकसित करने में सक्षम है। अब भारत का सपना है कि वह अपने अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजे। इस सपने को पूरा करने



के लिए गगनयान मिशन पर काम चल रहा है। एलवीएम3 रॉकेट इसी मिशन की रीढ़ है। एलवीएम3-एम6 से मिले अनुभव और आंकड़े मानव अंतरिक्ष उड़ान की तैयारी में मदद करेंगे। इससे रॉकेट की सुरक्षा, विश्वसनीयता और प्रदर्शन को और बेहतर बनाया जा सकेगा। अंतरिक्ष आज विज्ञान का ही क्षेत्र नहीं रहा। यह राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा है। संचार उपग्रह, निगरानी उपग्रह व नेविगेशन सिस्टम देश की सुरक्षा के लिए जरूरी हैं। एलवीएम3 जैसे रॉकेट भारत को यह ताकत देते हैं कि वह अपने रणनीतिक उपग्रह खुद लॉन्च कर सके। इससे देश की सुरक्षा और मजबूत होती है। अंतरिक्ष क्षेत्र अब एक बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन चुका है। दुनियाभर में सैटेलाइट लॉन्च, डेटा सेवाओं और अंतरिक्ष अनुसंधान में भारी निवेश हो रहा है। एलवीएम3 की सफलता भारत को इस वैश्विक बाजार में मजबूत स्थान दिलाएगी। इससे कंपनियों, स्टार्टअप्स और युवाओं के लिए नए रोजगार व अवसर पैदा होंगे। अंतरिक्ष क्षेत्र अब केवल सरकारी प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं रहा। एलवीएम3-एम6 जैसे मिशन देश के युवाओं को प्रेरित करेंगे। अब विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में कैरियर बनाकर देश की सेवा की जा सकती है। आज जब युवा विदेश जाने का सपना देखते हैं, तो ऐसे मिशन उन्हें विश्वास दिलाते हैं कि भारत में भी विश्वस्तरीय काम हो रहा है। इसरो की पहचान कम लागत में बड़े काम करने की रही है। एलवीएम3 भी इसका उदाहरण है। सीमित संसाधनों के बावजूद इसरो ने ऐसा रॉकेट विकसित किया है, जो अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरता है। यह भारत की कार्यसंस्कृति और योजना क्षमता को दर्शाता है। इस सफलता से भारत की छवि भरोसेमंद अंतरिक्ष संबंधी तकनीकी क्षमता वाले राष्ट्र के रूप में मजबूत हुई। अब कई देश भारत के साथ अंतरिक्ष सहयोग बढ़ाना चाह रहे हैं। भारत आने वाले वर्षों में चंद्रयान, गगनयान और अन्य अंतरिक्ष अभियानों पर काम करेगा। इन सभी अभियानों की सफलता का आधार एलवीएम3 जैसे रॉकेट हैं। इसका सफल प्रक्षेपण केवल एक रॉकेट की उड़ान नहीं है। यह भारत के वैज्ञानिक आत्मविश्वास, तकनीकी क्षमता और भविष्य की तैयारी का प्रतीक है। यह प्रक्षेपण भारत के सपनों को नई ऊंचाई देने वाला कदम है-एक ऐसा कदम, जो देश को अंतरिक्ष महाशक्ति बनने की दिशा में और करीब ले जाएगा।

# लाइकतंत्र के भरोसे लोकतंत्र

आलोक पुराणिक

वर्ष 2025 खत्म हो गया है, पर रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म नहीं हो रहा है। कई बार लगता है कि बस अंत हो गया है, पर फिर चलता जाता है। लगता है कि इस युद्ध को चलाने वालों ने एकता कपूर के सीरियल स्कूल से ट्रेनिंग ली है, हर बार स्टोरी आगे बढ़ा देते हैं। पुतिन हर बार कहते हैं-'हम शांति चाहते हैं।' और फिर अगले दिन मिसाइलें भेज देते हैं। जेलेंस्की हर मंच पर कहते हैं-'हम जीत रहे हैं।' और फिर अगले दिन मदद की गुहार लगाते हैं। दुनिया देख रही है कि यह युद्ध अब असली से ज़्यादा राजनीतिक रियलिटी शो बन गया है।



व्यंग्य

पाकिस्तान साल के शुरू में भिखारी था और अंत में भी भिखारी ही है। पाक नेता, आर्मी जनरल जब अपनी एयरलाइंस नहीं बेच रहे होते हैं, तो वो किसी देश या इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड के पास भीख मांगने जा रहे होते हैं। आईएमएफ के दरवाज़े पर पाक द्वारा इतनी बार दस्तक दी गई कि अब आईएमएफ ने बोर्ड पर लिख दिया है-'पाकिस्तानियों के लिए अलग लाइन।'


ट्रंप का जलवा कायम रहा, कॉमेडियनों और कार्टूनिस्टों के बीच। रोज कुछ बयान ऐसे देते हैं ट्रंप कि कार्टूनिस्टों को रोजगार मिल जाता है। ट्रंप की मानें तो हजारों युद्ध रुकवा चुके हैं, यह अलग बात है कि इतने युद्ध फिर शुरू हो गये हैं।

दिल्ली कुछ समय पहले तक भीषण स्मॉग से परेशान थी, अब यह परेशानी कम हो गयी है, क्योंकि अब जनता ठंड से परेशान है। ठंड और स्मॉग मिलकर अद्भुत कॉकटेल बना रहे हैं दिल्ली में। अब तक तमाम डिपार्टमेंट के अफसर, कर्मचारी दिल्ली में पोस्टिंग की जुगाड़ लगाते हैं। बहुत जल्दी यह होगा कि जिन्हें दंड देना होगा, उनकी पोस्टिंग दिल्ली में होगी- पनिशमेंट पोस्टिंग।

कइयों को लगता है कि नेताओं से ज्यादा पॉपुलर हो रहे हैं सोशल मीडिया स्टार। लाखों फॉलोअर हैं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों के। अब लोग नेताओं की नहीं, सोशल इनफ्लुएंसरों की सुन रहे हैं। इस ख्याल से कई सोशल इनफ्लुयएंसर पॉलिटिक्स में आ जाते हैं। पांच लाख फॉलोअर वाले इनफ्लुएंसर को पांच सौ वोट न मिलते। यानी इस देश की जनता 2025 बीतते-बीतते बहुत चतुर हो गयी है। वह नेता के साथ-साथ सोशल इन्फ्लुएंसर को भी बेवकूफ बना लेती है। इससे पता लगता है कि जनता चतुर हो रही है और नेता बेवकूफ। लोकतंत्र या लाइकतंत्र, जनता के सामने ठोस रिजल्ट देने होंगे। सिर्फ लफ्फाजी से काम न चलेगा।

धुरंधर फिल्म सुपर कामयाब रही है। पाकिस्तान की चिंताएं बढ़ गयी हैं क्योंकि धुरंधर टू भी आने वाली है। पहले सन्नी देयोल ही खंभा उखाड़ परफारमेंस देते थे, अब रणवीर सिंह खंभा नहीं, आईएसआई उखाड़ परफारमेंस दे रहे हैं। पाकिस्तान से युद्ध लड़ने में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री बिजी है। सीनियरटी के लिहाज से इस युद्ध में सन्नी देओल को ब्रिगेडियर माना जा सकता है और रणवीर सिंह को कर्नल।

# दिलों को जोड़ने वाला पंजाब का पर्व लोहड़ी: विरासत से वैश्विक पहचान तक



डॉ. संदीप सबलोक

**लोहड़ी केवल लकड़ियों का ढेर जलाना नहीं, बल्कि आपसी ईर्ष्या और तनाव को भस्म कर रिश्तों में गुड़-तिल जैसी मिठास घोलने का सामूहिक संकल्प है।**

भारत ऋतुओं और त्योहारों का देश है, जहाँ हर उत्सव प्रकृति के परिवर्तन और मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा है। उत्तर भारत, विशेषकर पंजाब की सांस्कृतिक पहचान लोहड़ी का पर्व मात्र एक त्योहार नहीं, बल्कि यह कड़कड़ाती ठंड में जीवन की ऊष्मा, रबी की फसल की सुखद दस्तक और अन्याय के विरुद्ध वीरता के विजयघोष का संगम है। पौष माह की अंतिम रात्रि को जब अलाव की लपटें आकाश को चूमती हैं, तो वे केवल लकड़ियाँ नहीं जलतीं, बल्कि समाज की जड़ता और नकारात्मकता को भी भस्म करने का संदेश देती हैं।

### दुल्ला भट्टी की शौर्य और न्याय की अमर गाथा

लोहड़ी के सांस्कृतिक ताने-बाने में दुल्ला भट्टी का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। मुगल सम्राट अकबर के शासनकाल के दौरान पंजाब के वीर नायक दुल्ला भट्टी ने न केवल दमनकारी व्यवस्था को चुनौती दी, बल्कि नारी सम्मान की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उस दौर में जब गरीब कन्याओं को गुलाम बाजार में बेचा जा रहा था, तब दुल्ला भट्टी ने सुंदरी और मुंदरी नामक दो अनाथ लड़कियों को जालिमों के चंगुल से मुक्त कराया। इतिहास गवाह है कि दुल्ला भट्टी ने न केवल उन लड़कियों को सुरक्षा दी, बल्कि स्वयं उनका धर्म-पिता बनकर एक जंगल में आग जलाकर हिन्दू लड़कों से उनकी शादी करवाई और शगुन के रूप में उन्हें शक्कर दी। आज भी लोहड़ी के हर गीत में- सुंदर मुंदरिये हो! तेरा कौण विचारा हो! दुल्ला भट्टी वाला हो! गूँजता है, जो हमें याद दिलाता है कि वीरता का अर्थ ही मजलूमों की रक्षा करना है। आज भी ये पंक्तियाँ पंजाब के गाँवों में गूँजती हैं। यह कहानी हमें संदेश देती है कि लोहड़ी केवल खाने-पीने का पर्व नहीं, बल्कि अन्याय के विरुद्ध खड़े होने और नारी सम्मान की रक्षा का संकल्प भी है।

### परंपराओं की सोंधी खुशबू

लोहड़ी का पर्व पंजाब की कृषि परंपरा से गहरा नाता रखता है। यह रबी की फसल, विशेषकर गन्ने और सरसों की कटाई के समय आता है। इस दिन सूर्य देव और अग्नि देव की पूजा की जाती है। लोग अग्नि के चारों ओर परिक्रमा करते हुए उसमें मूँगफली, रेवड़ी, गजक, पॉपकॉर्न और तिल अर्पित करते हैं। इसे चर्खा चढ़ाना या आहुति देना कहा जाता है। मान्यता है कि अग्नि में अर्पित ये चीजें भविष्य की समृद्धि और अच्छी फसल की प्रार्थना का माध्यम हैं। रात के समय मक्की की रोटी और सरसों का साग इस पर्व के स्वाद को पूर्णता प्रदान करता है। मान्यता है कि अग्नि में डाली गई ये वस्तुएँ अच्छी फसल के लिए ईश्वर को दिया गया धन्यवाद है। अग्नि को समर्पित किया जाने वाला तिल और गुड़ का मेल केवल स्वास्थ्यवर्धक नहीं, बल्कि संपन्नता का प्रतीक है। तिल के दाने की तरह समृद्धि बढ़ने की कामना की जाती है। लोहड़ी मनाने के लिए छोटे बच्चों की टोलियाँ घर-घर जाकर लोहड़ी माँगती हैं, जो सामाजिक सद्भाव और आपसी जुड़ाव को दर्शाता है। लोहड़ी के गीतों के बिना यह उत्सव अधूरा ही रहता है। छोटे बच्चों की टोलियाँ जब घर-घर जाकर दे माई लोहड़ी, तेरी जीवे जोड़ी गाती हैं, तो यह आपसी स्नेह और दुआओं का आदान-प्रदान होता है। इन गीतों में केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि मिट्टी से जुड़ाव और बुजुर्गों के प्रति सम्मान झलकता है। लोहड़ी का त्यौहार हमारी कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था और गौरवशाली इतिहास का दर्पण है। यह हमें सिखाती है कि कैसे कड़ाके की ठंड (चुनौतियों) के बीच भी हंसी, नृत्य और अग्नि की गर्मी से जीवन को उत्सव बनाया जा सकता है।

### नवजात और नव-विवाहितों की लोहड़ी: भावनात्मक परंपरा

जिस घर में नई बहू आई होती है, वहाँ लोहड़ी का आयोजन किसी उत्सव से कम नहीं होता। नई बहू सज-धज कर अग्नि पूजन करती है और बड़े-बुजुर्ग उसे सुख-सौभाग्य का आशीर्वाद देते हैं। यह परंपरा परिवार में नए सदस्य के प्रति प्रेम और स्वीकार्यता का प्रतीक है। इसी तरह घर में शिशु के आगमन के बाद आने वाली पहली लोहड़ी पर मंगण की रस्म होती है। रिश्तेदार और मित्र ढोल की थाप पर भांगड़ा और गिद्धा डालते हुए अपनी खुशियाँ साझा करते हैं। यह नवजात के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना का सामूहिक अवसर होता है।

### बदलता स्वरूप : अब बेटियों की भी लोहड़ी

परंपराओं की सबसे बड़ी खूबसूरती उनका समय के साथ ढलना है। पुराने समय में लोहड़ी मुख्य रूप से पुत्र रत्न की प्राप्ति पर मनाई जाती थी, लेकिन आज पंजाब की मिट्टी से एक नई क्रांति की गूँज सुनाई दे रही है। अब समाज में बेटियों के जन्म पर भी उतनी ही धूमधाम से लोहड़ी मनाई जा रही है। गाँवों और शहरों में अब बेटियों की लोहड़ी का आयोजन कर समाज को लैंगिक समानता का कड़ा संदेश दिया जा रहा है। यह बदलाव दुल्ला भट्टी के उस संकल्प को और भी मजबूत करता है जिसमें उन्होंने कन्याओं की रक्षा को सर्वोपरि माना था।

### तनाव मुक्त जीवन और सामाजिक समरसता का अवसर

आज की तनावपूर्ण जीवनशैली में लोहड़ी मौज-मस्ती और उल्लास का वह झोंका है, जो लोगों को जोड़ने का काम करता है। ढोल की थाप पर भांगड़ा और गिद्दा केवल नृत्य नहीं, बल्कि मन के तनाव को दूर करने की एक सामूहिक थेरेपी है। गांव-मोहल्ले के लोग जब एक ही अलाव के चारों ओर बैठते हैं, तो पुराने गिले-शिकवे धुएँ की तरह उड़ जाते हैं और गुड़-तिल की मिठास रिश्तों में घुल जाती है। कनाडा, अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में भी भारतीय मूल के लोग इसी भाईचारे और प्रेम के कारण सात समंदर पार भी अपनी मिट्टी की खुशबू को जीवित रखे हुए हैं। पंजाब की जीवंत संस्कृति में लोहड़ी का त्योहार केवल एक तिथि नहीं, बल्कि खुशियों का वह महाकुंभ है जो रिश्तों की गर्माहट से सर्दियों की ठिठुरन को मात देता है। आज की भागमभाग भरी जिंदगी, जहाँ मनुष्य मशीनी उपकरणों के बीच तनावपूर्ण जीवन जीने को मजबूर है, वहाँ लोहड़ी जैसे पर्व हमें अपनी जड़ों की ओर लौटने और आपसी भाईचारे के सूत्र में बंधने का अनमोल अवसर प्रदान करते हैं। पंजाब की सीमाओं से निकलकर अब यह उत्सव बंगलुरु के आईटी हब तक और असम के चाय बागानों से लेकर गुजरात के तटों तक, लोहड़ी की अग्नि जलती दिखती है। मध्य भारत, दक्षिण और पूर्वोत्तर राज्यों से होते हुए सात समंदर पार कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे कई देशों में भी भारतीय मूल के लोग ढोल की थाप पर लोहड़ी का जश्न मनाकर अपनी जड़ों का गौरव गान कर रहे हैं। विदेशों में बसे प्रवासी भारतीयों ने तो इसे एक इंटरनेशनल फेस्टिवल बना दिया है। हाड़ कंपा देने वाली ठंड में विदेशों की सड़कों पर जब भांगड़ा और गिद्दा पड़ता है, तो वह भारत की सांस्कृतिक विविधता और एकता का वैश्विक परिचय देता है। लोहड़ी का पर्व विश्वास, विजय और उल्लास का त्रिवेणी संगम है। यह हमें प्रकृति का सम्मान करना, वीरों को याद रखना और नई पीढ़ी का स्वागत करना सिखाता है। आइए, इस वर्ष लोहड़ी की इस पवित्र अग्नि में हम ईर्ष्या और भेदभाव की आहुति दें और प्रेम व मानवता के उजाले को चारों ओर फैलाएं।



## जॉर्जिया के पूर्व प्रधानमंत्री को धनशोधन मामले में 5 साल कैद

**त्बिलिसी (वार्ता)।** जॉर्जिया के पूर्व प्रधानमंत्री इराकली गैरीबाशविली को धनशोधन के आरोप में पांच साल जेल और दस लाख जॉर्जियन लारी (लगभग 3,70,000 अमेरिकी डॉलर) जुर्माने की सजा दी गयी है। स्थानीय मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। जॉर्जिया के लोक अभियोजक कार्यालय ने कहा कि श्री गैरीबाशविली ने आरोपों को स्वीकार कर लिया है और समझौते की शर्तों पर सहमत हो गए, जिन्हें बाद में अदालत ने बरकरार रखा। उनकी आपराधिक गतिविधियों और उनके घर की तलाशी के दौरान जब्त किए गए धन को सरकारी खजाने में जमा करा दिया जाएगा। श्री गैरीबाशविली 2013 से 2015 तक और फिर 2021 से 2024 तक जॉर्जिया के प्रधानमंत्री रहे।

## अमेरिका ने एक साल में एक लाख से अधिक वीजा किये रद्द

**वॉशिंगटन (वार्ता)।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लगभग एक साल पहले पदभार संभालने के बाद से अब तक एक लाख से अधिक वीजा रद्द किए जा चुके हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी है। विभाग ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि रद्द किए गए वीज़ा में लगभग 8,000 छात्रों के वीज़ा और 2,500 स्पेशल वीज़ा उन लोगों के शामिल हैं जिनका आपराधिक गतिविधि लिप्त होने पर अमेरिकी कानून प्रवर्तन एजेंसियों से सामना हुआ था। विदेश मंत्रालय ने कहा, हम अमेरिका को सुरक्षित रखने के लिए इन गुंडों को निर्वासित करते रहेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, ज़्यादातर वीजा उन व्यापार और पर्यटक यात्रियों के रद्द किए गए जिन्होंने अपने वीज़ा की अवधि से ज़्यादा समय तक देश में बिताया था। रद्द किए गए वीजा में से लगभग 8,000 छात्रों के वीज़ा हैं।

## इजरायली टैंक ने संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर की गोलीबारी

**बेरुत (वार्ता)।** लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूनिफिल) ने कहा है कि उसके शांति सैनिकों पर एक इजरायली टैंक ने गोलीबारी की है। मिशन ने एक बयान में कहा, आज सुबह यूनिफिल शांति सैनिकों ने सरदा के पास लेबनानी क्षेत्र में इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) की एक चौकी से दो मर्कावा टैंकों को लेबनान में आगे बढ़ते हुए देखा। शांति सैनिकों ने संपर्क चैनलों के माध्यम से टैंकों से अपनी गतिविधि रोकने का अनुरोध किया। कुछ समय बाद एक टैंक ने अपनी मुख्य तोप से तीन गोले दागे, जिनमें से दो गोले शांति सैनिकों से लगभग 150 मीटर दूर जाकर गिरे।

## फिलीपींस में लैंडफिल ढहने से मृतकों की संख्या 11 हुई

**मनीला (वार्ता)।** फिलीपींस के मध्य शहर सेबू में एक विशाल मलबा ढेर (लैंडफिल) ढहने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है, जबकि बचावकर्मी मंगलवार को लापता अन्य 25 श्रमिकों की तलाश कर रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सेबू शहर के मेयर नेस्टर आर्चीवल ने कहा था कि सभी 18 जीवित बचे लोग घायल हैं और अस्पतालों में उनका इलाज चल रहा है।

# विरोध की आग में धधक रहा ईरान

## खामेनेई की वॉर्निंग के बाद मरने वालों की संख्या बढ़ी

तेहरान

ईरान में बगावत की आग धधक रही है जहां जनता खामेनेई शासन के खिलाफ पीछे हटने को तैयार नहीं है। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प में अब तक 648 लोगों की मौत हो चुकी है। ईरान में हो रहे आंदोलन को अमेरिका खुला समर्थन दे रहा है और राष्ट्रपति ट्रंप बार-बार कह रहे हैं कि वो ईरान में हस्तक्षेप कर सकते हैं। अमेरिका की इन धमकियों के बीच अब ईरान ने कहा है कि अगर उस पर हमला होता है तो वो चुप नहीं बैठेगा, वो भी युद्ध के लिए तैयार है।

ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर कालिबाफ ने अमेरिका को एक बार फिर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका अशांति से जूझ रहे ईरान में हस्तक्षेप करता है, तो क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों, जहाजों और अमेरिकी सैनिकों को निशाना बनाया जाएगा। ईरान के सरकारी ब्रॉडकास्टर प्रेस टीवी के अनुसार, कालिबाफ ने चेतावनी देते हुए कहा, आइए और देखिए



कि क्षेत्र में अमेरिकी जहाजों और सैन्य ठिकानों का क्या हाल होता है। आइए और ईरानी राष्ट्र की आग में इस कदर जलिए कि यह इतिहास में सभी दमनकारी अमेरिकी शासकों के लिए एक स्थायी सबक बन जाए। अगर आप कुछ करते हैं तो समझ ही जाएंगे कि आपके साथ और इस क्षेत्र के साथ क्या होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान में प्रदर्शनों को देखते हुए वहां सैन्य कार्रवाई के विकल्प पर विचार कर रहे हैं। ट्रंप ने रविवार को एयर फोर्स वन में पत्रकारों से कहा था, सेना इस पर नजर बनाए हुए है और हम कुछ बेहद कड़े विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। हम फैसला करेंगे। अमेरिका ने इस बीच मध्य-पूर्व में अपने सबसे बड़े मिलिट्री बेस कतर के अल उदैद एयर बेस पर अपने युद्धक विमानों की गतिविधियां बढ़ा दी है। ईरान की सीमा से करीब 200 से 300 किलोमीटर दूर स्थित कतर के अल उदैद एयर बेस पर अमेरिकी फाइटर जेट्स की गतिविधियों में इजाफा हुआ है।

इसी बीच अमेरिकी सरकार ने एक आपात अलर्ट जारी कर अपने नागरिकों से ईरान छोड़ने का आग्रह किया है। इजरायली मीडिया की रिपोर्टों के मुताबिक, रविवार रात अल उदैद एयर बेस से कई अमेरिकी युद्धक विमानों ने उड़ान भरी, जिनमें केसी-135 एरियल रिफ्यूलिंग टैंकर और बी-52 रणनीतिक बॉम्बर शामिल थे। दोहा से लगभग 35 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित यह एयर बेस 10 हजार से अधिक अमेरिकी सैनिकों का ठिकाना है। यह क्षेत्र में अमेरिका के सबसे बड़े सैन्य अड्डों में से एक है। यहां 4,500 मीटर लंबा रनवे है, जिस पर बी-52 जैसे बड़े स्ट्रैटजिक बॉम्बर और सैन्य परिवहन विमान आसानी से उतर सकते हैं और उड़ान भर सकते हैं।

### प्रदर्शनों में मौतों का आंकड़ा बढ़ा

ईरान में देशभर में जारी प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 648 हो गई है। हालांकि, आशंका जताई जा रही है कि मरने वालों की संख्या इसके कई गुना अधिक हो सकती है। यह आंकड़ा अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी की ओर से जारी किया गया है। यह समूह पिछले कई सालों के प्रदर्शनों के दौरान लगातार सटीक जानकारी देता रहा है। एजेंसी ईरान के भीतर सक्रिय एक्टिविस्ट्स के एक नेटवर्क पर निर्भर करती है, जो सभी रिपोर्ट की गई मौतों की पुष्टि करता है।

## ईरान में प्रदर्शनकारी को दी जाएगी फांसी

**तेहरान।** ईरान में सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के शासन के खिलाफ चल रहे व्यापक विरोध प्रदर्शनों एक युवक को फांसी देने की तैयारी चल रही है। मानवाधिकार संगठनों के अनुसार, ईरान की सरकार 26 वर्षीय प्रदर्शनकारी इरफान सोलतानी को फांसी देने की तैयारी कर रही है। सोलतानी को पिछले हफ्ते राजधानी तेहरान के पास कराज में विरोध प्रदर्शनों के दौरान गिरफ्तार किया गया था। उसे बुधवार 14 जनवरी को बिना उचित सुनवाई के फांसी दी जानी है। नॉर्वे स्थित गैर सरकारी संगठन ईरान ह्यूमन राइट्स (आईएचआर) ने सूत्रों के हवाले से बताया, सोलतानी के परिवार को बताया गया कि उसे मौत की सजा सुनाई गई है। दरअसल, ईरान की सरकार द्वारा यह फैसला ऐसे समय में सुनाया गया है, जब आईएचआर ने विरोध प्रदर्शनों के दौरान मारे गए 648 लोगों की पुष्टि की है। वहीं, चेतावनी दी है कि मरने वालों की संख्या बहुत अधिक हो सकती है। कुछ अनुमानों के अनुसार, प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या 6,000 के पार होने का अनुमान लगाया जा रहा है। आईएचआर ने कहा कि इंटरनेट बंद होने के कारण इन रिपोर्टों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि करना बेहद मुश्किल हो गया है।




# अमेरिका में ग्रीनलैंड पर कब्जे का बिल पेश

वाशिंगटन

अमेरिकी सांसद रैंडी फाइन ने सोमवार को 'ग्रीनलैंड एनेक्सेशन एंड स्टेटहुड एक्ट' नाम से एक बिल पेश किया है। इस बिल का मकसद अमेरिकी सरकार को ग्रीनलैंड को अपने कब्जे में लेने और बाद में इसे अमेरिका का राज्य बनाने के लिए कानूनी अधिकार देना है। सांसद रैंडी फाइन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके इस बिल की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह कदम रूस-चीन के प्रभाव को रोकने के लिए बहुत जरूरी है। इसके बाद संसद को राज्य बनने के लिए जरूरी सुधारों की पूरी रिपोर्ट सौंपी जाएगी। अगर ये बिल पास हुआ तो अमेरिका को ग्रीनलैंड को अपना 51वां राज्य बनाने का अधिकार मिल जाएगा। हालांकि, यह बिल अभी सिर्फ पेश हुआ है इसे हाउस और सीनेट दोनों में पास होना है। कई एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह बहुत मुश्किल से पास होगा, क्योंकि यह अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। ग्रीनलैंड पर पिछले 300 सालों से डेनमार्क का कंट्रोल है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा है कि ग्रीनलैंड अमेरिकी रक्षा के लिए जरूरी है। उन्होंने हाल ही में कहा था कि अमेरिका को ग्रीनलैंड की जरूरत है और वे इस दिशा में कदम उठा रहे हैं, चाहे दूसरे देश इसे पसंद करें या नहीं। ट्रम्प प्रशासन ने ग्रीनलैंड के लोगों को अमेरिका में शामिल होने के लिए पैसे देने जैसे तरीकों पर भी चर्चा की है। डेनमार्क और ग्रीनलैंड के अधिकारियों ने ट्रम्प के इस तरीके की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इसे अपमानजनक बताया।

# रखाइन-बंगलादेश सीमा पर झड़पों से बढ़ा तनाव

नई दिल्ली (वार्ता)

रोहिंग्या आतंकवादी समूहों द्वारा विद्रोही अराकान आर्मी के प्रभुत्व वाले रखाइन राज्य में बार-बार घुसपैठ करने से बंगलादेश-म्यांमार सीमा पर तनाव बढ़ रहा है। म्यांमार के उत्तरी माउंगडॉ टाउनशिप के पास रखाइन-बंगलादेश सीमा पर रविवार को एक ताजा झड़प की रिपोर्ट मिली जिससे सीमा के दोनों ओर सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ गईं। स्थानीय निवासियों और सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि रोहिंग्या आतंकवादी समूहों, जिनमें अराकान रोहिंग्या



साल्वेशन आर्मी, अराकान रोहिंग्या आर्मी और रोहिंग्या इस्लामिक महाज़ शामिल हैं, से कथित रूप से जुड़े सशस्त्र लोगों ने सीमा पार से अराकान आर्मी के कब्जे वाले एक ठिकाने पर गोलीबारी की। अराकान आर्मी एक जातीय रखाइन सशस्त्र समूह है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, म्यांमार की प्रमुख सैन्य विरोधी रही अराकान आर्मी ने कथित तौर पर नवीनतम झड़प में जवाबी गोलीबारी की, जिससे हमलावरों के बंगलादेशी क्षेत्र की ओर पीछे हटने से पहले एक संक्षिप्त लेकिन तीव्र गोलीबारी हुई। रिपोर्टों के अनुसार, बंगलादेश में एक लड़की को गोली लग गई। स्थानीय जानकारों के अनुसार, घटना के बाद बंगलादेश की सीमा सुरक्षा बंगलादेश ने सीमा पार करने वाले कई लोगों को हिरासत में लिया। ये गिरफ्तारियां सार्वजनिक रूप से की गईं जिसे निवासियों ने सीमा पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था वाला कदम कहा।

## अमेरिका ने अपने नागरिकों से तत्काल ईरान छोड़ने को कहा

**वॉशिंगटन (वार्ता)।** ईरान में अमेरिका के ऑनलाइन दूतावास ने अपने नागरिकों से ईरान से तुरंत बाहर निकलने का आग्रह किया है। पूरे ईरान में इस समय विरोध प्रदर्शन बढ़ने और उनके हिंसक रूप लेने पर यह चेतावनी जारी की गई हैं। ऑनलाइन दूतावास ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा, दूतावास ने प्रदर्शनों के कारण गिरफ्तारियां, सड़क अवरोध, परिवहन में बाधा और इंटरनेट सेवा बंद होने की आशंका जतायी है। दूतावास ने अमरीकी नागरिकों को आर्मेनिया और तुर्की के रास्ते सड़क मार्ग से ईरान छोड़ने को कहा है। साथ ही बयान में यह भी कहा गया कि अमेरिकी-ईरानी दोहरी राष्ट्रीयता वाले नागरिकों को ईरानी पासपोर्ट का उपयोग करके ईरान छोड़ना होगा, क्योंकि ईरानी सरकार दोहरी नागरिकता को मान्यता नहीं देती।

बयान में चेतावनी दी गई कि, अमेरिकी नागरिक ईरान में पूछताछ, गिरफ्तार और हिरासत में लिए जाने के गंभीर जोखिम में हैं। एयरलाइनों ने ईरान के लिए या वहां से आने-जाने वाली उड़ानों को सीमित या रद्द कर दिया है, और कई सेवाओं को शुक्रवार तक निलंबित कर दिया गया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने लंबे समय से ईरान को स्तर-4 यात्रा न करें गंतव्य घोषित किया है। मंत्रालय ने चेतावनी दी कि अमेरिकी नागरिक किसी भी कारण से वहां यात्रा न करें और जो लोग ईरान में हैं उन्हें गंभीर सुरक्षा जोखिम के कारण तुरंत देश छोड़ देना चाहिए। सोमवार को व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलाइन लीविट ने कहा कि कूटनीति अमेरिका के ईरान नीति में प्राथमिक दृष्टिकोण बनी हुई है, हालांकि ट्रम्प प्रशासन ने ज़रूरत पड़ने पर सैन्य विकल्पों को भी खारिज नहीं किया। लीविट ने कहा, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अगला कदम क्या होगा, केवल वही जानते हैं।

# प्रयागराज माघ मेले में श्रद्धालुओं के लिए बड़ी सौगात!

## आश्रय स्थल में सिर्फ 20 रुपए में मिल रहा बेड, खाने-पीने की मुफ्त सुविधा



प्रयागराज

प्रयागराज में माघ मेले को मिनी कुंभ का दर्जा प्राप्त है। त्रिवेणी संगम पर गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के मिलन स्थल पर हर साल लाखों श्रद्धालु आत्मशुद्धि, पाप मुक्ति और मोक्ष की कामना से आते हैं। इस वर्ष भी देश-विदेश से श्रद्धालु माघ मेले के दौरान गंगा स्नान के लिए पहुंचे हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने विशेष इंतजाम किए हैं। इस बार माघ मेले में उत्तर प्रदेश सरकार ने सबसे बड़ा आश्रय स्थल बनाया है। इसमें एक साथ 500 से अधिक श्रद्धालु ठहर सकते हैं। यहां ठहरने के लिए श्रद्धालुओं को मात्र 20 रुपए प्रति 24 घंटे का शुल्क देना होगा। स्नान पर्व के दौरान यह शुल्क 50 रुपए प्रति व्यक्ति है। आश्रय स्थल में साफ-सुथरे बेड, सुंदर चादर, तकिया, कंबल और गर्म पानी की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा, यहां मुफ्त भोजन भी दिया जा रहा है। गुजरात से आए माघ मेला में आए एक श्रद्धालु ने कहा कि पहले मुझे डर था कि रहने की व्यवस्था कैसे होगी, लेकिन यहां आकर मुझे बहुत अच्छा लगा। 20 रुपये में ठहरने और मुफ्त भोजन की सुविधा ने हमारी यात्रा को आसान बना दिया। अन्य श्रद्धालुओं ने भी सरकार और मेला प्रशासन की सराहना की। माघ मेले को महाकुंभ के बाद मिनी कुंभ का दर्जा प्राप्त है। इसी कारण यहां महाकुंभ स्तर के इंतजाम किए गए हैं। संगम तट पर बने आश्रय स्थल तक पहुंचने के लिए अक्षयवट मार्ग से होकर जाना पड़ता है। यहां की सुविधाएं श्रद्धालुओं को काफी पसंद आ रही हैं। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने माघ मेले में पांच से अधिक बड़े आश्रय स्थल बनाए हैं। इन स्थलों में ठहरने की व्यवस्था बेहद सस्ती और सुविधाजनक है। श्रद्धालुओं ने सरकार की इस पहल की सराहना की है और इसे एक आदर्श व्यवस्था बताया है। माघ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह एक आध्यात्मिक यात्रा है। यहां श्रद्धालु आत्मशुद्धि और मोक्ष की कामना से आते हैं। हर-हर गंगे की गूंज और श्रद्धा-भक्ति की उमंग इस मेले को विशेष बनाती है।

### मुख्य स्नान की तिथियां

1. पहला मुख्य स्नान: पौष पूर्णिमा (3) जनवरी 2026)
2. दूसरा मुख्य स्नान: मकर संक्रांति (14) जनवरी 2026)
3. तीसरा मुख्य स्नान: मौनी अमावस्या (18) जनवरी 2026)
4. चौथा मुख्य स्नान: बसंत पंचमी (23 जनवरी 2026)
5. पांचवां मुख्य स्नान: माघी पूर्णिमा (1) फरवरी 2026)
6. छठा मुख्य स्नान: महाशिवरात्रि (15 फरवरी 2026)

## ओडिशा में एसआईआर की तैयारी पूरी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियां पूरी हो गई हैं। इसके साथ ही राज्य में मतदान केंद्रों की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ है। अधिकारियों के मुताबिक, 7,000 नए मतदान केंद्र जोड़े जाने के बाद कुल बूथों की संख्या करीब 36,000 से बढ़कर 43,000 हो गई है।यह कदम चुनावी ढांचे को मजबूत करने और मतदाता सूची के पुनरीक्षण को सुचारु रूप से लागू करने के उद्देश्य से उठाया गया है। अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं विशेष सचिव सुशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि एसआइआर की तैयारी लगभग पांच महीने पहले शुरू की गई थी।इस दौरान मतदान केंद्रों के युक्तिकरण और विस्तार को प्राथमिकता दी गई।उन्होंने कहा कि सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की पहचान कर उनकी नियुक्ति कर दी गई है और वे फील्ड में काम शुरू कर चुके हैं।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

# माही विज के बचाव में उतरे पूर्व पति जय भानुशाली बोले हमारी कहानी में विलेन ढूंढना बंद करें लोग



टेलीविजन जगत के सबसे चर्चित और चहेते जोड़ों में से एक रहे जय भानुशाली और माही विज के तलाक की खबरों के बीच अब एक नया विवाद खड़ा हो गया है। हाल ही में 14 साल के लंबे रिश्ते को खत्म करने का एलान करने वाले इस कपल के बीच अब %तीसरे शख्स% की एंट्री को लेकर सोशल मीडिया पर कयासों का बाजार गर्म है। दरअसल, इंटरनेट पर माही विज का नाम सलमान खान के सहयोगी नदीम नाद्ज के साथ जोड़ा जा रहा है, जिसे लेकर माही को भारी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। अब अपनी पूर्व पत्नी के सम्मान की रक्षा के लिए खुद जय भानुशाली मैदान में उतर आए हैं। जय ने साफ शब्दों में कहा है कि लोग जबरदस्ती उनकी जिंदगी की कहानी में एक 'विलेन' पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं, जो कि पूरी तरह से गलत है।

विवाद की शुरुआत तब हुई जब माही विज ने नदीम नाद्ज को उनके जन्मदिन पर बधाई दी, जिसके बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने उनके अफेयर की अफवाहें उड़ानी शुरू कर दीं। इस ट्रोलिंग पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए जय भानुशाली ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, हमने अपने आधिकारिक बयान में पहले ही कहा था कि हमारे अलग होने की कहानी में कोई विलेन नहीं है, लेकिन फिर भी लोग अपनी तरफ से एक विलेन बनाने पर तुले हुए हैं, इसे अभी बंद करें। जय ने माही के उस पोस्ट को भी रीपोस्ट किया जिसमें उन्होंने इन अफवाहों को घृणित बताया था। जय का यह कदम दर्शाता है कि भले ही यह जोड़ा अब पति-पत्नी के रूप में साथ नहीं है, लेकिन उनके बीच आज भी सम्मान और दोस्ती का रिश्ता कायम है।

इस पूरे मामले में टीवी अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने भी अपनी दोस्त माही विज का पुरजोर समर्थन किया है। अंकिता ने एक लंबी पोस्ट साझा करते हुए ट्रोलर्स को फटकार लगाई और नदीम नाद्ज का बचाव करते हुए उन्हें एक 'नेक इंसान' बताया जो मुश्किल समय में दोस्तों के साथ खड़ा रहता है। जय भानुशाली ने अंकिता की इस पोस्ट को साझा करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया और उनकी हर बात से सहमति जताई। अंकिता ने अपनी पोस्ट में लिखा कि जय और माही अपने बच्चों-तारा, खुशी और राजवीर के लिए बेहतरीन माता-पिता की भूमिका निभा रहे हैं और लोगों को उनकी निजी जिंदगी में नकारात्मकता फैलाना बंद कर देना चाहिए।

# कहानी से तलाश तक : नवाजुद्दीन सिद्दीकी की 5 ऐसी परफॉर्मेंस जिन्होंने छोड़ी अमिट छाप

नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने भारतीय सिनेमा में अपनी एक अलग और ख़ास जगह बनाई है। अपनी व्यापक रेंज, तीव्रता और हर किरदार में पूरी सच्चाई के साथ ढल जाने की अद्भुत क्षमता के लिए वे जाने जाते हैं। भले ही उनकी कई परफॉर्मेंस को समीक्षकों और दर्शकों, दोनों से सराहना मिली हो, लेकिन कुछ ऐसी भी हैं जिन्हें दोबारा देखा जाना और नए सिरे से सराहा जाना चाहिए। आइए नज़र डालते हैं उन पांच यादगार परफ़ॉर्मेंस पर, जिनमें नवाज़ुद्दीन ने अमिट छाप छोड़ी।

**कहानी (2012)** – सुजॉय घोष की इस थ्रिलर फ़िल्म में नवाज़ुद्दीन ने एक तेज़-तर्रार इंटेलिजेंस ब्यूरो अधिकारी की भूमिका निभाई, जिसकी मौजूदगी कहानी में यथार्थ और तात्कालिकता का एहसास जोड़ती है। विद्या बालन की परतदार मिस्ट्री के बीच एक सख़्त और बेबाक अधिकारी के रूप में उनकी प्रस्तुति उनके करियर का एक अहम मोड़ साबित हुई और इसने दिखाया कि वे दमदार कलाकारों के सामने भी पूरी मजबूती से खड़े रह सकते हैं।

**तलाश : द आंसर लाइज विदिन (2012)** – रीमा कागती की इस मनोवैज्ञानिक ड्रामा फ़िल्म में नवाज़ुद्दीन एक लंगड़े स्ट्रीट हसलर के किरदार में नजर आए, जो एक जटिल अपराध कथा में उलझ जाता है। सीमित स्क्रीन टाइम के बावजूद उन्होंने फ़िल्म की सबसे मानवीय और दिल को छू लेने वाली परफ़ॉर्मेंस में से एक दी, जो आमिर खान, रानी मुखर्जी और करीना कपूर ख़ान जैसे सितारों से भरी कहानी में भी दर्शकों की सहानुभूति बटोरने में सफल रही।



**मांझी : द माउंटेन मैन (2015)** – इस बायोग्राफिकल ड्रामा में नवाज़ुद्दीन ने दशरथ मांझी के जीवन को जीवंत किया-वह व्यक्ति जिसने अकेले अपने दम पर एक पहाड़ काटकर रास्ता बना दिया। उनकी कच्ची, जुझारू और ईमानदार परफॉर्मेंस ने संघर्ष, त्याग और प्रेम की भावना को गहराई से पकड़ लिया। यह भूमिका इस बात का प्रमाण है कि वे अपनी अदाकारी के बल पर पूरी फिल्म को कंधों पर उठा सकते हैं।

**मंटो (2018)** – नंदिता दास के निर्देशन में बनी इस फिल्म में साहित्यिक दिग्गज सआदत हसन मंटो की भूमिका निभाते हुए नवाज़ुद्दीन ने एक बेहद सूक्ष्म और परतदार परफॉर्मेंस दी, जिसमें कलाकार और कला के बीच की सीमाएँ धुंधली हो जाती हैं। मंटो के संघर्ष, प्रतिभा और सामाजिक पाखंड के खिलाफ उनके विद्रोह को उन्होंने इतनी सच्चाई से पेश किया कि यह परफॉर्मेंस भारतीय सिनेमा की बेहतरीन अदाकारी में गिनी जाने लगी और एक गहरे कलाकार के रूप में उनकी पहचान और मजबूत हुई।

**ठाकरे (2019)** – बालासाहेब ठाकरे के किरदार में ढलते हुए नवाज़ुद्दीन ने शिवसेना संस्थापक की करिश्माई शख़्सियत और प्रभावशाली आभा दोनों को सटीकता से पकड़ा। उनकी दमदार स्क्रीन प्रेज़ेंस और एक विशाल राजनीतिक व्यक्तित्व को आत्मसात करने की क्षमता ने एक बार फिर साबित किया कि वे अपनी पीढ़ी के सबसे दिग्गज अभिनेताओं में क्यों गिने जाते हैं।

इन सभी किरदारों में नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी की निडर पसंद और कहानी कहने के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता झलकती है। सहायक भूमिकाओं से लेकर, जो कहानी को ऊँचाई देती हैं, और मुख्य किरदारों तक, जो पूरी फ़िल्म को आगे बढ़ाते हैं-वे लगातार यह परिभाषित करते रहे हैं कि भारतीय सिनेमा में एक बहुमुखी अभिनेता होने का असली मतलब क्या है।

थामा, रात अकेली है 2 और उनके चर्चित फेस्टिवल प्रोजेक्ट आईम नॉट एन एक्टर के साथ, नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी लगातार अपने क्षितिज का विस्तार कर रहे हैं और यह दोहराते हैं कि उनकी हर परफॉर्मेंस एक ऐसा अनुभव होती है, जिसका इंतज़ार करना हमेशा सार्थक रहता है।

# नर्मदा को माँ मानते हैं, तो अपने पुत्र धर्म को पूरा करिए : मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल

## मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने किया बरमान मेले का शुभारंभ

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत

बरमान मेले में ऐसी स्वच्छता मैंने पहली बार देखी है। बरमान में स्वच्छता मैराथन दौड़ में बरमान के युवाओं ने स्वच्छता के लिए दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसे मैं बड़ी सफलता मानता हूं। आज बरमान मेले के शुभारंभ का दिन है, जो आनंद का अवसर है। साथ ही आज युवा दिवस भी है, जो स्वामी विवेकानंद को स्मरण करने का दिन है। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हमें धर्म के मर्म को जानना होगा। धर्म तब पूरा होगा, जब धर्म का धारण करने वाला व्यक्ति सामर्थ्यवान होगा। पहले मेले के दौरान मेल-मिलाप और अपनी परंपराओं से रूबरू होते थे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि हमारा प्रयास हो कि मेला बिना किसी व्यवधान के पूर्ण और भव्य हो। उक्ताशय के विचार प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने मकर संक्रांति पर्व पर लगने वाले ऐतिहासिक बरमान मेले के शुभारंभ कार्यक्रम में व्यक्त किए। मंत्री श्री पटेल व अन्य अतिथियों ने मां नर्मदा जी की पूजन-अर्चन, आरती कर बरमान मेले का शुभारंभ सोमवार को किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री पटेल ने मां नर्मदा को स्वच्छ बनाए रखने की बात करते हुए कहा कि माँ नर्मदा को माँ मानते है, तो अपने पुत्र धर्म को पूरा करिए। यदि हम पुत्र धर्म को पूरा करेंगे तो शायद इस मेले की महिमा को और ऊंचाईयों तक ले जा पाएंगे। उन्होंने कहा कि नर्मदा नदी में स्वच्छता बनाए



रखना हमारा सामाजिक सरोकार हो। उन्होंने कहा कि नर्मदा नदी की श्रृंगार करना है, तो उसका श्रृंगार सिर्फ वृक्ष है। हम सभी को पौधरोपण करने का संकल्प लेना चाहिए। विधायक श्री विश्वनाथ सिंह ने कहा कि बरमान मेला वर्षों से हमारी लोक संस्कृति की पहचान रहा है। यहाँ नर्मदा मैया की कृपा से श्रद्धा, भक्ति, व्यापार और मेलङ्कमिलाप एक साथ देखने को मिलता है। यह मेला हमारी पीढ़ियों को और हमारी परंपराओं से जोड़ता है और क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि मां नर्मदा जी को स्वच्छ और अविरल बनाए रखें, उसकी पवित्रता का सम्मान करें और आपसी भाईचारे एवं शांति के साथ मेले का आनंद लें।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, विधायक तेंदूखेड़ा श्री विश्वनाथ सिंह पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल, राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकतंत्र सेनानी संघ व पूर्व राज्यसभा सांसद श्री कैलाश सोनी, श्री रामसनेही पाठक, पूर्व विधायक श्री भैयाराम पटेल, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, जनपद पंचायत चांवरपाठा अध्यक्ष श्री सोबरन सिंह ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने दिव्यांग आजाद चौधरी के पिता हरी प्रसाद को सौंपा आधार कार्ड

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जिले के चीचली ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम माल्हनवाड़ा के दिव्यांग श्री आजाद चौधरी बताते हैं कि वे कई माह से आधार कार्ड के लिए परेशान थे। उनका आधार नहीं बन पा रहा था। इसके लिए उन्होंने जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह को अपनी समस्याएं बताई, जिसे कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान में लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर लोक सेवा केन्द्र चीचली में श्री चौधरी का पंजीयन कराया। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने मंगलवार को दिव्यांग श्री आजाद चौधरी के पिता श्री हरी प्रसाद चौधरी को कलेक्टर चैम्बर में मेरा आधार-मेरी पहचान आधार कार्ड सौंपा। श्री आजाद की समस्या का तुरंत निराकरण होने पर उनके श्री हरी प्रसाद ने जनसुनवाई कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्रदेश शासन और जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।



# विवेकानन्द जी के साहित्य व्यक्तित्व पर चर्चा व काव्य पाठ

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत

नरसिंह वरिष्ठ जन परिषद नरसिंहपुर द्वारा बरिया बारे हनुमान मंदिर परिसर में विवेकानंद जयंती मनाई गई।विद्वानों ने उनका नमन वंदन कर उनके व्यक्तित्व ओर साहित्य पक्ष पर चर्चा करते हुए अपने अपने विचार व्यक्त किये। पं.मदनगोपाल शर्मा ने कहा कि विवेकानंद जी अटल निश्चयवादी उच्च दार्शनिक वेदांती संत थे।जिन्होंने शून्य से अनंत तक का चिंतन दिया।राष्ट्रीय चेतना के कवि अशोक त्रिपाठी ने कहा कि विवेकानंद जी मानवता और राष्ट्रीयता के सच्चे पुजारी थे।उन्होंने धर्म आध्यात्म वेदांत सहित भारतीय चिंतन को विश्व पटल पर रखकर भारत को विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित किया।उनका योगदान नई पीढ़ी जेन जी के लिए आत्मबल भरोसा सम्बलता और मंजिल तक पहुंचने में



नई ऊर्जा देगा।पं.यू एस उपाध्याय ने कहा कि उन्होंने धर्म आध्यात्म की अलख जगाते हुए सभी को कर्म की प्रेरणा दी।एस के चतुर्वेदी व बी एस पटेल ने विवेकानंद जी के रोचक प्रसंग प्रस्तुत किये।दिनेश श्रीवास्तव ने रामकृष्ण मिशन की गतिविधियों सहित स्वामी जी के उपदेशों को रेखांकित किया। पं.विजय शर्मा ने अवगत कराया विवेकानंद जयंती योग और युवा प्रेरणा दिवस के रूप में मनायी जाती है।उद्बोधन के इस क्रम में अन्य वक्ताओं ने अपने विचार रखे।कार्यक्रम के दूसरे चरण में डा.महेश त्रिपाठी ने विवेकानंद जी पर अपना काव्यपाठ यूं किया कर्मयोगी बनकर रहें आप सदा आनंद,शिक्षा ये देकर गये गुरु विवेकानंद।पंडित सी बी शर्मा ने आन बान और सदा शान का,घर घर दीपक जले ज्ञान का कविता से विवेकानंद जी को याद किया।कविवर अशोक त्रिपाठी ने कविता के उजले उजले शब्द स्वर यूं दिये..सहारा सबका बनकर के तुम आनंद बन जाओ शब्दों में भी ढ़लकर के सुहाने छंद बन जाओ, करो रोशन जहां को तुम जलाकर ज्ञान के दीपक वतन की राह पर चलकर विवेकानंद बन जाओ।कार्यक्रम में सोमनाथ पटेल आर के पटेल अशोक नेमा राजेन्द्र राय धनपत तिवारी प्रेमशंकर राघव बबलू नेमा सी बी साहू सी बी झारिया मोती पटेल मंदिर पुजारी राजेश दुबे सहित अनेक वरिष्ठ जन उपस्थित थे। गरिमामय आयोजन में आभार प्रदर्शन एस के चतुर्वेदी ने किया।

## कलार महिला मण्डल ने किया गर्म कपडों का वितरण

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** कलार महिला मण्डल नरसिंहपुर नगर अध्यक्ष प्रीति राय द्वारा ठंड एवं शीत लहर से बचाव हेतु जिला चिकित्सालय में नवजात शिशुओं को गर्म स्वेटर एवं उनकी माताओं को गर्म मोजां का वितरण किया गया। इस दौरान जिला चिकित्सालय के डॉक्टर एवं स्टाफ द्वारा महिला मंडल को सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर कलार महिला मंडल की पूर्व नगर अध्यक्ष अर्चना राय एवं स्वाति जायसवाल, उपाध्यक्ष ज्योत्सना राय, सचिव दुर्गा राय कोषाध्यक्ष मीनू महाजन, जयश्री राय, आरती राय, प्रतिभा राय, रिंकी राय, रत्ना राय, रेणु जायसवाल, कामनी राय, साधना राय, लता राय, सची चौकसे, नीता राय, सरिता राय, नेहा राय, सरला राय का सहयोग रहा।

## सांगई में हुए सामूहिक सूर्य नमस्कार के विविध आयोजन



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** गत दिवस ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला में स्वामी विवेकानंद जयंती पर सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् एवं राष्ट गान का सामूहिक गायन किया गया। सामूहिक सूर्य-नमस्कार में कक्षा 6वीं से 8 वीं तक के विद्यार्थी शामिल हुए एवं प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थी दर्शक की भूमिका में रहें । सभी ने सूर्य नमस्कार के विभिन्न प्राणायाम किये। कार्यक्रम में प्रधानपाठक दशरथ जाटव, मधुसूदन पटैल, विवेक नाईक, देवेंद्र ठाकुर, किरणलता ठाकुर,चन्द्रभूषण नामदेव, नेतराम केवट एवं फूलवती केवट सहित छात्र छात्रायें उपस्थित रहे

# आयुष्मान योजना के माध्यम से गरीबों को स्वास्थ्य सुरक्षा : मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत

प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि लोकतंत्र में सरकार अपने दायित्व निभाती है, लेकिन स्वास्थ्य सुविधाएं ऐसी चुनौती हैं जिसे सरकार अकेले पूरा नहीं कर सकती।मंत्री श्री पटेल ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने और मानवता की सेवा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सरकार ने राह-वीर योजना शुरू की है। इसके तहत सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले राहवीर को 25 हजार रुपये की नगद प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जान की कीमत पैसों से नहीं होती, लेकिन यह पहल लोगों को जीवन बचाने के लिए आगे आने की प्रेरणा देती है। यह बात मंत्री श्री पटेल ने करेली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सुआतला में आयोजित



लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में कही। मंत्री श्री पटेल एवं अन्य अतिथियों ने 306.80 लाख रुपये की लागत से बने नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का लोकार्पण किया तथा 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन भी किया। इसके पश्चात मंत्री श्री पटेल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि अब बीमारियां केवल स्थानीय स्तर की नहीं रहीं, बल्कि नई बीमारियां बाहर से भी आ रही हैं, ऐसे में हमें खुद को स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक और मजबूत बनाना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई आयुष्मान योजना के तहत गरीब एवं पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं, जिससे उन्हें 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार मिल सके। कार्यक्रम में मंत्री श्री पटेल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण के लिए लगभग एक एकड़ भूमि दान देने वाले श्री धनीराम पटेल को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि समाज हित में किया गया यह योगदान प्रेरणादायी है। दानशीलता हमारे धर्म और सामाजिक जिम्मेदारी को पूरा करती है मंत्री श्री पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि कोरोना काल के दौरान अनेक लोगों एवं संस्थाओं ने आगे बढ़कर मदद की, जो मानवता का श्रेष्ठ उदाहरण है। दानशीलता का भाव ही हमारे धर्म और कर्तव्य को पूर्ण करने का अवसर देता है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी के संदेश उठो, जागो और संकल्प पूरा करो का उल्लेख करते हुए युवाओं से स्वास्थ्य, खेल और चरित्र निर्माण पर ध्यान देने की अपील भी की।

# स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश जिला स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न

सिंगरौली

म.प्र.जन अभियान परिषद् जिला सिंगरौली द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस बैढन सिंगरौली में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि रामनिवास शाह विधायक सिंगरौली, विशिष्ट अतिथि दिलीप शाह अध्यक्ष सिंगरौली विकास प्राधिकरण एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त, अध्यक्षता कृष्णकांत द्विवेदी साशी निकाय सदस्य भोपाल, डॉ. एम.यू. सिद्दकी प्राचार्य प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस सिंगरौली, राजकुमार विश्वकर्मा जिला समन्वयक म.प्र.जन अभियान परिषद् के द्वारा कार्यक्रम की शुरूआात भारत माता, स्वामी विवेकानंद जी छायाचित्र पर पुष्प माला एवं दीपप्रज्वलीत कर किया गया। इसके पश्चात अतिथियो का स्वागत जिला समन्वयक राजकुमार विश्वकर्मा द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय



मध्यप्रदेश अभियान के बारे में अवगत कराया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक शाह द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के विचारों पर चर्चा करते हुए कहा कि कम समय में भारत का डंका विश्व पटल पर आध्यात्मिक क्षेत्र में फैलाया तथा युवाओं के प्रेरणा श्रोत , उन्होंने कहा था उठो जागो और तब तक न रुको जब तक लक्ष्य की पूर्ति न हो। देश के भविष्य युवा है सभी को सकारात्मक दिशा की ओर आगे बढ़ना है नकारात्मक प्रभाव को दूर करता है,समाज को नशा से मुक्ति दिलानी है।वही प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह नेकहा कि स्वामी विवेकानंद जी हमारे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। जन अभियान परिषद् द्वारा संचालित कार्यक्रम ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान में शासन की योजनाओं की जानकारी ग्राम पंचायत तक पहुचाने एवं लोगो को जागरूक करना है। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कृष्णकांत द्विवेदी शासी निकाय सदस्य म.प्र.जन अभियान परिषद् भोपाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने विश्व को च्व्वसुधैव कुटुम्बकम्ज्ज की भावना सिखाई और यह बताया कि भारत केवल एक भूखंड नहीं, बल्कि एक जीवंत आध्यात्मिक चेतना है। 4 जुलाई 1902 को मात्र 39 वर्ष की आयु में स्वामी विवेकानंद ने इस नश्वर देह का त्याग कर दिया, लेकिन उनके विचार, उनके आदर्श और उनकी ऊर्जा आज भी भारत के युवाओं को दिशा प्रदान करती है। म.प्र.जन अभियान परिषद् द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान अंतर्गत ग्रामोत्सव ग्राम चौपाल, ग्राम रैली, सामुहिक श्रमदान, परिवारिक संपर्क, के माध्यम से सामाजिक समरसता, स्वावलंबन एवं स्वदेशी, नागरिक सेवा, शिक्षा एवं संस्कार, नशामुक्ति समाज एवं गौ-संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुचाया जायेगा साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने एवं पात्र हितग्राहियो को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रयास किया जायेगा।

# आज विधायक कप क्रिकेट चैम्पियन ट्रॉफी का शुभारंभ

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता चेम्पियन ट्राफी 2026 लाईन्स क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में विधायक कप का शुभारंभ आज 14 जनवरी से पुराने कॉलेज ग्राउंड, रुद्र मैदान पर होने जा रहा है जिसमे प्रथम पुरुस्कार 2 लाख नगद व कप, स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा, द्वितीय पुरुस्कार 1 लाख नगद व कप समाजसेवी योगेन्द्र कुमार, दिनेश कुमार मालपानी द्वारा, प्रत्येक मैच का मेन ऑफ द मैच - आकर्षक ट्राफी एवं नगद 21 अन्नू शर्मा (ज्वारा) द्वारा, मेन ऑफ दी सीरीज 21 हजार चन्द्रकांत शर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष द्वारा दिया जा रहा है । विधायक कप के शुभारंभ पर मुख्य अतिथ पं. नरेश पाठक पूर्व विधायक , श्रीमति साधना स्थापक पूर्व विधायक ,श्रीमति सुनीता पटैल पूर्व विधायक जिलाध्यक्ष कांग्रेस, कार्यक्रम की अध्यक्षता. पं. शिवाकांत मिश्रा नगरपालिका अध्यक्ष . चन्द्रकांत शर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष, राव संदीप सिंह पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती रिचा




स्थापक जिला पंचायत सदस्य, डॉ. योगेश कौरव जिला पंचायत सदस्य, मुकेश मरैया पूर्व जनपद अध्यक्ष , घनश्याम सिंह राजपूत वरिष्ठ भाजपा नेता, शैलेन्द्र जैन समाजसेवी, मिनेन्द्र डागा भाजपा नेता, कार्तिक शर्मा युवा भाजपा नेता, श्रीमति वैशाली रीतेश राय नगरपालिका उपाध्यक्ष, सुश्री अंजू शुक्ला जिला पंचायत सदस्य, नरेश कौरव भाजपा मंडल अध्यक्ष चीचली, दिग्विजय सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष साईखेड़ा, राजेश पटैल भाजपा मंडल अध्यक्ष आमगांव, सुरेश मामुलिया भाजपा मंडल अध्यक्ष आमगांव, श्रीमति ममता पाण्डे पूर्व न. पा. अध्यक्ष ,नवनीत चाचा पूर्व न.पा. अध्यक्ष , उमेश नीरस पूर्व न.पा. अध्यक्ष, राजेन्द्र साहू पूर्व न. पा. अध्यक्ष , श्रीमती अनीता रविशेखर जायसवाल पूर्व न.पा. अध्यक्ष, मोहरकांत पटैल किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष,मार्गदर्शक एवं विशेष सहयोगी राव अनुज प्रताप सिंह की विशेष उपस्थिति में किया जा रहा है । लाईन्स क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में चंडीगढ़, दिल्ली, मालेगांव, मथुरा, इलाहाबाद, सिवनी बानापुरा, नागपुर, जबलपुर की टीम भाग ले रही है । रुद्र मैदान पर आज से खेल प्रेमी रोमांचकारी मैचो का आनंद लेंगे । लाईन्स क्रिकेट क्लब ने खेल प्रेमियों से रुद्र मैदान पहुंचकर मैच का आनंद लेते हुए खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने की अपील की है ।

# कलेक्ट्रेट सभागार में सीईओ जिला पंचायत ने की जनसुनवाई

## मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई जनसुनवाई, मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सुनी फरियाद

सिंगरौली

जगदीश गोमे ने जिले के विभिन्न अंचलों से अपनी समस्याओं का आवेदन लेकर आये आवेदकों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण करने के संबंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। जन सुनवाई में पहुचे आवेदक कुसुम कली कुशवाहा पति भगवानदास कुशवाहा निवासी ग्राम झखरावल द्वारा आपने भूमि का सीमांकन कराये जाने हेतु आवेदन दिया गया। कुशकुमार विश्वकर्मा पिता राम दयाल विश्वकर्मा ग्राम जुवाड़ी द्वारा अमराई खोवा में दिलाये गये भूमि का नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन दिया गया। वही रमेश गुप्ता पिता जयनाथ गुप्ता निवासी बरगवा ने ग्राम डगा की भूमि पर कब्जा दिलाये जाने हेतु आवेदन दिया गया। जन सुनवाई में फ्रैंड कालोनी लेन 02 बलियरी रोड गनियारी के रहवासियो द्वारा संयुक्त रूप से कालोनी में पक्की नाली निर्माण कराये जाने हेतु आवेदन दिया गया। राम मिलन शाह पिता रामाधीन शाह ग्राम गहिलगढ़ द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य अंतर्गत नेत्र परीक्षण कर नि:शुल्क आपरेशन कराये जाने हेतु आवेदन दिया गया।कमलेश कुमार यादव निवासी ग्राम



छतौली, गंगा सागर कुशवाहा ग्राम तेलदह ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने हेतु आवेदन दिया गया। आवेदक राम प्रसाद पाल पिता छोटकऊ पाल निवासी ग्राम उचनी ने वृद्धा पेशन योजना का लाभ दिलाने हेतु आवेदन दिया। संबल योजना लाभ दिलाने हेतु सीतापति सिंह गोड़ निवासी ग्राम ढोड़ी टोला ने आवेदन दिया। जनसुनवाई में भोले शाहू निवासी ग्राम नौगई, गोपाल सिंह पति जगधीर सिंह निवासी ग्राम बरका ने पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ दिलाने का अवेदन दिया। शिव प्रसाद शाहू निवासी पिपरा कुरून्द ने पत्नी के ईलाज हेतु आर्थिक सहायता राशि प्रदान कराये जाने हेतु आवेदन दिया गया। जन सुनवाई मे पहुचे आवेदक द्वारा गोरवानी समिति तेन्दूफ्ता प्रबंधक पद की नियुक्ति प्रक्रिया में दस्तावेज सत्यापन संबंधी गंभीर अनियमितता की शिकायत जॉच हेतु आवेदन दिया गया। आवेदन में बताया गया कि तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्य अंतर्गत प्रबंधक पदपर की गयी नियुक्ति प्रक्रिया में दस्तावेजों के सत्यापन के स्तर पर नियमों का पूर्ण पालन नही किया गया है। जन सुनवाई कर रहे सीईओ जिला पंचायत द्वारा शिकायत की जॉच हेतु एसडीओ वन विभाग को निर्देशित किया गया। जन सुनवाई में पहुचे आवेदक सरपंच ग्राम पंचात सिधार द्वारा पूर्व सूची सर्वे अनुसार वर्तमान सूची में छुटे मोहल्लो में विद्युतीकरण हेतु आवेदन देते हुयें कहा गया कि ग्राम पंचायत अंतर्गत ग्राम सिरखड़ी एव बोदरा बस्ती सहित अन्य छूटे मोहल्लो में विद्युतीकरण कराया जायें। वही आवेदक विशेषर यादव पिता जानकारी प्रसाद यादव निवासी ग्राम कर्थुआ द्वारा यादव बस्ती एवं खेरवार बस्ती ग्राम पंचायत पराई ग्राम रेड़ी में विद्युत पोल लागाये जाने हेतु आवेदन दिया गया। वही ग्राम कुम्हिया से आये आवेदको द्वारा 2 वर्षो से खराब पड़े ट्रन्सफार्मर को बदले जाने हेतु आवेदन दिया गया। जन सुनवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सिंगरौली सुरेश जाधव, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की,जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अरविंद डामोर सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# दो दिन में बनायें वैकल्पिक मार्ग : एसडीएम

## एसडीएम ने किया स्लीमनाबाद पुराने हाइवे टनल निर्माण कार्य स्थल का निरीक्षण

### राहगीरों को आवागमन में मिले राहत

### टनल निर्माण कम्पनी व एनवीडीए के अधिकारियों को दिए निर्देश

कटनी (स्वतंत्र मत)।



बरगी व्युत्पर्जन परियोजना के तहत स्लीमनाबाद में 12 किलोमीटर अंडर ग्राउंड टनल खुदाई का कार्य चल रहा है। जिसमें अप स्ट्रीम की टीवीएम मशीन का कार्य स्लीमनाबाद पुराने हाइवे पर पहुंच गया है।

जिसके कारण शनिवार की रात से उक्त मार्ग टनल निर्माण कम्पनी के द्वारा मिट्टी डालकर आवागमन बंद कर दिया गया है। अचानक मार्ग बंद होने से राहगीरों के साथ साथ स्थानीय लोगों को आवगमन करने भारी दिक्कतो का सामना करना पड रहा है, जिससे ग्रामीण नागरिक परेशान हो रहे है। गौरतलब है कि मार्ग को बंद करने के पहले टनल निर्माण कम्पनी के द्वारा बिना किसी सूचना के शनिवार की रात से पुराने हाइवे से आवागमन बंद कर दिया गया ओर आवागमन हेतु कोई भी वैकल्पिक मार्ग आसपास से नही बनाया गया। प्रशासनिक स्तर से मात्र फोर लेन को वैकल्पिक मार्ग बनाया। आवागमन को लेकर हो रही भारी समस्या के चलते सोमवार को प्रमुखता के साथ बर का प्रकाशन किया गया। साथ ही स्थानीय जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी ने भी एसडीएम से चर्चा समस्या से निजात दिलाने की मांग की। जिसके बाद सोमवार की शाम एसडीएम राकेश चौरसिया स्लीमनाबाद पुराने हाइवे पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया गया। जहाँ वैकल्पिक मार्ग बनाये जाने को लेकर पुराने हाइवे टनल निर्माण स्थल के दोनों ओर से बात रखी। जिस पर एसडीएम राकेश चौरसिया तहसीलदार सारिका रावत, आरआई, हल्का पटवारी संजय बेन ओर टनल निर्माण कम्पनी के अधिकारी- कर्मचारियों के साथ वैकल्पिक मार्ग बनाये जाने को लेकर जगहों का निरीक्षण किया।

वैकल्पिक मार्ग हुआ का हुआ निराकरण जहाँ पर वैकल्पिक मार्ग बनाये जाने को लेकर मार्ग प्रशस्त हुआ। सतीश चंद्र जैन के घर के बाजू से लगे खेत से अजय तिवारी के घर पास वैकल्पिक मार्ग बनेगा जो सीधे वहाँ से होकर पुराने हाइवे पर अजय ट्रेडर्स के पास आएगा। वैकल्पिक मार्ग से मात्र दो पहिया वाहन व पैदल ही आवागमन होगा। चार पहिया के साथ बड़े वाहन बाईपास के रास्ते ही गुजरेंगे। एसडीएम ने टनल निर्माण कम्पनी के अधिकारियो को दो दिवस मै वैकल्पिक मार्ग बनाये जाने को लेकर आदेशित किया।

# जनता के आंदोलन के बाद जागा प्रशासन

### जिला प्रशासन ने कराया करुहा रोड का नाप

कटनी (स्वतंत्रमत)।

जिला कटनी के विकासखंड मुड़वारा स्थित कन्हवारा-करूहा ग्राम की बदहाल सड़क को लेकर जनता एवं युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव दिव्यांशु मिश्रा अंशु द्वारा पूर्व में जिला पंचायत कार्यालय के समक्ष क्षेत्रीय ग्रामीणजनों द्वारा आंदोलन किया गया था, जानकारी देते हुए अंशु मिश्रा ने बताया कि ग्रामीणों को कई वर्षों से सड़क ना होने से अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसे लेकर ग्रामाणों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रदेश सरकार के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है,



आंदोलन के बाद जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांशु मिश्रा अंशु को पत्राचार के माध्यम से जानकारी दी गई थी कि सात दिवस के अंदर मामले पर कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी, पटवारी एवं आरआई की उपस्थिति में ग्राम वासियों के साथ पहुंच कर रोड की नपाई कराई गई। युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव ने जिला प्रशासन से जनहित में अविलंब से सड़क निर्माण का कार्य प्रारम्भ कराने का आग्रह किया है। रोड की नपाई के दौरान मुख्य रूप से कमल पांडेय, एड. मुकेश पाटकर, अजय खटिक, दत्तराम कुशवाहा, भूकमा काछी, राजू कुशवाहा, राजू बर्मन, छोटेलाल बर्मन सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



## पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल जुहली में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं युवा दिवस मनाया गया

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल जुहली में 12 जनवरी को युवा दिवस एवं विवेकानंद जयंती योग एवं सूर्य नमस्कार कर मनाई गई। कार्यक्रम के सबसे पहले स्वामी विवेकानंद जी की चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ उसके बाद भोपाल से रेडियो प्रसारण के माध्यम से सूर्य नमस्कार एवं योग प्राणायाम कराए गए। जिसमें विद्यालय के प्राचार्य उम्मेद सिंह, प्रेम नारायण शर्मा, सुधीर कुमार मथुरिया, ज्योति तिवारी, सरोज चडार, मोनिका गुप्ता, राजेश्वरी पटेल, अमृता पटेल, करुणा ताम्रकार, शक्ति दुबे, संदीप डबरे, अमृतलाल दुबे, आशा पाठक एवं छात्र छात्राएं शामिल रहे। साथ में बारडोली बेल फॉर सोसायटी नवांकुर संगठन के द्वारा चम्मच रेस प्रतियोगिता कराई गई जिसमें छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। उसके बाद सभी छात्राओं को अल्पाहार कराया गया।

# महापौर ने किया एमएसडब्ल्यू प्लांट का औचक निरीक्षण

## कचरा प्रबंधन व्यवस्था सुधारने के दिए सख्त निर्देश

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से सोमवार को महापौर प्रीति संजीव सूरी ने पार्षद साथियों एवं निगम के अधिकारियों के साथ एमएसडब्लू ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने प्लांट की समग्र कार्यप्रणाली, शहर के विभिन्न वार्डों से आने वाले कचरे की मात्रा, उसकी प्रोसेसिंग की वर्तमान स्थिति तथा प्लांट में उपलब्ध मशीनरी, मानव संसाधन एवं अन्य व्यवस्थाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। महापौर ने प्लांट में संचालित कचरा प्रोसेसिंग तकनीक का बारीकी से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कचरा निस्तारण की संपूर्ण प्रक्रिया नियमित, पारदर्शी एवं निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप संचालित की जाए, ताकि शहर से आने वाले कचरे का समयबद्ध, वैज्ञानिक एवं प्रभावी निपटान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि कचरा



प्रबंधन में किसी भी प्रकार की लापरवाही शहर की स्वच्छता एवं नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। निरीक्षण के दौरान महापौर ने प्लांट के सुपरवाइजर एवं संबंधित अधिकारियों को कचरा संग्रहण व्यवस्था की सतत, सख्त एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा लापरवाही पाए जाने की स्थिति में जिम्मेदारों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि शहर से आने वाले कचरे को प्लांट परिसर में अधिक समय तक न रखा जाए, बल्कि उसे प्राथमिकता के आधार पर शीघ्रता से प्रोसेस कर निस्तारित किया जाए, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ नागरिक स्वास्थ्य की रक्षा सुनिश्चित हो सके। महापौर ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि स्वच्छता से जुड़े सभी कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं नियमित निरीक्षण को प्राथमिकता दी जाए तथा प्रत्येक स्तर पर जिम्मेदारी तय करते हुए कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल कचरा उठाना ही नहीं, बल्कि शहरवासियों को स्वच्छ, स्वस्थ एवं पर्यावरण के अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना है। औचक निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, जयनारायण निषाद, सुरेंद्र गुप्ता, गोंविद चावला, उमेन्द्र अहिरवार, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, शकुंतला सोनी, वंदना राजकिशोर यादव, रेखा संजय तिवारी, प्रभारी सहायक यंत्री आदेश जैन सहित एमएसडब्लू प्लांट के सुपरवाइजर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## युवा दिवस पर जेपीवी डीएवी विद्यालय में सूर्य नमस्कार का आयोजन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को जेपीवी डीएवी विद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश सरकार के आह्वान पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश जोन के क्षेत्रीय निदेशक एवं विद्यालय प्राचार्य एस. के. सिन्हा ने की। कार्यक्रम का मार्गदर्शन विद्यालय के संस्कृत शिक्षक अमरदीप शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सूर्य देवता के विभिन्न नामों का उच्चारण करते हुए सूर्य नमस्कार किया तथा



विभिन्न प्राणायाम भी किए। कार्यक्रम के उद्बोधन में प्राचार्य ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन, विचारों एवं सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, आत्मबल एवं स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने सूर्य नमस्कार के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों को समझाते हुए विद्यार्थियों को इसे दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम उत्साह, अनुशासन एवं सकारात्मक ऊर्जा के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# शासकीय शिक्षक संगठन का नववर्ष मिलन समारोह एवं कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** शासकीय शिक्षक संगठन का नववर्ष मिलन समारोह एवं कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सुमधुर भजनों एवं गक्क भोज के साथ कलेक्ट्रेट के पास काली मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुआ। हजारों की संख्या में उपस्थित शिक्षकों के बीच उपस्थित उक्त विशाल आयोजन में विधायक बड़वारा धीरेंद्र बहादुर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन, पूर्व जिलाध्यक्ष रामरतन पायल, जिला उपाध्यक्ष द्वय सुनील उपाध्याय व रवि खरे, अध्यक्ष नगर निगम कटनी मनीष पाठक, उपाध्यक्ष जिला पंचायत अशोक विश्वकर्मा, जनपद अध्यक्ष रीठी प्रकाश साहू, जिला पंचायत सदस्य पप्पू मिश्रा, मृदुल द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष सुनील



मोटवानी सहित अनेकों जनप्रतिनिधि एवं शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे के साथ साथ सागर व जबलपुर जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी, एपीसी रमसा अभय जैन, राकेश सिन्नरकर डाइट कटनी, कटनी मनोज गौतम, रीठी योगेश तिवारी, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से अपील की शिक्षा विभाग में बढ़ रही अराजकता पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों से बात करें क्योंकि शिक्षा जैसे पवित्र विभाग में भ्रष्टाचार एवं फर्जीवाड़ा बहुत बढ़ चुका है। कार्यक्रम में शासकीय शिक्षक संगठन कटनी के वरिष्ठ पदाधिकारी रजनीश तिवारी, देवेंद्र तिवारी, मनीष सिंह गौतम, हरीश दुबे, शालिनी तिवारी, अनीता यादव, माधुरी तिवारी, सपना चतुर्वेदी, स्वाती नायक, दीपा सिंह, माया गुप्ता, सीमा चौबे, मनीष सोनी, शैलेंद्र खम्परिया, अरुण सिंह परिहार, अनिल परौहा, राकेश रंजन परौहा, बालमुकुंद त्रिपाठी, आशीष चौरसिया, मनरमन पांडे, दीपक नामदेव, पुष्पराज तिवारी, अवधेश पांडे, अरुण दुबे, राजा सोनकर, संतोष पाल, अनूप श्रीवास्तव, गंगाराम पटेल, सुनील तिवारी, संदीप मिश्रा, चन्द्रशेखर जायसवाल, अनूप तिवारी के साथ साथ कटनी जिले के प्रत्येक विकासखंड से हजारों की तादात में संवर्गीय साथी उपस्थित रहे। शासकीय शिक्षक संगठन ने सभी के प्रति बहुत बहुत आभार प्रकट किया।

### पीएम श्री कैलवारा कला स्कूल में युवा दिवस धूमधाम से मनाया

***कटनी ( स्वतंत्रमत )।*** *स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस को युवा दिवस के रूप में संकल्पित आयोजन पीएम श्री शा हायर सेकंडरी स्कूल कैलवारा कला में किया गया शिक्षक एवं छात्र सभी ने सूर्य-नमस्कार अनुलोम-विलोम कपालभाति आदि अन्य योग क्रियाएं की गई प्राचार्य एनपी गुप्ता ने शीर्षासन कर सभी उपस्थितजनो को आश्चर्यचकित कर दिया संस्था नवपरिवर्तन प्रकाश फाउंडेशन द्वारा दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें विजेता छात्रा समूह से प्रतिभागी प्रथम साधना कुशवाहा, द्वितीय पूनम पटेल, तृतीय सुहाना यादव और छात्र समूह से प्रथम अजीत पटेल, द्वितीय हिमांशु पटेल और तृतीय स्थान दीपेश पटेल को प्राचार्य एनपी गुप्ता के कर-कमलों से पुरूस्कृत किया गया।*

# कटनी में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कटनी (स्वतंत्र मत)।

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा 01 जनवरी से 31 जनवरी तक संचालित सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में 13 जनवरी को यातायात पुलिस द्वारा जिला एवं सत्र न्यायालय कटनी में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जितेंद्र शर्मा प्रधान न्यायधीश, संजय गुप्ता जिला सत्र न्यायाधीश, जय प्रताप चडार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, भास्कर यादव फैमिली कोर्ट न्यायाधीश द्वारा यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित वाहन चलाने वाले बाइक चालकोंध्कार चालकों को गुलाब



का फूल देकर सम्मानित किया गया एवं दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग न करने वाले चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई एवं हेलमेट प्रदाय किया गया साथ ही दो पहिया वाहन चालते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट धारण करने प्रेरित किया गया। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में राहुल पाण्डेय थाना प्रभारी यातायात, सूबेदार सोनम उईके, सुरेन्द्र सिंह, दीप गौतम, मंजय यादव, राजकुमार एवं अधिवक्ता संघ से अमित शुक्ला अध्यक्ष, प्रमोद मिश्रा, संतोष परोहा, राजेश लखेरा, सुरेश पाण्डेय, हेमंत श्रीवास्तव, राजकुमार तिवारी उपस्थित रहे।

# लघु वेतन कर्मचारी संघ के कैलेंडर का विमोचन



कटनी (स्वतंत्रमत)।

मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष पूर्णेश उइके एवं मीडिया प्रभारी अनिल पांडेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि संघ का नववर्ष 2026 का कैलेंडर विमोचन नववर्ष कर्मचारी मिलन समारोह कार्यक्रम 12 जनवरी को नवीन सभाकक्ष कलेक्ट्रेट में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर विशिष्ट अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कटनी अपर कलेक्टर डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा, ज्योति लिल्हारे व जिला संयोजक आदिम जाति विभाग थे संघ ने सेवानिवृत दिव्यांग शिक्षक मार्तण्ड सिंह राजपूत को कर्मचारी हितैषी उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। संघ के द्वारा समस्त अतिथियों को शाल पुष्पगुच्छ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया समस्त अतिथियों ने संघ के कार्य की सराहना करते हुए नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाये दी आश्वस्त किया कि कर्मचारी की समस्याओं का उचित समाधान किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारी अजय गौतम, धर्मेंद्र राज, मनोज श्रीवास, मनोज दहिया, सौरभ सिंह, नीलेश पौराणिक, हरीश बेन, अजीमुद्दीन शाह, बाबूलाल अहिरवार, शत्रुघन कमलेश पांडेय, प्रभु दयाल द्विवेदी, राजेश विश्वकर्मा, आशीष पटेल, शकुन उसरेठे, रन्ना ठाकुर, सतीश पटेल, अमृत लाल, बलराम सिंह, नकुल यादव, अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विवेकानंद वार्ड में 45.80 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन संपन्न

## नगरवासियों ने बैंड-बाजों के साथ किया महापौर सहित जनप्रतिनिधियों का आत्मीय स्वागत, क्षेत्र में दिखा उत्साह

### लंबे समय से चली आ रही सड़क निर्माण की मांग को मिला साकार रूप

कटनी (स्वतंत्रमत)।

नगर निगम कटनी का सतत प्रयास है कि शहर के प्रत्येक वार्ड तक विकास की रोशनी पहुँचे और नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं के लिए किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसी उद्देश्य को लेकर नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में योजनाबद्ध तरीके से निर्माण एवं विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे शहर का आधारभूत ढांचा सशक्त हो रहा है और नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध हो रही हैं। इसी क्रम में रविवार को विवेकानंद वार्ड अंतर्गत लगभग 45.80 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम महापौर प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद एमआईसी सदस्य सुरेंद्र गुप्ता, मेयर इन काउंसिल सदस्य लोकनिर्माण प्रभारी डॉ रमेश सोनी जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। भूमिपूजन के साथ ही क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही सड़क निर्माण की मांग को मूर्त रूप मिला।

### नगरवासियों ने जताया आत्मीय स्वागत, दिखा जनसमर्थन

इस दौरान नागरिकों ने बैंड-बाजों के साथ महापौर सूरी व जनप्रतिधियों का भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया तथा नगर निगम द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला और नागरिकों में विशेष उत्साह नजर आया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर ने कहा कि शहर के सभी वार्डों का संतुलित एवं समान विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की रीढ़ होती हैं और बेहतर सड़कों से न केवल आवागमन सुगम होता है, बल्कि क्षेत्र की सामाजिक गतिविधियों को भी गति मिलती है। महापौर ने कहा कि एक महिला जनप्रतिनिधि होने के नाते उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन यदि शहर की महिलाएँ, बहनें और नागरिक उनके साथ खड़े हैं, तो वे हर चुनौती का डटकर सामना करते हुए कटनी के विकास को नई ऊँचाइयों तक ले जाएँगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम का लक्ष्य कटनी को एक स्वस्थ, स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित शहर के रूप में विकसित करना है। क्षेत्रीय पार्षद ने अपने संबोधन में 45.80 लाख की लागत से होने



वाली सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए महापौर का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सड़क निर्माण कार्य लंबे समय से क्षेत्रवासियों की प्रमुख मांग थी, जो अब पूर्ण होने जा रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस सड़क के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और वार्ड के समग्र विकास को नई गति प्राप्त होगी। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में किए गए एवं प्रस्तावित अन्य विकास कार्यों के लिए भी महापौर एवं नगर निगम का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### युवा प्रतिभा को मिला प्रोत्साहन

इस अवसर पर महापौर ने विवेकानंद वार्ड की बेटी कुमारी अनुष्का गर्ग, जो फुटबॉल की एक होनहार एवं प्रतिभावान खिलाड़ी हैं और जिन्होंने प्रदेश स्तर पर कटनी का गौरव बढ़ाया है, का सम्मान कर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। साथ ही निरंतर लगन, अनुशासन और मेहनत के साथ आगे बढ़ते हुए शहर व जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर तक रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

### धार्मिक आस्था के साथ नगर मंगल की कामना

भूमिपूजन कार्यक्रम के उपरांत महापौर सहित सभी जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित नगरवासियों ने वार्ड स्थित श्रद्धा का केंद्र त्रिलोकीनाथ मंदिर पहुँचकर भगवान शिव एवं माता पार्वती के विधिवत दर्शन किए। इस अवसर पर सभी ने शहर की सुख-समृद्धि, शांति एवं निरंतर विकास के लिए मंगलकामना की तथा नगर के उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की। कार्यक्रम के अंत में महापौर प्रीति संजीव सूरी ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सीसी रोड निर्माण कार्य गुणवत्ता के सभी निर्धारित मानकों का पालन करते हुए समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि नागरिकों को शीघ्र ही इसका लाभ मिल सके और क्षेत्र में किसी प्रकार की असुविधा न हो। कार्यक्रम के दौरान सर्व आशीष मिश्रा, रामअवतार पाठक, अशोक पांडेय, दिनेश बर्मन, मुकेश बर्मन, अशोक पाठक, राकेश गुप्ता, महेंद्र सिंह, भोला साहू, कुमारी अनुष्का गर्ग, सुषमा मण्डल, नीलू बड़गैया, पारो गोस्वामी, मंजू गोस्वामी, अनीता निगम सहित अन्य गणमान्य नागरिक व क्षेत्रीय जनों की मौजूदगी रही।

# भारत की नजरें न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज जीतने पर

राजकोट (वार्ता)।

भारत न्यूज़ीलैंड के खिलाफ बुधवार को होने वाले दूसरे वनडे में सीरीज जीतने के लक्ष्य के साथ उतरेगा। बस ऐसे ही, न्यूज़ीलैंड की नौ मैचों की जीत का सिलसिला रुक गया है। हालात का असर ऐसा था कि यह पसंदीदा नतीजा था, भले ही उनके विरोधी, भारत, अपने पिछले छह मैचों में 3-3 पर थे। हालांकि, न्यूज़ीलैंड इस बात से हौसला ले सकता है कि टॉस हारने के बावजूद उन्होंने भारत को मैच के 99वें ओवर तक खींच लिया। उन्हें लगेगा कि अगर वे ऐसा ही कर सकते हैं और कहीं से 20 और रन बना लेते हैं तो वे अपनी अनुभवहीन टीम के साथ भी पूरी ताकत वाली भारतीय टीम को चौंका सकते हैं।





## बल्ले से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन न करने के बावजूद जीत गए

दूसरी ओर, भारत को पता होगा कि वे बल्ले से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन न करने के बावजूद जीत गए। उन्होंने न्यूज़ीलैंड को 300 रन पर रोकने के लिए काफी हद तक अच्छी गेंदबाज़ी की, लेकिन विराट कोहली के आउट होने के बाद की मुश्किल से खुश नहीं होंगे। उन्हें चुपचाप विश्वास होगा कि अगर वे अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब पहुंच सकते हैं तो वे सीरीज जीत सकते हैं, भले ही वे टॉस हार जाएं और फिर आखिरी वनडे में प्रयोग करने की उम्मीद करें। टॉस की बात करें तो इस नए राजकोट स्टेडियम में चार वनडे का छोटा सा सैंपल साइज है, लेकिन अभी तक किसी भी टीम ने वहां सफलतापूर्वक पीछा नहीं किया है। हालांकि, फॉर्मूला वही रहा है- अगर आप पहले बल्लेबाज़ी कर रहे हैं तो विरोधी टीम को 350 रन के अंदर ढेर कर दें।

## कोहली और मिशेल फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज

कोहली और डेरिल मिशेल इस समय अपनी-अपनी टीमों के सर्वश्रेष्ठ और फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज़ हैं। वे दोनों पहले वनडे में शतक के करीब पहुंच गए थे। हालांकि, कोहली पर टीम का बोझ कम है, जिसकी वजह से वह अपने करियर के आखिरी दौर में खुलकर खेल रहे हैं। न्यूजीलैंड को मुकाबले में बने रहने के लिए मिशेल को और ज़्यादा मेहनत करनी होगी।

## सुंदर की जगह टीम में आयुष बडोनी

घायल वाशिंगटन सुंदर की जगह टीम में आयुष बडोनी को शामिल किया गया है, जिसका मुख्य कारण हाल के दिनों में उनकी पार्ट-टाइम गेंदबाजी में मिली सफलता है। हालांकि, नीतीश कुमार रेड्डी पहले से ही टीम में हैं। हालात तय करेंगे कि बडोनी को डेब्यू का मौका मिलेगा या नहीं। साथ ही अर्शदीप सिंह प्रसिद्ध कृष्णा की जगह ले सकते हैं।

**भारत (संभावित):** 1 शुभमन गिल (कप्तान), 2 रोहित शर्मा, 3 विराट कोहली, 4 श्रेयस अय्यर, 5 केएल राहुल (विकेटकीपर), 6 नीतीश कुमार रेड्डी/आयुष बडोनी, 7 रवींद्र जडेजा, 8 हर्षित राणा, 9 कुलदीप यादव, 10 अर्शदीप सिंह, 11 मोहम्मद सिराज हेनरी निकोल्स ओपनिंग की भूमिका में अच्छी तरह से फिट हो गए हैं, जिससे मिडिल ऑर्डर में विकेटकीपर मिशेल हे के लिए जगह बन गई है। लेगस्पिनर आदित्य अशोक का वडोदरा में अनुभव अच्छा नहीं रहा, लेकिन न्यूजीलैंड उनके साथ बना रह सकता है। दूसरा विकल्प जेडेन लेनोक्स की लेफ्ट-आर्म फिंगरस्पिन है।

**न्यूजीलैंड (संभावित):** 1 डेवोन कॉनवे, 2 हेनरी निकोल्स, 3 विल यंग, 4 डेरिल मिशेल, 5 मिशेल हे (विकेटकीपर), 6 ग्लेन फिलिप्स, 7 माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), 8 क्रिश्चियन क्लार्क, 9 काइल जैमीसन, 10 ज़ैक फाउल्क्स, 11 आदित्य अशोक/जेडेन लेनोक्स

## वडोदरा की तरह राजकोट में भी मौसम सुहावना

वडोदरा की तरह राजकोट में भी मौसम सुहावना है। वडोदरा में इतनी ओस नहीं थी कि गेंद पकड़ने में मुश्किल हो, लेकिन ठंडे तापमान में पिच थोड़ी तेज हो गई थी। अगर आप पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पारी को अधिकतम करते हैं, तो राजकोट में टॉस इतना बड़ा फैक्टर नहीं होना चाहिए क्योंकि टीमें अब मध्यम मात्रा में ओस से निपटने की आदी हो गई हैं। पिछले 13 वनडे में यह पहली बार था जब भारत के गेंदबाजों को पावरप्ले में कोई विकेट नहीं मिला। विदेशी टीमों में, जिन्होंने भारत में भारत के खिलाफ कम से कम 20 मैच खेले हैं, न्यूज़ीलैंड का जीत-हार का रिकॉर्ड सबसे खराब है, 1-4 का, जिसमें उन्होंने आठ मैच जीते हैं और 32 हारे हैं।






# आईसीसी ने बंगलादेश से अपने रुख पर फिर से विचार करने का आग्रह किया

**ढाका (वार्ता)।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मंगलवार को घोषणा की कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने उनसे आगामी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में उनकी भागीदारी पर अपने रुख पर फिर से विचार करने का अनुरोध किया है। यह घटनाक्रम दोपहर में बीसीबी और आईसीसी के बीच हुई एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान हुआ। बंगलादेश की भागीदारी पर सवाल बना हुआ है क्योंकि बीसीबी ने आईसीसी से सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अपने वेन्यू को भारत से सह-मेजबान श्रीलंका में स्थानांतरित करने के लिए कहा था, जब बीसीसीआई ने दोनों देशों के बीच मौजूदा राजनीतिक तनाव के कारण आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स को मुस्तफिजुर रहमान को अपनी टीम से रिलीज करने का निर्देश दिया था। वीडियो कॉन्फ्रेंस में बीसीबी का प्रतिनिधित्व उसके अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम, उपाध्यक्ष शकावत हुसैन और फारूक अहमद के साथ-साथ निदेशक और क्रिकेट संचालन समिति के अध्यक्ष नजमुल आबेदीन और सीईओ निज़ाम उद्दीन चौधरी ने किया। बीसीबी ने एक बयान में कहा, चर्चाओं के दौरान, बीसीबी ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए भारत न जाने के फैसले के संबंध में अपनी स्थिति की पुष्टि की। बोर्ड ने आईसीसी से बांग्लादेश के मैचों को भारत के बाहर स्थानांतरित करने पर विचार करने का भी अनुरोध दोहराया। इसमें कहा गया है, जबकि आईसीसी ने इस बात पर जोर दिया कि टूर्नामेंट का कार्यक्रम पहले ही घोषित किया जा चुका है और बीसीबी से अपने रुख पर फिर से विचार करने का अनुरोध किया है, बोर्ड की स्थिति अपरिवर्तित है। दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि संभावित समाधान खोजने के लिए चर्चा जारी रहेगी। इसमें आगे कहा गया है, बीसीबी अपने खिलाड़ियों, अधिकारियों और कर्मचारियों की भलाई की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, जबकि इस मामले को सुलझाने के लिए आईसीसी के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ा हुआ है। इससे पहले, खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने कई मौकों पर जोर देकर कहा था कि बंगलादेश वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत जाने को तैयार नहीं है।

# दिल्ली को 76 रन से हराकर विदर्भ सेमीफाइनल में



**बेंगलुरु (वार्ता)।** प्लेयर ऑफ द मैच यश राठौड़ की 86 रन की बेहतरीन पारी और नचिकेत भूटे के चार विकेटों की बदौलत विदर्भ ने दिल्ली को मंगलवार को 76 रन से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। विदर्भ ने 50 ओवर में नौ विकेट पर 300 रन का विशाल स्कोर बनाने के बाद दिल्ली को 45.1 ओवर में 224 रन पर निपटा दिया। प्लेयर ऑफ द मैच बने यश ने 73 गेंदों पर 86 रन में आठ चौके और दो छक्के लगाए। यश राठौड़ (86) और अथर्व तायडे (62) की हाफ-सेंचुरी की बदौलत विदर्भ ने क्वार्टर-फाइनल में दिल्ली को आसानी से हरा दिया। ओपनर अमन मोखाडे के जल्दी आउट होने के बावजूद, तायडे और ध्रुव शोरे (49) ने 90 रन की पार्टनरशिप की, लेकिन दोनों तीन ओवर के अंदर आउट हो गए। लेकिन राठौड़ ने एक छोर संभाले रखा और रविकुमार समर्थ और यश कदम के साथ छोटी-छोटी पार्टनरशिप करके पारी को संभाला। निचले क्रम के बल्लेबाजों की छोटी-छोटी पारियों की मदद से विदर्भ ने 9 विकेट पर 300 रन बनाए, जबकि इशांत शर्मा, नवदीप सैनी, प्रिंस यादव और नीतीश राणा की चौकड़ी ने दो-दो विकेट लिए।

## प्रभसिमरन, गेंदबाजों ने पंजाब को सेमीफाइनल में पहुंचाया

**बेंगलुरु।** कप्तान प्रभसिमरन सिंह की 88 रन की शानदार पारी और गेंदबाजों के सधे प्रदर्शन से पंजाब ने मध्य प्रदेश को मंगलवार को 183 रन के बड़े अंतर से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पंजाब ने 50 ओवर में छह विकेट पर 345 रन का विशाल स्कोर बनाने के बाद मध्य प्रदेश को 31.2 ओवर में 162 रन पर निपटा दिया। प्रभसिमरन को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। पहले बल्लेबाजी करते हुए, प्रभसिमरन सिंह (88) और हरनूर सिंह (51) ने 116 रनों की ओपनिंग साझेदारी की। नंबर 3 के बल्लेबाज अनमोलप्रीत सिंह ने 70 रन बनाए और पंजाब ने ओपनर्स द्वारा बनाए गए अच्छे प्लेटफॉर्म का फायदा उठाया। इसके बाद नेहाल वढेरा (56) और रमनदीप सिंह (24) ने पारी को खत्म किया और पंजाब ने पारी के आखिरी 10 ओवरों में 101 रन बनाकर 6 विकेट पर 345 रन बनाए।

## टॉम करेन ने स्टार्स को प्लेऑफ में पहुंचाया

मेलबर्न (वार्ता)

टॉम करेन ने 10 रन देकर 4 विकेट लिए - जो इस बीबीएल सीजन का दूसरा सबसे अच्छा प्रदर्शन है, जिससे मेलबर्न स्टार्स ने सोमवार रात एमसीजी में एडिलेड स्ट्राइकर्स पर छह विकेट से शानदार जीत हासिल करके बिग बैश लीग के प्लेऑफ में जगह बनाई। इंग्लिश सीमर के मददगार पिच पर शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन ने स्ट्राइकर्स को सिर्फ 83 रन पर समेट दिया, जिसे स्टार्स ने कप्तान मार्कस स्टोइनिस को देर से लगी चोट के बावजूद 29 गेंदें शेष रहते हासिल कर लिया, जिससे टी20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के लिए चिंताएं बढ़ेंगी। स्टोइनिस के टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला करने के बाद, स्टार्स के गेंदबाजों ने एमसीजी की पिच का शानदार फायदा उठाया और स्ट्राइकर्स को शुरू से ही मुश्किल में डाल दिया।

# लक्ष्य सेन ने आयुष शेट्टी के खिलाफ ऑल-इंडियन मुकाबले में जीत हासिल की

नयी दिल्ली (वार्ता)।

पूर्व चैंपियन लक्ष्य सेन, सैयद मोदी इंटरनेशनल की विजेता ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने अपने योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2026 अभियान की शानदार शुरुआत की, जबकि चीनी ताइपे के पुरुष चौथे सीड चाउ टिएन चेन, जापान के सातवें सीड कोडाई नारोका और फ्रांस के छठे सीड एलेक्स लैनियर मंगलवार को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित वर्ल्ड टूर सुपर 750 टूर्नामेंट के पहले दिन बाहर हो गए। सेन को अपने एकेडमी-साथी शेट्टी को 21-12, 21-15 से हराने में सिर्फ 36 मिनट लगे, जबकि ट्रीसा और गायत्री ने इंदिरा गांधी मल्टी-पर्पस इंडोर स्टेडियम में थाईलैंड की ओर्निचा जोंगसथापॉर्नपर्न और सुकिता सुवाचाई को 21-15, 21-11 से हराया। इससे पहले, कनाडा के ब्रायन यांग ने चाउ को 21-19, 21-11 से हराया, चीनी ताइपे के ची यू जेन ने लैनियर को 21-17, 21-19 से हराया और कोडाई नाराओका ने अपने हमवतन केंटा निशिमोटो के खिलाफ 6-21, 5-7 से पीछे रहने के बाद मैच छोड़ दिया। इस साल इंडिया ओपन 2026 एक बहुत बड़े स्टेडियम में होने के कारण, पहले दिन का फोकस सेन और शेट्टी के बीच ऑल-इंडियन मुकाबले पर था। 24 वर्षीय इंडियन ऑयल के कर्मचारी ने शुरू से ही तेजी दिखाई और पहले गेम में 7-1 की बढ़त बना ली, नेट पर दबदबा बनाया और अपने युवा प्रतिद्वंद्वी को जमने का मौका नहीं दिया। पहले गेम के आखिर में ही शेट्टी ने अपनी लय पकड़ी और लगातार छह अंक जीतकर स्कोर 6-17 से 12-17 कर दिया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। शेट्टी ने दूसरे गेम में अच्छी शुरुआत की और 5-1 की बढ़त बना ली, इस बार सेन साइड-वे ड्रिफ्ट के कारण अपने स्ट्रोक्स को कंट्रोल करने में संघर्ष कर रहे थे।



## विंटर स्विमिंग चैंपियनशिप का आयोजन 17-18 जनवरी को

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** दो दिवसीय स्टेयर्स विंटर स्विमिंग चैंपियनशिप का आयोजन 17 से 18 जनवरी तक स्पोर्ट्स स्कूल सिविल लाइन लुडलो कैटल नई दिल्ली पर किया जाएगा। स्विमिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के उपाध्यक्ष व मेंटर राजकुमार के अनुसार चैंपियनशिप में ग्रुप एक से लेकर ग्रुप पांच तक के लड़के लड़कियां स्विमर भाग लेंगे। चैंपियनशिप में फ्री स्टाइल, बैक स्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक, बटरफ्लाई , आई एम मेडले तथा फ्री स्टाइल रिले स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नेशनल स्पोर्ट्स प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन का मुख्य उद्देश्य ग्रास रूट के स्विमर्स को बेहतरीन सुविधा और आगे बढ़ाना है। चैंपियनशिप स्विमिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के नियमों के तहत आयोजित की जाएगी।

## महाराष्ट्र सरकार का निवेश-व्यापार में सहयोग बढ़ाने के लिए इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स से करार

**मुंबई (वार्ता)।** इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) और महाराष्ट्र सरकार ने भारतीय व्यवसायों और महाराष्ट्र राज्य के बीच सहयोग बढ़ाने और परस्पर जुड़ाव को मजबूत करने के लिए मंगलवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये जिसके तहत निवेश सुविधा, कारोबार की आसानी और उद्योग-सरकार के बीच संवाद पर फोकस किया गया जायेगा। एमओयू पर महाराष्ट्र सरकार के प्रधान सचिव (उद्योग, निवेश और सेवाएं) पी. अनबलगन और आईसीसी के महानिदेशक डॉ. राजीव सिंह ने हस्ताक्षर किये। इस दौरान व्यापार जगत की कई प्रमुख हस्तियां भी मौजूद थीं। डॉ. अनबलगन ने कहा कि आईसीसी के साथ यह साझेदारी महाराष्ट्र के उद्योग और निवेशकों के साथ जुड़ाव को मजबूत करने में मददगार होगी। साथ ही एक सुविधाजनक और निवेशकों के अनुकूल महौल तैयार करने की राज्य की प्रतिबद्धता को भी मजबूत करेगी। डॉ. सिंह ने कहा कि यह करार प्रगतिशील राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम करने और सतत आर्थिक विकास का समर्थन करने के लिए नीति निर्माताओं और उद्योग के बीच एक पुल की तरह काम करने की आईसीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस समझौते का उद्देश्य महाराष्ट्र को एक पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में बढ़ावा देना और राज्य सरकार तथा भारतीय व्यापार समुदाय के बीच संस्थागत जुड़ाव को मजबूत करना है।

# शेयर बाजारों में गिरावट

## बैंकिंग और आईटी शेयर मजबूत

मुंबई (वार्ता)।

विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को एक बार फिर गिरावट देखी गयी हालांकि बैंकिंग और आईटी कंपनियों के शेयर ऊपर रहे। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 250.48 अंक (0.30 फीसदी) टूटकर 83,627.69 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 57.95 अंक यानी 0.22 प्रतिशत गिरकर 25,732.30 अंक पर रहा। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियलिटी, फार्मा, तेल एवं गैस, ऑटो और एफएमसीजी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में रहे। आईटी, बैंकिंग, मीडिया और रसायन समूहों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। मझौली कंपनियों के सूचकांकों में गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.30 प्रतिशत गिर गया। छोटी कंपनियों के स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.60 प्रतिशत चढ़ा। एनएसई में कुल 3,245 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,585 के शेयरों में तेजी और 1,539 में गिरावट रही। अन्य 121 कंपनियों के शेयर अंत में अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट का शेयर 3.39 फीसदी टूट गया। एलएंडटी में 3.25 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 2.14 और इंडिगो में 1.95 प्रतिशत की गिरावट रही। आईटीसी का शेयर 1.09 प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स का 1.05 प्रतिशत और बीईएल का 1.04 प्रतिशत टूटा। मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनीलिवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, सनफार्मा और टाटा स्टील के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। इटरनल का शेयर 3.24 फीसदी की बढ़त में बंद हुआ। टेक महिंद्रा में 1.74 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक में 1.66 प्रतिशत और भारतीय स्टेट बैंक में 1.32 प्रतिशत की तेजी रही। टीसीएस और बजाज फिनसर्व के शेयर भी हरे निशान में रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 3.10 फीसदी और हांगकांग का हैंगसेंग 0.90 फीसदी चढ़ा। चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.64 प्रतिशत की गिरावट देखी गयी। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.15 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.06 प्रतिशत नीचे था।



## टाटा ने पंच का नया अवतार पेश किया



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने मंगलवार को पंच का नया अवतार पेश किया जिसमें कई नये फीचर जोड़े गये हैं। माइक्रो-एसयूवी श्रेणी में पंच के नये फीचरों के साथ आने से मुकाबला और भी रोमांचक हो गया है। इस श्रेणी में वह हुंडई एक्सटर, सिट्रोएन सी3 और मारुति इग्निस को टक्कर दे रही है। टाटा ने पंच में नया टर्बो पेट्रोल इंजन, सीएनजी के साथ ऑटोमैटिक गियरबॉक्स, 10.25-इंच की बड़ी स्क्रीन, 360-डिग्री कैमरा और वेंटिलेटेड सीट्स जैसे फीचर्स शामिल किये हैं। पंच का सबसे बड़ा अपडेट इसका नया इंजन विकल्प है। अब इसमें टर्बो पेट्रोल का विकल्प भी जोड़ दिया गया है। इंजन पावर लोगों के लिए इसमें 120 पीएस का टर्बो इंजन लगाया गया है।

## रुपया छह पैसे लुढ़का

**मुंबई (वार्ता)।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया मंगलवार को 5.50 पैसे टूट गया और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 90.23 रुपये का बोला गया। भारतीय मुद्रा सोमवार को 0.50 पैसे की मामूली तेजी के साथ 90.1750 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपये में आज शुरू से ही गिरावट रही। यह सात पैसे गिरकर 90.2450 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और पूरे दिन सीमित दायरे में रहा। यह ऊपर 90.1825 रुपये और नीचे 90.3025 रुपये प्रति डॉलर तक गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों के भारतीय पूंजी बाजार में शुद्ध रूप से बिकवाल रहने और दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर में रही तेजी से रुपये पर दबाव देखा गया।

# कैट ने खुदरा व्यापारियों के लिए सस्ते ऋण, ई-कॉमर्स पर नियंत्रण की मांग की

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में खुदरा व्यापारियों के हितों का ध्यान रखते हुए उनके लिए सस्ते ऋण और ई-कॉमर्स की अनुचित प्रतिस्पर्धा सुरक्षा की मांग की। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक सीट से लोकसभा सांसद प्रवीन खंडेलवाल मंगलवार को बताया कि कैट ने वित्त मंत्री के समक्ष ऐसे सुझाव रखे हैं, जो व्यापार के लिए सम्मान, सरलता, सुरक्षा और समता से परिपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कारोबार की आसानी, लोकल के लिए वोकल, वैश्विक बाजार के लिए लोकल, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों से देश के व्यापारिक वातावरण को नयी दिशा दी है। अब आगामी बजट में इन पहलों को और मजबूत करने की जरूरत है। कैट ने छोटे व्यापारियों के लिए सिंगल विंडो अनुपालन तंत्र, अनावश्यक नोटिस और निरीक्षण पर रोक तथा व्यापारिक कानूनों से आपराधिक प्रकृति को हटाने में तीव्रता की मांग की है। उसने कहा है कि प्रत्येक जिले में अधिकारियों और व्यापारियों की संयुक्त समिति गठित करने का सुझाव दिया गया है जिससे व्यापारिक समस्याओं का समाधान जिला स्तर पर ही हो सके। श्री खंडेलवाल ने ई-कॉमर्स और क्विक-कॉमर्स में भारी छूट, बाजार पर कब्जा करने के उद्देश्य से बेहद कम मूल्य निर्धारण और विदेशी फंडिंग से होने वाली अनुचित प्रतिस्पर्धा पर तत्काल नियंत्रण की जरूरत पर जोर दिया ताकि छोटे खुदरा व्यापारियों के हित सुरक्षित रह सकें। कैट ने ईमानदार करदाता को प्रोत्साहन देने के लिए करदाता रेटिंग प्रणाली, कम छानबीन, रिफंड में तेजी और सस्ते ऋण की सुविधा देने की भी मांग की है। भाजपा सांसद ने कहा कि व्यापारिक समुदाय देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में यदि व्यापारियों को सम्मान, सुरक्षा, सरलता और समान अवसर मिलते हैं, तो भारत को पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था और विकसित भारत 2047 बनने से कोई नहीं रोक सकता।

# वित्तीय समावेशन बन रहा है देश में बदलाव का माध्यम : नागराजू

नयी दिल्ली (वार्ता)।

केंद्रीय वित्त मंत्रालय में वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम नागराजू ने प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) को देश के आर्थिक सामाजिक इतिहास की सबसे परिवर्तनकारी पहलों में एक बताते हुए आज कहा कि इससे एक वित्तीय समावेशन क्रांति उत्पन्न हुई है जो लोगों की जिंदगी में बदलाव ला रही है। श्री नागराजू ने यहां वित्तीय सेवा विभाग के तत्वावधान में वित्तीय समावेशन पर आयोजित दो दिवसीय वैश्विक सम्मेलन-ग्लोबल इंक्लूसिव फाइनेंस समिट में कहा कि 28 अगस्त, 2014 को प्रधानमंत्री जन धन योजना का शुभारंभ भारत के (आर्थिक सामाजिक) इतिहास की सबसे परिवर्तनकारी पहलों में एक है। इसस महत्वाकांक्षी वित्तीय समावेशन मुहिम ने सैकड़ों लाखों नागरिकों, खासकर महिलाओं और ग्रामीण आबादी के लिए आर्थिक परिदृश्य को मौलिक रूप से बदल दिया है।

उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत 53 करोड़ से अधिक जनधन बैंक खाते खोले गए हैं। जनधन खातों में 72 प्रतिशत ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के लोगों के हैं। इस योजना ने समाज में स्त्री-पुरुष विषमता को दूर करने में भी भूमिका निभायी है। उन्होंने कहा कि जन धन खातों में से 56 प्रतिशत महिलाओं के नाम हैं जिससे बैंक खाता स्वामित्व में स्त्री पुरुष के बीच अंतर प्रभावी रूप से समाप्त हो गया है। वित्तीय सेवा सचिव ने कहा , संख्या के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में जो बड़ा बदलाव यह आया है कि महिलाओं ने वास्तव में खुद को परिवार के आर्थिक विकास में समान हितधारक के रूप में देखना शुरू कर दिया है।....इसने महिलाओं को बहुत सशक्त बनाया है।

श्री नागराजू ने बताया कि इस समय पीएमजेडीवाई खातों में जमा राशि बढ़कर 2.29 लाख करोड़ रुपये हो गई है। उन्होंने इसे सबसे बड़ा वित्तीय समावेशन बताया। इस कार्यक्रम में जमीनी स्तर पर काम कर रहे छह लाख बैंकिंग प्रतिनिधि (कॉरस्पॉडेंट) जुड़े हैं। उन्होंने डिजिटल लेनदेन में भारत की अग्रणी स्थिति का भी उल्लेख किया। दुनिया में हो रहे कुल रियल-टाइम भुगतान का आधा भारत करता है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) से अरबों की संख्या में भुगतान हो रहे हैं। इस डिजिटल बुनियादी ढांचे का लाभ उठाकर पहले से वंचित आबादी तक कर्जऔर बीमा सुविधाओं का विस्तार किया गया है।



उन्होंने बताया कि सूक्षम उद्यमियों, शिल्पियों और कारोबार के लिए अलग अलग आकार की कर्ज सहायता की योजना-मुद्रा ऋण योजना के तहत, अप्रैल 2015 से अब तक लगभग 38 लाख करोड़ रुपये के कुल 56.32 करोड़ से अधिक ऋण स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें से 67 प्रतिशत महिला उद्यमियों को दिए गए हैं। श्री नागराजू ने कहा कि इन उपलब्धियों के बावजूद कई ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें सुधार करने की जरूरत है। उन्होंने शुरुआती चरण में खोले गए खातों के केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) अद्यतन करने की , वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम को मजबूत करने और साइबर सुरक्षा उपायों को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

श्री नागराजू ने वित्तीय क्षेत्र के समक्ष भविष्य के लिए तीन-स्तंभों कार्ययोजना की रूपरेखा रखी। इसके तहत उन्होंने वित्तीय समावेशन से वित्तीय साक्षरता तथा ऋण प्राप्त करने में आसानी, जोखिम कवरेज और पेंशन प्रावधानों के माध्यम से वित्तीय सुरक्षा पैदा करने की आवश्यकता पर बल दिया । उन्होंने कहा, अगर इन तीनों चीज़ों को वित्तीय समावेशन एजेंडा में शामिल किया जाता है, तो देश ज़्यादा सुरक्षित, ज़्यादा मज़बूत और अगली सदी की ओर बढ़ने के लिए ज़्यादा आत्मविश्वासी होगा।

# ई-गवर्नेंस व्यवस्था प्रदेश में पेपरलेस कार्य प्रक्रिया, समय की बचत और पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले किया मंत्रीगण को संबोधित

भोपाल (स्वतंत्र मत)



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में ई-गवर्नेंस व्यवस्था को विस्तार देते हुए आज मंत्रि-परिषद की बैठक में टैबलेट लेकर पहुंचे। उल्लेखनीय है कि 6 जनवरी को हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर प्रदेश में ई-कैबिनेट की प्रक्रिया आरंभ करने के उद्देश्य से मंत्रीगण को टैबलेट उपलब्ध कराए गए थे। साथ ही मंत्रि-परिषद के समक्ष ई-टैबलेट एप्लीकेशन का प्रस्तुतिकरण हुआ था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि इस पहल से पेपरलेस कार्य प्रक्रिया अपनाने, समय की बचत और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

### 91 योजनाओं/सेवाओं का पात्र व्यक्तियों को मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में कहा कि संकल्प से समाधान अभियान 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस से प्रारंभ किया गया है। यह अभियान चार चरणों में 31 मार्च तक चलेगा। इस अभियान में शासन की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिया जाएगा। इसमें 16 विभागों की 91 योजनाएं/सेवाएं शामिल है। यह नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र दोनों में साथ-साथ चलेगा। प्रथम चरण में 12 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक आवेदन प्राप्त करने की कार्यवाही होगी। द्वितीय चरण में 16 फरवरी से 16 मार्च तक प्रथम चरण में प्राप्त आवेदन/शेष आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए शिविरों का आयोजन होगा। तृतीय चरण में 16 मार्च से 26 मार्च 2026 तक ब्लॉक स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें अनिराकृत शेष आवेदन और शिकायतों का निराकरण होगा। चतुर्थ चरण 26 मार्च से 31 मार्च 2026 तक चलेगा, जिसमें जिला स्तर पर शिविर आयोजित कर आवेदन एवं शिकायत का निराकरण होगा। जिला स्तर पर कलेक्टर एवं अनुभाग स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा इस अभियान को लीड किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी प्रभारी मंत्रियों को अपने-अपने प्रभार के जिलों में सतत् मॉनिटरिंग करनी है।

### स्वच्छ जल अभियान की सघन मॉनिटरिंग की जाए सुनिश्चित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि राज्य सरकार सभी को शुद्ध पेयजल देने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में स्वच्छ जल अभियान आरंभ किया जा रहा है, जो दो चरणों में संचालित होगा। प्रथम चरण 10 जनवरी से 28 फरवरी और द्वितीय चरण एक मार्च से 31 मार्च के मध्य संचालित होगा। आम नागरिकों की पेयजल समस्या के लिये हर मंगलवार को जल सुनवाई की भी व्यवस्था रखी गई है। अभियान के तहत समस्त जल शोधन यंत्र और पेयजल संग्रहण टंकियों की सफाई होगी, जिसकी निगरानी जीआईएस मैप आधारित एप से होगी। पेयजल संबंधी शिकायतों को 181 पर दर्ज करने की विशेष व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रीगण को अपने-अपने जिलों में इस अभियान की सघन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

### मकर संक्रांति का दिन शुभ परिवर्तन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मकर संक्रांति की अग्रिम मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि मकर संक्रांति वह शुभ समय है जब सूर्य देव उत्तरायण होते हैं और प्रकृति में नई ऊर्जा का संचार होता है। इस पावन अवसर पर 15 जनवरी को बाबई नर्मदापुरम से लाडली बहनों के खाते में जनवरी माह की 1500 रूपये की किश्त डाली जाएगी। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति का दिन शुभ परिवर्तन, आत्मबल और सकारात्मक सोच का प्रतीक माना जाता है। यह त्यौहार प्रदेशवासियों के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशियां लाये।

### सोमनाथ स्वाभिमान पर्व सनातन संस्कृति की निरंतरता का प्रतीक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 8 से 11 जनवरी 2026 तक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाने का आहवान किया था। महमूद गजनी द्वारा 1026 ई. में सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण किया गया था, इस घटना के 1000 साल पूरे हो रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा है कि यह उत्सव गौरव और सम्मान, गरिमा और ज्ञान, भव्यता और विरासत, अध्यात्म, सनातन, संस्कृति, निरंतरता और सामूहिक प्रयासों का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम मुस्कुरा रहे हैं। उज्जैन में श्री महाकाल महालोक और वाराणसी में बाबा विश्वनाथ की भव्यता से संसार आलोकित हो रहा है। सोमनाथ मंदिर 1000 वर्ष के उतार-चढ़ाव के बावजूद आज भी अपनी भव्यता और गौरव के साथ खड़ा है। यह यशस्वी प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में सोमनाथ को उसके वैभव में पुन: स्थापित करने के निरंतर सामूहिक प्रयासों का प्रतीक है।

### किसानों के हित में कार्य करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 10 जनवरी को भोपाल के जंबूरी मैदान में आयोजित विशाल किसान सम्मेलन में वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में ई-विकास, वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान प्रणाली (विकास पोर्टल) का शुभारंभ किया गया।

### मध्यप्रदेश आयेंगे गेंडे, जंगली भैंसे और किंग कोबरा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि जंगली भैंसे, गेंडे एवं किंग कोबरा मध्यप्रदेश आयेंगे। उन्होंने गुवाहाटी प्रवास के दौरान असम के मुख्यमंत्री श्री हिमंत बिस्वा सरमा के साथ वन्य जीवों के आदान-प्रदान को लेकर चर्चा की है। दोनों राज्यों के बीच में सहमति बनी कि असम से 50 जंगली भैंसे 3 समूहों में 3 साल में, गेंडे का जोड़ा और किंग कोबरा मध्यप्रदेश भेजे जायेंगे। गेंडे का जोड़ा भोपाल के वन विहार में रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इको-सिस्टम बन चुका है। मध्यप्रदेश में 6500 से अधिक रजिस्टर्ड स्टार्ट-अप संचालित हो रहे हैं। इनमें से 3100 से अधिक स्टार्ट-अप को महिलाएं लीड कर रही हैं। भोपाल में गत दिवस म.प्र. स्टार्टअप समिट 2026 आयोजित किया गया।

# मध्यप्रदेश पुलिस की अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही

## लगभग 02 करोड़ 17 लाख से अधिक के मादक पदार्थ एवं अन्य सामग्री जप्त




भोपाल (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश पुलिस प्रदेश भर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, खेती एवं वितरण के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही कर रही है। विगत पांच दिनों में विभिन्न जिलों की पुलिस ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए उल्लेखनीय सफलताएँ अर्जित की हैं। अब तक पुलिस ने 02 करोड़ 17 लाख रूपए से अधिक मूल्य के अवैध मादक पदार्थ, वाहन एवं उपकरण जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिले के रामपुरा पुलिस ने ग्राम डायली के दुर्गम पठारी एवं जंगली क्षेत्रों में ड्रोन तकनीक और सशक्त मुखबिर तंत्र के माध्यम से कार्रवाई कर अवैध गांजे की खेती का भंडाफोड़ करते हुए 11 क्विंटल 25 किलोग्राम गांजे के हरे पौधे जब्त किए। एक अन्य कार्यवाही में थाना रामपुरा पुलिस ने ग्राम करनीखेड़ा क्षेत्र में नाले के किनारे खेतों में उगाई गई अवैध गांजे की खेती से 03 क्विंटल 20 किलोग्राम हरे पौधे जब्त किए। इस प्रकार नीमच पुलिस ने दोनों कार्यवाहियों में 14 क्विंटल 45 किलोग्राम गांजे के हरे पौधे जप्त किए है। जब?त किए गए गांजे की अनुमानित कीमत 01 करोड़ 21 लाख रुपये आँकी गई है। इन सभी मामलों में भूमि स्वामियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है।

जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चल रही सतत कार्रवाई के तहत रतलाम पुलिस ने दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बड़ी सफलताएँ प्राप्त की हैं। थाना स्टेशन रोड पुलिस ने एक कार से डोडाचूरा परिवहन करते दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 14 बोरों में भरा कुल 2 क्विंटल 80 किलो अवैध डोडाचूरा एवं वाहन सहित कुल 50 लाख रुपये की संपत्ति जप्त की है। एक अन्य कार्यवाही में थाना आलोट पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन क्षेत्र में घेराबंदी कर तीन आरोपियों से दो ट्रॉली बैग व तीन हैंड बैग में भरा 56 किलो 700 ग्राम डोडाचूरा, तीन मोबाइल फोन सहित लगभग 1 लाख 63 हजार रुपये की सामग्री जप्त की है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने 51 लाख 63 हजार रूपए की संपत्ति जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। थाना तेजाजीनगर पुलिस ने ऑपरेशन ईगल क्लॉ के तहत अंतर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार कर 87 किलोग्राम डोडा चूरा एवं ट्रक जप्त किया है। जिसकी कीमत लगभग 35 लाख रुपये है। वहीं जोन-3 के थाना हीरानगर पुलिस ने ब्राउन शुगर की तस?करी करने वाले एक तस?कर को गिरफ्तार कर 1 लाख रूपए की 7.40 ग्राम ब्राउन शुगर जप्त की है।

# महाराजा अग्रसेन नगर आवासीय कॉलोनी के रनेह मार्ग तरफ का रास्ता खोलने सौंपा ज्ञापन

**हटा (स्वतंत्र मत)।** दमोह पन्ना मुख्य मार्ग पर स्थित महाराजा अग्रसेन नगर आवासीय कॉलोनी के निवासरत लोगों ने मंगलवार को एसडीएम राकेश सिंह मरकाम को एक ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि दमोह सिमरिया मार्ग के निर्माण में नगरीय क्षेत्र की फोर लाइन निर्माण के कारण अग्रसेन नगर का आवागमन अवरुद्ध हो गया है। रनेह मार्ग की ओर का निकास अतिक्रमण के कारण अवरुद्ध है। मार्ग निर्माण के कारण कॉलोनी के लोगों को आवागमन की समस्या हो गई है। बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी हो रही है। आवागमन के सुचारू रूप से चालू होने में समय लग सकता है ज्ञापन में मांग की गई है कि रनेह तरफ का रास्ता खुलवाया जाए। मार्ग में अवरोध बने अतिक्रमण को हटाया जाए ताकि कॉलोनी के लोगों को आवागमन की सुविधा मिल सके। ज्ञापन सौंपने वालों में महाराजा अग्रसेन नगर सोसायटी के सुरेंद्र अग्रवाल, आलोक श्रीवास्तव, संदीप दुबे, देवेंद्र राजपूत, छोटा फौजदार, जित्तू चौबे, मनु नेमा, सुरेश अग्रवाल पप्पी, सचिन सेन आदि अनेक लोग उपस्थित रहे। एसडीएम राकेश मरकाम ने जल्द ही समस्या समाधान का आश्वासन दिया।

# ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की सेक्टर स्तरीय बैठक प्रशिक्षण संपन्न



## संस्था द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र अभियान अंतर्गत ग्रामों में चौपाल आयोजित की जाएगी

पथरिया (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला दमोह के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति, बांसाकलां द्वारा पथरिया विकासखंड के किशुनगंज सेक्टर में संचालित ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की सेक्टर स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन ग्राम पंचायत भवन किशुनगंज में किया गया।

बैठक में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति किशुनगंज, जोरलता, सागोनी कलां, हिनौता घाट, बकेनी, बम्होरी चौथा, महूना, बोबई, सुहाव, बरखेड़ा जयसिंह, चिरौला सहित कुल 16 ग्रामों की समितियों के प्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रही। बैठक को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विवेक श्रीधर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आवाहन पर ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के अंतर्गत ग्राम विकास पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत ग्राम स्तर पर चौपाल, रैली, सामूहिक श्रमदान, परिवार संपर्क, पर्यावरण एवं जल संरक्षणए स्वदेशी व स्वावलंबन, जैविक कृषि एवं गौ संरक्षण, शिक्षा संपन्न व संस्कारवान समाज तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज जैसे विषयों पर निरंतर कार्य किए जाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विवेक श्रीधर, युवा सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मण सिंह, विकासखंड समन्वयक उमाशंकर उपाध्याय, संस्था अध्यक्ष एवं सेक्टर प्रभारी घनश्याम पटेल, सह सेक्टर प्रभारी बसंत पटेल, उपाध्यक्ष सेवक प्रजापति सहित ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधि मुकेश पांडे, सुमन गुप्ता, सुरेन्द्र कुमार खरे, हरिशंकर शुक्ला, उमा पटेल, प्रीति पटेल, शालकराम पटेल, शकर पटेल एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। संचालन सेक्टर प्रभारी घनश्याम पटेल द्वारा किया गया तथा अंत में सेवक प्रजापति ने आभार व्यक्त किया।

# जब अधर्म सीमा लांघता है सत्य दबाया जाता है तब भगवान मौन नहीं रहते वे अवतार लेते हैं और रक्षा करते हैं : रवि शास्त्री

दमोह (स्वतंत्र मत)

ग्राम अहरोरा बलारपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस में कथा व्यास रवि शास्त्री ने भगवान विष्णु के वराह अवतार की कथा को सुनाया जब पृथ्वी डूब गई और ब्रह्मांड ने वराह को देखा वह कोई साधारण समय नहीं था, चारों दिशाओं में भय था आकाश मौन था और ब्रह्मांड की श्वास जैसे थम सी गई थी, पाताल लोक में छिपा हुआ महादैत्य हिरण्याक्ष पृथ्वी को उठाकर अथाह समुद्र में डुबो चुका था, धरती जिस पर जीवन पलता है सभ्यता सांस लेती है अंधकार में कराह रही थी, देवता स्तब्ध थे ऋषि मौन थे और सृष्टि अपने रचयिता से सहायता की याचना कर रही थी तभी भगवान विष्णु के नेत्र खुलेक्षण भर में त्रैलोक्य कांप उठा भगवान विष्णु ने एक ऐसा रूप धारण किया जिसे आज भी शब्दों में बांधना कठिन है एक दिव्य गर्जना के साथ वराह अवतार प्रकट हुआ उनकी ऊँचाई लगभग पचहत्तर हजार किलोमीटर इतनी विशाल कि सूर्य उनके कंधों के पास प्रतीत हो उनकी चौड़ाई लगभग चालीस हजार किलोमीटर जैसे पूरा आकाश उनके वक्ष में समा गया हो उनका शरीर पर्वतों से कठोर नेत्रों में करुणा और क्रोध का अद्भुत संगम और दाँत नहीं वज्र समान दिव्य ढाढ़, जिनमें ब्रह्मांड का भार उठाने की क्षमता थी जब वराह ने एक कदम बढ़ाया तो लोक-लोकांतर थर्रा उठे पाताल में युद्ध वराह अवतार सीधे पाताल में उतरे जहाँ अंधकार का साम्राज्य था और हिरण्याक्ष का अहंकार गूँज रहा था हिरण्याक्ष हसाआज स्वयं मृत्यु मेरे सामने आई है लेकिन उसे क्या पता था कि वह साक्षात धर्म से युद्ध करने जा रहा है युद्ध हज़ार वर्षों तक चला पाताल में लहरें उठतीं पर्वत टूटते और हर प्रहार के साथ अधर्म की नींव हिलती जाती अंततः भगवान वराह ने एक ही प्रचंड प्रहार में हिरण्याक्ष का अंत कर दिया. अहंकार चूर हो गया अधर्म ढह गया धरती का उद्धार अब सबसे कठिन कार्य शेष था अंधकारमय सागर में डूबी हुई पृथ्वी डरी हुई, काँपती हुई अपने रक्षक की प्रतीक्षा कर रही थी भगवान वराह ने अपने दिव्य ढाढ़ पर धरती को सावधानी से उठाया यह कोई क्षणिक कार्य नहीं था. एक हज़ार वर्षों तक भगवान वराह पृथ्वी को अपने दाढ़ पर उठाए रहे न थके न रुके न डगमगाए उनके रोम-रोम से त्याग तप और कर्तव्य टपक रहा था और धरती पहली बार सुरक्षित महसूस कर रही थी सृष्टि का पुनर्स्थापन धीरे-धीरे भगवान वराह ने पृथ्वी को उसके सही स्थान पर स्थापित किया नदियाँ फ़िर बहने लगीं। वन फ़िर हरे हो गए जीवन ने फिर सांस ली। देवताओं ने पुष्पवर्षा की ऋषियों ने वेदघोष कियाऔर ब्रह्मांड ने जाना जब-जब सृष्टि डूबेगी तब-तब विष्णु अवतार लेंगे आज के लिए संदेश वराह अवतार केवल एक कथा नहीं है जब अधर्म सीमा लांघता है जब सत्य दबाया जाता हैजब पृथ्वी कराहती है तब ईश्वर मौन नहीं रहते वे अवतार लेते हैं वे भार उठाते हैं और वे रक्षा करते हैं कथा के मुख्य श्रोता यजमान हरिराम कुशवाहा कुंदन कुशवाहा तेजराम कुशवाहा बेनीलाल कुशवाहा रघुवर कुशवाहा डिल्ली कुशवाहा महेश कुशवाहा श्रीमती गेंदारानी कुशवाहा, श्रीमती शीलरानी कुशवाहा गनपत बर्मन, फुल्ली बर्मन द्वारका बर्मन खलकन बर्मन सहित समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

### स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन 23 तक

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के तत्वाधान में 12 से 23 जनवरी तक स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। अत: इसी कार्यक्रम के संदर्भ में शासकीय पीजी कॉलेज में स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक डॉ हरिओम दुबे ने स्वदेशी का विषय रखा जिला सह-संयोजिका डॉ प्रिया श्रीवास्तव ने सभी को युवा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए स्वदेशी संकल्प करवाया एवं स्वदेशी अपनाने का आग्रह किया। महिला एवं प्रमुख डॉ मोनिका पालीवाल ने सभी युवाओं को अपने लक्ष्य तथा फिटनेस के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र)**

N.I.T.NO/PWD/16/PRO NO 751 — Dated 13/1/2026

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविद की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_475586_1 14/1/2026 | ठक्करग्राम वार्ड अंतर्गत मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान में गेट नं. 2 के सामने से अलीम शाह तक टीन शेड लगाये जाने का कार्य। (पार्षद वार्ड डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड के पार्षद अनुशंसा मद से) | 4 माह 5.99 लाख | 2000/- 5997/- | 2/2/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री,(लोककर्म) नगर निगम जबलपुर


# स्कूलों के सभी निर्माण कार्य समय-सीमा में हों पूरे : सिंह

## गुणवत्ता और पारदर्शिता के लिए स्कूल शिक्षा विभाग में स्थापित करें टेक्निकल विंग

भोपाल (स्वतंत्र मत)



स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने मंत्रालय में स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी वर्किंग एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में अनिवार्य रूप से पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि यदि कोई एजेंसी तय टाइमलाइन में कार्य पूर्ण नहीं करती है, तो उसके विरुद्ध निर्माण अनुबंध की शर्तों के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।। बैठक में मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग बोर्ड, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, पीआईयू, आईडीए, बीडीए, यूडीए और भवन विकास निगम सहित विभिन्न वर्किंग एजेंसियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। मंत्री श्री सिंह ने निर्देश दिए कि मासिक आधार पर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाए तथा स्टेप-बाय-स्टेप और मंथ-बाय-मंथ लक्ष्य तय कर निर्माण कार्य पूरे किए जाएं। मंत्री ने कहा कि प्रत्येक एजेंसी अपनी कार्ययोजना स्पष्ट रूप से विभाग को उपलब्ध कराए। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए मंत्री श्री सिंह ने स्कूल शिक्षा विभाग में एक तकनीकी विंग गठित करने के निर्देश दिए। यह तकनीकी विंग विभागीय जांच दल के रूप में कार्य करेगा और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं मानकों की नियमित जांच करेगा। उन्होंने कहा कि चेक एंड बैलेंस का मजबूत सिस्टम विकसित किया जाना आवश्यक है, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। मंत्री श्री सिंह ने सभी वर्किंग एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन की रिपोर्ट अनिवार्य रूप से विभाग को प्रस्तुत करें, ताकि निर्माण कार्यों की निष्पक्ष और तकनीकी जांच सुनिश्चित हो सके। बैठक में सांदीपनि विद्यालयों से संबंधित प्रयोगशालाओं, अतिरिक्त कक्षों, खेल मैदानों एवं अन्य शैक्षणिक अधोसंरचना से जुड़े निर्माण कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सचिव स्कूल शिक्षा डॉ संजय गोयल एवं आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय श्रीमती शिल्पा गुप्ता भी उपस्थित रहीं।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं मोहम्मद अयुब पिता मोहम्मद शफी निवासी म.न. 712 साउथ सिविल लाइन जबलपुर म.प्र. शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि 1. यह कि, मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूँ । 2. यह कि, मैं मोहम्मद अयुब एम. ई. एस नं. 422572 हेड क्वार्टर चीफ इंजीनियर जोन जबलपुर में असिटेंट इंजीनियर के पद में कार्यरत् हूं। 3. यह कि मेरे ज्वानिंग लेटर (नियुक्ति पत्र) में तथा अन्य कार्यालयीन दस्तावेजों में मेरा नाम MOHAMMAD AYUB लिखा है। 4. यह कि मेरी हायर सेकेण्डरी की अंकसूची में मेरा नाम MOHD AYUB लिखा है चूंकि मेरे पेंशन के पेपर में अंकसूची के अनुसार मेरे नाम में संशोधन किया जावे। 5. यह कि MOHAMMAD AYUB के स्थान पर MOHD AYUB जो कि मेरी अंकसूची में दर्ज है जो सत्य व सही है। 6. यह कि, उपरोक्त आशय के संबंध में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है ।

**शपथकर्ता मोहम्मद अयुब**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भूखण्ड हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति श्रद्धा रघुवंशी पति श्री वीरेन्द्र सिंह रघुवंशी के द्वारा धनवंतरी नगर जबलपुर में भवन क्रमांक एम.आई.जी. एम.ए. 67 के हस्तांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान में उक्त भवन श्री जागीराम नौरिया पिता श्री रामसेवक नौरिया के नाम आवंटित है। श्री जागीराम नौरिया पिता श्री रामसेवक नौरिया के प्राप्त आवेदन एवं निर्धारित दस्तावेज / शपथ पत्रों के आधार पर उक्त भवन श्रीमति श्रद्धा रघुवंशी पति श्री वीरेन्द्र सिंह रघुवंशी के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जाना है। यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को उक्त भवन के हस्तांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नही होने पर न्यू आनंद नगर जबलपुर में भवन क्रमांक एम.आई.जी. एम. ए. 67 श्रीमति श्रद्धा रघुवंशी पति श्री वीरेन्द्र सिंह रघुवंशी के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / दावा मान्य नही होगा ।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 12/1/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अरविन्द कुमार यादव पिता श्री गुलाब चंद यादव ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद बैनर्जी के भवन क्रमांक 14/40 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000398569 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1034.5 व.फु. जिस पर निर्मित पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती शालिनी सोनी पति श्री एस.के.सोनी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

# हितकारिणी इंजीनियरिंग कॉलेज में मतदाता पहचान पत्र शिविर का सफल आयोजन

## बड़ी संख्या में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने लिया भाग

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने तथा युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हितकारिणी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में मतदाता पहचान पत्र बनवाने हेतु एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य उन विद्यार्थियों और कर्मचारियों को मतदाता सूची से जोड़ना था, जिनका नाम अभी तक दर्ज नहीं हो पाया था या जिनके मतदाता पहचान पत्र में सुधार की आवश्यकता थी।

शिविर का उद्देश्य अठारह वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके छात्रों का मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना था। इस दौरान नए मतदाता पहचान पत्र बनवाने, नाम जोड़ने, नाम व पता संशोधन, स्थानांतरण तथा त्रुटि सुधार जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने शिविर में उपस्थित होकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित की। संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाते हुए आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।

### शिविर में हुए कुल 50 पंजीकरण

इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ रिंकू कथूरिया ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक योग्य नागरिक का मतदाता के रूप में पंजीकृत होना अत्यंत आवश्यक है। युवा वर्ग देश का भविष्य है और उनका सक्रिय मतदान लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करता है। इस प्रकार के शिविर विद्यार्थियों को उनके संवैधानिक अधिकारों और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर के सफल आयोजन से कॉलेज परिसर में सकारात्मक वातावरण देखने को मिला तथा बड़ी संख्या में लाभार्थियों ने मतदाता पहचान पत्र से संबंधित सुविधाओं का लाभ उठाया। अंत में कॉलेज प्रशासन द्वारा आयोजन में सहयोग करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के नोडल अधिकारी प्रो. शिव्या पाराशर के निर्देशन में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर ऋचा कुररिया प्रो सरिता पटेल, प्रो प्रदीप खन्ना, प्रो राजा नामदेव, डॉ. अनितेषमा चिनपुरिया एवं छात्र समन्वयक विष्णु पटेल और विजय शंकर मिश्रा ने किया। कुल मिलाकर 50 पंजीकरण किए गए । इस अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक देवाशीष मुखर्जी और रजिस्ट्रार प्रो पूजा दुबे का मार्गदर्शन रहा।

# बीएमडी की छात्रा वंशिका पटेल ने सेपकटकरा खेल में जीता स्वर्ण पदक

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

बाबू मनमोहन दास हितकारिणी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीक्षितपुरा की छात्रा कुमारी वंशिका पटेल सेपकटकरा खेल में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर रही हैं। मदर टेरेसा नगर निवासी वंशिका मात्र 17 वर्ष की उम्र में पांच राष्ट्रीय खेलों का हिस्सा बन चुकी हैं। वर्ष 2017 से शुरू हुई उनकी खेल यात्रा आज जूनियर नेशनल तक पहुंच चुकी है। उन्होंने पंजाब में आयोजित हुई जूनियर नेशनल सेपक टकरा प्रतियोगिता में अपनी टीम का प्रतिनिधित्व किया और स्वर्ण पदक दिलाया। वंशिका की इस उपलब्धि पर बीएमडी शाला परिवार सहित हितकारिणी सभा के सभाषदों एवं सदस्यों ने बधाई देते हुये उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। कक्षा 11वीं में अध्ययनरत वंशिका सुबह पढ़ाई और शाम को अभ्यास करती हैं। वह रोजाना ऑटो से एमएलबी ग्राउंड तक अभ्यास के लिए जाती हैं। वंशिका कहती हैं कि जब लक्ष्य साफ हो, तो दूरी मायने नहीं रखती। वंशिका बताती हैं कि जब उन्होंने सेपक टकरा खेलना शुरू किया था, तब उनके आसपास के अधिकतर लोग इस खेल से अनजान थे। कुछ रिश्तेदारों और पड़ोसियों ने कहा कि यह तो हम जानते भी नहीं हैं, कोई दूसरा खेल खेलो। उस समय थोड़ा बुरा जरूर लगा, लेकिन मैंने तय कर लिया था कि चाहे जो हो, मैं इसी खेल में आगे बढ़ूंगी। वंशिका मानती हैं कि



शुरुआती दौर में सबसे बड़ी चुनौती लोगों की सोच और संसाधनों की कमी थी। अभ्यास के लिए सीमित सुविधाएं थीं, लेकिन जुनून असीमित था। धीरे-धीरे मेहनत रंग लाने लगी और वे जिलास्तर, राज्यस्तर करते हुए राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच गई।

### रोजाना 3 घंटे प्रैक्टिस

वंशिका करीब तीन घंटे प्रैक्टिस करती हैं वो कहती हैं कि कई बार शरीर थक जाता है, लेकिन मन नहीं थकता। उनके इस सफर में कोच प्रतीक केशरवानी और आशीष मिश्रा की भूमिका बेहद अहम रही है। वंशिका कहती हैं, मेरे कोच सिर्फ खेल नहीं सिखाते, बल्कि यह भी सिखाते हैं कि दबाव में खुद को कैसे संभालना है।



# कलेक्टर की जनसुनवाई में आए 109 आवेदन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में मंगलवार को अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 109 आवेदन दिये। जिसमें 81 नये आवेदन हैं तथा 28 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर पात्रता पर्ची, आधार कार्ड बनवाने, आंगनवाड़ी में भर्ती की जांच, अवैध कब्जा, नाली सफाई, नामांतरण, बंटवारा आदि से संबंधित आवेदन थे। जनसुनवाई के दौरान एसडीएम सहित अन्यर अधिकारी मौजूद रहे।

# रीवा-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन के बढ़ाए गए फेरे

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** यात्रियों की सुविधा और यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली रीवा-सीएसएमटी-रीवा के मध्य दिंनाक 16 जनवरी तक संचालित होने वाली साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन के फेरे दोनों दिशाओं में 07-07 ट्रिप बढाये गये है। अब यह स्पेशल ट्रेन रीवा से प्रत्येक गुरूवार 26 फरवरी तक तथा छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से प्रत्येक शुक्रवार 27 फरवरी तक चलेगी। गाड़ी संख्या 02187 रीवा-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरूवार रीवा से दोपहर 15.50 बजे प्रस्थान कर और दूसरे दिन शुक्रवार दोपहर 12.20 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 02188 सीएसएमटी-रीवा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से दोपहर 13.30 बजे प्रस्थान कर और दूसरे दिन शनिवार सुबह 09.45 बजे रीवा पहुंचेगी। यह गाड़ी सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी, हरदा, खंडवा, भुसावल, मनमाड, नासिक, इगतपुरी, कल्याण, दादर स्टेशन पर रूकेगी।



# ड्रैगन की डोर बेचते हुए पकड़े गए 5 दुकानदार

## चायनीज़ मांजे के खिलाफ शहरभर में हुई कार्यवाही

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



मकर संक्राति पर्व से पहले पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्रों से प्रतिबंधित जानलेवा चाइनीज मांझा जब्त करते हुए 5 दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही की है। इस मामलें में लार्डगंज थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर उजारपुरवा स्थित राजा पतंग वाले के यहां दबिश देते हुए दुकानदार आरोपी सुनील साहू के कब्जे से 19 पेकेट चायनीज मांझा जब्त किया गया। पूछताछ करने पर कोतवाली स्थित अलीम पतंग दुकान वाले मोह. हिदायत से उक्त प्रतिबंधित चायनीज मांजा 7 हजार रूपये में खरीदना बताया। कोतवाली स्थित अलीम पतंग वाले की दुकान में दबिश दी गयी जहॉ मोह. हिदायत उम्र 50 वर्ष निवासी मोतीनाला बडी मदार टेकरी हनुमानताल का मिला जिसने पूछताछ करने पर उक्त चायनीज मांजा बेचना स्वीकार किया। इसी प्रकार माढ़ोताल थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह पवार ने बताया कि लमती रोड़ के पास काली मंदिर बजरंग नगर में दबिश दी गई जहां किराने की दुकान का संचालक चाईनीज मांझा की बिक्री करते हुये पाया गया। जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम रूप सिंह पटेल उम्र 55 वर्ष निवासी काली मंदिर बजरंग नगर बताया। जिसके कब्जे से चायनीज मांझा की 6 नग गिर्री एवं कागज में लिपटे 20 नग चायनीज मांझा के छोटे पैकेट जब्त किए गए। इसी प्रकार

गोरखपुर थाने की पुलिस ने छोटी लाईन फाटक के पास भाईजान इत्र वाले की दुकान से संचालक केसर रजा मसूरी के कब्जे से 150 नग चायनीज मांझा एवं 5 रोलर जब्त किए। इसी प्रकार गोहलपुर थाने की पुलिस ने अबुजर मस्जिद के पास गोहलपुर में किराना दुकान संचालक जमील अंसारी उम्र 47 वर्ष निवासी गाजीनगर के कब्जे से भारी मात्रा में चायनीज मांझा बरामद किया गया।

# घाटों पर तैनात रहेंगे अधिकारी, नौकाओं पर रहेगा प्रतिबंध

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार मकर सक्रांति के मद्देनजर आज और कल नर्मदा के घाटों पर शांतिए सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने कार्यपालिक दण्डाधिकारियों तैनात किया गया है। मकर सक्रांति पर सभी नर्मदा तटों पर शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था रखने की जिम्मेदारी अनुविभागीय दंडाधिकारी गोरखपुर अनुराग सिंह को सौंपी गई है। सभी कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को मकर सक्रांति पर आज और कल नियत समय एवं स्थान पर उपस्थित रहने के तथा किसी भी प्रकार की घटना की जानकारी तत्काल अपर जिला दंडाधिकारी एवं पुलिस कंट्रोल रूम को देने के निर्देश दिये गये हैं। इसी प्रकार जिला प्रशासन ने मकर संक्रांति पर आज और कल ग्वारीघाट, जिलहरीघाट, तिलवाराघाट, लम्हेटाघाट, भेड़ाघाट एवं सरस्वती घाट में नौका संचालन को पूर्णतः प्रतिबन्धित कर दिया है। अपर जिला दण्डाधिकारी जारी आदेश के अनुसार मकर संक्रांति पर स्नान और पूजा-अर्चना के लिये मां नर्मदा के घाटों पर बड़ी संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर नौका संचालन पर लगाये गये इस प्रतिबंध से केवल नर्मदा तट पर बसे गांवों के निवासियों के लिये नियमित रूप से संचालित की जा रही नौकाओं को छूट रहेगी।

# ना किराया मिला और ना ही ट्रैक्टर ठगी का शिकार हुए 75 किसान

## रिंग रोड निर्माण में लगवाए थे ट्रैक्टर

## किसानों ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



शहर में बनने वाली रिंग रोड में बड़ी-बड़ी मशीनों के साथ ट्रैक्टर भी किराए से लगाए जा रहे हैं। गोसलपुर, मंझौली, मझगवां, कुंडम गांव में रहने वाले सैकड़ों किसानों ने जबलपुर के एक शख्स को किराए पर ट्रैक्टर दे दिए। तीन माह तक जब किराया नहीं मिला तो किसान मौके पर पहुंचे, जहां पता चला कि जिस व्यक्ति को ट्रैक्टर दिए थे वह गायब हैं। इतना ही नहीं 75 किसानों के ट्रैक्टर भी गायब हैं। किसानों ने आसपास बहुत तलाश किया लेकिन ट्रैक्टर नहीं मिले तो गोसलपुर थाने पहुंचे। वहां पर भी सुनवाई नहीं हुई है, लिहाजा किसान मंगलवार को एसपी आफिस पहुंचे और पूरे घटना क्रम की जानकारी दी।

जानकारी अनुसार पौड़ी खुर्द गांव में रहने वाले किसान गुलाब राय ने बताया कि जबलपुर के रहने वाले दीपक गोस्वामी ने कुछ माह पहले गांव आकर किसानों से कहा कि पास ही रिंग रोड बन रही है। यहां किसान अपना ट्रैक्टर लगवाना चाहते हैं, तो चल सकते हैं। दीपक के कहने पर पौड़ी खुर्द, गोसलपुर, कुंडम गांव में रहने वाले किसानों ने करीब 100 से अधिक ट्रैक्टर रिंग रोड बनाने में लगा दिए।

### ट्रैक्टर देने से इनकार

कुछ दिनों तक दीपक लगातार किसानों के संपर्क में था। अचानक एक दिन उसका फोन बंद हो गया। किसान मौके पर पहुंचे तो पता चला कि दीपक के साथ-साथ 75 ट्रैक्टर गायब हैं। किसान गुलाब राय का कहना है कि एक साल पहले ही ट्रैक्टर बैंक से फाइनेंस करवाया था। सोचा था कि रिंग रोड के काम में अगर ट्रैक्टर लग जाएगा, तो उसकी किस्त निकाल आती। गुलाब राय ने बताया कि दीपक गोस्वामी का एक साथी भी है, जिसका नाम विमल पटेल है। वह भी ट्रैक्टर देने से इंकार कर रहा है, उसका कहना है कि हमारे पास ट्रैक्टर नहीं है।

### इन्होंने कहा

गुलाब राय की शिकायत पर गोसलपुर थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। किसानों का कहना है कि गोसलपुर के अलावा जिले के कई अन्य गांवों में भी ठगों ने किसानों के साथ ट्रैक्टर ठगी की है। पूछताछ में यह भी पता चला कि दीपक गोस्वामी की पूरी गैंग काम रही है। आरोपियों की तलाश जा रही है।

**सूर्यकांत शर्मा, एडीशनल एसपी**

### 25 हजार प्रतिमाह किराए पर हुई थी बात

गुलाब राय का कहना है कि आसपास के कई लोगों के ट्रैक्टर दीपक और विमल लेकर गए है। जहां पर रिंग रोड बन रही है, वहां पर भी पूछताछ की गई तो पता चला कि कई दिनों से दोनों नहीं आए हैं। जितने ट्रैक्टर काम पर लगे थे, सभी गायब हैं। दीपक और विमल ने 25 हजार रुपए प्रतिमाह में किराए पर लगाया था। गुलाब ने बताया कि इससे पहले दमोह के भी किसानों के साथ दोनों ने ठगी की थी।

# पमरे ने कमाया 572.57 करोड़ का ओरजिनेटिंग रेवन्यू

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पश्चिम मध्य रेल में जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों के माल यातायात से दिसम्बर माह में 572 करोड़ 57 लाख रूपये माल यातायात से ऑरिजनेटिंग राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की इसी माह में 489 करोड़ 01 लाख रूपये की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है तथा रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य 532 करोड़ 05 लाख रूपये ऑरिजनेटिंग रेवन्यू से लगभग 08 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार माल यातायात से दिसंबर माह में मण्डल वाइस बात करे तो जबलपुर मण्डल ने रूपये 398 करोड़ 35 लाख, भोपाल मण्डल ने 102 करोड़ 05 लाख एवं कोटा मण्डल ने रूपये 72 करोड़ 18 लाख का कुल ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है।

# नशे में धुत कर्मचारी ने की कुलगुरु से अभद्रता

## रादुविवि का मामला, एफआईआर दर्ज



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में मंगलवार को कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा से विश्वविद्यालय के कर्मचारी मनीष पाण्डेय (लिपिक) द्वारा मुख्य प्रशासनिक भवन के सामने स्थित उद्यान में शराब के नशे में धुत होकर अभद्रता करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि कर्मचारी ने इसके पूर्व मुख्य प्रशासनिक भवन के सामने उद्यान में भी कुछ देर तक हंगामा भी किया। इस मामले में कुलगुरु ने तत्काल कुलसचिव को मनीष पाण्डेय के इस कृत्य के लिए एफआईआर कराने के निर्देश दिए गए। जिसपर कुलसचिव ने सिविल लाइन थाने में कर्मचारी मनीष पाण्डेय के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई । बताया जा रहा है कि इससे पहले भी मनीष पाण्डेय द्वारा साल 2023 में विश्वविद्यालय के चौकीदारों से नशे में धुत होकर गाली-गलौज की गई थी। इसी प्रकार कार्यालय छात्र कल्याण अधिष्ठाता में भी डेढ़ वर्ष पूर्व राघवेन्द्र श्रीवास्तव से भी शराब के नशे में मारपीट करते हुए कपड़े फाड़ दिए गए थे, जिसकी जांच चल रही है।





**आवश्यकता है**

दैनिक स्वतंत्र मत समाचार पत्र के लिये रिपोर्टर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, लेखा सहायक तथा मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव की आवश्यकता है।

संपर्क करें

7000493884, 9589920250


हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**